इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती दीपावली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 251, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 27 अक्टूबर 2024

जिंदगी के हर अहम मोड़ पर साथ रहा डिओर : सोनम...15

आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा | सूर्योदय 05 : 30 | सूर्यास्त 06 :14

12 साल बाद घरेलू शृंखला हारी टीम इंडिया

- दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रनों से हराया
- 18 टेस्ट शृंखलाओं में जीत के बाद रुका भारत का विजय अभियान

पुणे, एजेंसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रनों से हरा इतिहास रच दिया है। इस मैच के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है और भारत में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का कारनामा किया है। इसी के साथ भारत को अपने घर में 12 साल बाद टेस्ट सीरीज में हार मिली है। न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रन से हराया।

न्यूजीलैंड से पहले इंग्लैंड ने साल 2012 में भारत को उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराया था। तब से टीम इंडिया अपने घर में लगातार जीत रही थी, लेकिन उसके विजय रथ को न्यूजीलैंड ने रोक दिया। भारतीय टीम अपने घर में लगातार 18 सीरीज जीती लेकिन अब उसका विजय रथ रुक गया है। भारत के पास इस मैच को जीतने के लिए ढाई दिन से ज्यादा का समय था। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 255 रनों पर ढेर हो गई।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। • एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई साक्षात्कार मामले में सात निलंबित

- दो डीएसपी, तीन एसआई, एक एएसआई भी शामिल

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस ने पुलिस हिरासत के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार लिए जाने के मामले में उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के दो अधिकारियों समेत सात कर्मियों को निलंबित कर दिया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) के नेतृत्व में राज्य पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पाया कि बिश्नोई का एक साक्षात्कार उस समय लिया गया था जब वह मोहाली के खरड़ में पंजाब पुलिस की हिरासत में था और दूसरा साक्षात्कार राजस्थान में लिया गया था। एसआईटी ने इन सातों कर्मियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का दोषी पाया, जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया। पंजाब के गृह सचिव द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, डीएसपी गुरशेर सिंह संधू, डीएसपी समर वनीत, उपनिरीक्षक रीना (सीआईए खरड़), उपनिरीक्षक जगतपाल जांगू, उपनिरीक्षक शगनजीत सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुख्तियार सिंह और हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश को निलंबित कर दिया गया है।

उत्तरकाशी में बवाल के बाद तीसरे दिन खुले बाजार, तीन गिरफ्तार

- धारा 163 के उल्लंघन का आरोप तीनों बवाल करने वालों में भी शामिल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तरकाशी में पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद तीसरे दिन शनिवार को बाजार खुले। वहीं काली कमली धर्मशाला में बैठक व प्रेसवार्ता करने पर पुलिस ने तीन लोगों को धारा 163 का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये तीनों बवाल करने वालों में भी शामिल हैं।

शहर की एक मस्जिद हटाने को लेकर गुरुवार को खासा विवाद हुआ था। इस मुद्दे को लेकर एक धार्मिक संगठन ने जनाक्रोश रैली का आयोजन किया था। जिसे पुलिस-प्रशासन ने हल्के में लिया रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल किया था। पथराव, लाठीचार्ज के के चलते खूब हंगाम हुआ। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को नामजद करते हुए 200 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बवाल के बाद तीसरे दिन उत्तरकाशी व आसपास के बाजार खुले।

इधर, काली कमली धर्मशाला में जनाक्रोश रैली निकालने वाले धार्मिक संगठन के तीन पदाधिकारियों जितेंद्र सिंह, सोनू नेगी व सूरज डबराल ने शनिवार को बैठक कर प्रेस वार्ता आयोजित की थी। पुलिस ने इसे धारा 163 के उल्लंघन का मामला मानते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों लोग बवाल के मामले में दर्ज मुकदमे में भी नामजद हैं।

उत्तरकाशी में पुलिस की गाड़ी में बैठा पकड़ा गया आरोपी। • अमृत विचार

एक नजर

लोक गायिका शारदा सिन्हा एम्स में भर्ती

पटना। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। एम्स सूत्रों ने बताया कि फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। हालांकि, शनिवार सुबह उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। शारदा सिन्हा (72) बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गायिका हैं। उन्होंने 1980 में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वे मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। संगीत में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।

26 नवंबर को संसद का विशेष संयुक्त सत्र

नई दिल्ली। भारतीय संविधान को अंगीकार करने की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद का विशेष संयुक्त सत्र बुलाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हो सकती है जहां पर 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ था। पूर्व में हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था।

अगड़ा-पिछड़ा और जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे : होसबोले

संघ के सरकार्यवाह बोले-अपने को बचाए रखने और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता जरूरी

मथुरा, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को कहा कि यह सही ही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) अगड़ा-पिछड़ा, जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। वह यहां दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आयोजित संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की द्विदिवसीय बैठक के समापन पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल में दिए गए बयान बंटेंगे तो कटेंगे के संदर्भ में होसबोले ने कहा कि हिंदू समाज एकता से नहीं रहेगा तो आजकल की भाषा में 'बंटेंगे तो कटेंगे' हो सकता है। होसबोले ने कहा कि यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। सरकार्यवाह ने मंगलवार की शाम मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरसंघचालक से हुई वार्ता के विषयों पर कहा कि वह तो उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक के आयोजन पर औपचारिक रूप से स्वागत भाव से यहां पधारे थे।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे संबंधी बयान को आरएसएस का मिला समर्थन

वक्फ अधिनियम को ठीक करना ही पड़ेगा

होसबोले ने संसद में वक्फ के संबंध में लाए गए प्रस्ताव से जुड़े सवालों पर कहा कि संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) इन दिनों सभी धर्मों और वर्गों के विचार सुन रही है। पूर्व में बनाए गए वक्फ अधिनियम में 2013 में कुछ इस प्रकार के संशोधन किए गए थे जिससे उसे भारत के अंदर एक स्वतंत्र इकाई बना दिया गया था। जिलाधिकारी या कोई अन्य सक्षम अधिकारी भी उस मामले में कुछ हस्तक्षेप नहीं कर सकता था। यह सब एक विशेष साजिश के तहत योजनानुसार करने का प्रयत्न हुआ था, उनको ठीक करना ही पड़ेगा। कहा कि केवल हिन्दू ही विरोध में नहीं हैं, मुस्लिम वर्ग के भी बहुत से लोग जेपीसी के समक्ष अपनी समस्याएं रख चुके हैं।

मुहब्बत की दुकान वाले तो हमसे मिलना नहीं चाहते

लोकसभा चुनाव के समय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के संघ से खींचतान जैसे कथित वक्तव्य के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उनका जवाब था कि हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी भाजपा तो क्या, अन्य किसी भी दल से कोई खींचातान नहीं है। हम तो सभी से मिलते हैं। किसी से हम भेदभाव नहीं करते। उन्होंने कहा कि हमें नफरत क्यों करनी? उल्टा, मेरा कहना है कि जो नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान चलाना चाहते हैं, वे तो हमसे मिलना ही नहीं चाहते।

25 दिन बाद इजराइल ने लिया बदला

ईरान के सैन्य अड्डों और मिसाइल फैक्ट्रियों पर किए ताबड़तोड़ हमले

- लड़ाकू विमानों ने साधा लक्ष्य ईरान की राजधानी तेहरान में गूंजे धमाके

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान पर हवाई हमले किए। उसने ईरान द्वारा इस महीने की शुरुआत (करीब 25 दिन पहले) में इजराइल पर दागे गए बैलिस्टिक मिसाइलों के जवाब में उसके सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसके विमानों ने उन केंद्रों को निशाना बनाया, जिनका इस्तेमाल ईरान इजराइल पर दागी गई मिसाइल बनाने के लिए करता था। उसने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर भी निशाना साधा। विस्फोटों की आवाज ईरान की राजधानी तेहरान में भी सुनी गईं, ईरान ने कहा कि इन हमलों से केवल सीमित क्षति हुई है। इन हमलों ने दोनों कट्टर शत्रुओं के बीच पूर्ण युद्ध का खतरा बढ़ा दिया है।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने एक वीडियो बयान में कहा कि ईरान ने इजराइल पर दो बार हमला किया, जिनमें उन स्थानों पर किया हमला भी शामिल है, जिनसे आम नागरिकों को खतरा था और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। इजराइल के घंटों चले हमले तेहरान में सूर्योदय से कुछ देर पहले ही समाप्त हुए। शुरुआत में माना जा रहा था कि ईरान के एक अक्टूबर के हमले के जवाब में इजराइल उसके परमाणु केंद्रों और तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है, लेकिन अक्टूबर के मध्य में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बताया कि उसे इजराइल ने आश्वासन दिया है कि वह ऐसे केंद्रों पर हमला नहीं करेगा। इजराइल ने सीरिया पर भी मिसाइलें दागीं। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा कि देश के मध्य और दक्षिणी क्षेत्र में सैन्य ठिकानों पर मिसाइल दागी गईं।

हिसाब बराबर, अब सैन्य हमले बंद हों : अमेरिका

दुबई। अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए।

सिमगढ़ी उपडाकघर में 32 लाख का गबन, ग्रामीण डाकसेवक गिरफ्तार

- विभागीय जांच में हुई घोटाले की पुष्टि, डाकघर निरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचारः कांडा थाना अंतर्गत सिमगढ़ी उपडाकघर में विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया 32 लाख रुपये से अधिक के घोटाले की पुष्टि हुई है। बागेश्वर डाकघर निरीक्षक की ओर से दर्ज मुकदमे में पुलिस ने आरोपी ग्रामीण डाकसेवक सुरेंद्र सिंह पंचपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि सिमगढ़ी कमेड़ीदेवी में ग्रामीण डाकसेवक पर घोटाले के आरोप के बाद विभागीय स्तर पर जांच की गई थी। शनिवार को बागेश्वर डाकघर के निरीक्षक अनिल कुमार व्यास ने कांडा पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक कमेड़ीदेवी के पूर्व शाखा डाकपाल सुरेंद्र सिंह पंचपाल पुत्र गोवर्धन पंचपाल ने अपनी नियुक्ति के बाद से ही खाताधारकों के साथ धोखा किया तथा 59 खाता धारकों के 25 लाख 66 हजार 9 सौ 50 रुपये गबन कर लिए। साथ ही सिमगढ़ी डाकघर में रखे 7,1855 रुपये कम पाए गए। जांच में कुल 32 लाख अढ़सठ हजार आठ सौ पांच रुपये का गबन सामने आया है।

पुलिस ने सुरेंद्र सिंह पंचपाल को 409, 420, 467, 468 व 471 के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। विभागीय जांच के बाद आरोपी डाक सेवक को बीते दिनों निलंबित कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस गहराई से जांच कर रही है। यदि आवश्यकता होगी तो मामले की एसआईटी जांच भी कराई सकती है। आरोपी के पिछले रिकार्ड खंगालने के साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि उसके साथ कोई और तो शामिल नहीं है।

पीएएफएफ ने ली बारामूला आतंकी हमले की जिम्मेदारी

- आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का है हिस्सा, सैन्य वाहन पर हमले में तीन-चार आतंकवादी शामिल थे: पुलिस

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को कहा कि बारामूला जिले के बोटा पाथरी इलाके में सेना के वाहन पर हुए घातक हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद जैद ने बारामूला में कहा कि क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। हमले में शामिल हमलावरों का पता लगाने के लिए गुलमर्ग, बोटा पाथरी और आसपास के इलाकों के जंगलों में शनिवार को तलाशी अभियान जारी है। पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), जिसे सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद का एक हिस्सा मानती हैं, ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली है।

तलाशी अभियान के तहत सेना विशाल वन क्षेत्र को स्कैन करने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर का उपयोग कर रही है। पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने रात में तलाश अभियान रोक दिया था और सुबह होते ही इसे फिर से शुरू कर दिया गया। गुलमर्ग और बाबा रेशी जंगल के विशाल क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया जा रहा है। हमले की जगह से अब तक मिले साक्ष्यों से पता चलता है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे। सेना ने शुक्रवार को कहा था कि हमलावर पाकिस्तानी आतंकवादी थे और घात लगाकर हमला कश्मीर में शांति की दिशा में चल रही प्रगति बाधित करने के उद्देश्य से किया था।

नर्स के हाथ बांधे, मुंह में कपड़ा ठूंसकर किया सामूहिक दुष्कर्म

- घर से अस्पताल जाते समय जंगल की झाड़ियों में घसीट ले गए शोहदे

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

अमृत विचार : साइकिल से निजी अस्पताल जा रही 23 वर्षीय नर्स को शोहदे जंगल की झाड़ियों में घसीट ले गए। हाथ बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद बदहवास युवती रेलवे ट्रैक के पास पहुंची, जहां गैंगमैन ने उसके हाथ खोले और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। पीड़िता को गंभीर हालत में प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। पिता ने गैंगरेप का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

बरगढ़ थाना क्षेत्र की युवती घर से 10 किमी दूर एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। शनिवार को वह रोज की तरह सुबह करीब पौने नौ बजे साइकिल से अस्पताल के लिए निकली थी। साढ़े नौ बजे उन्हें सूचना मिली कि बेटी बदहवास हालत में रेलवे ट्रैक पर मिली है। पीड़िता ने बताया कि ड्यूटी पर जाते समय पीछा कर रहे युवक ने बाइक से रास्ता रोककर उसे साइकिल से गिरा दिया। इस बीच दो-तीन युवक और आ गए। उन्होंने दुपट्टे से हाथ बांध दिए और मुंह में उसका ही अंडरगार्मेंट ठूंस दिया। इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। एसओ बरगढ़ राकेश मौर्या ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवती की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि युवती के अनुसार वह बेहोश हो गई थी। उसके साथ क्या हुआ, पता नहीं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे। पुलिस टीमें बना दी गई हैं।

नकल रोकने को लगेंगे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

प्रदेश में चिह्नित किए गए यूपी बोर्ड के छह हजार स्कूलों में लगाए जाएंगे

- व्यय होंगे 25 करोड़ रुपये, लगेंगे सीसीटीवी, डीवीडी व अन्य उपकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 को फुलप्रूफ सुरक्षित बनाने के लिए यूपी बोर्ड अब आधुनिक तकनीक का उपयोग परीक्षा सेंटरों पर करेगा। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर सीसीटीवी और संबंधित इलेक्ट्रानिक उपकरणों एवं साफ्टवेयर की मदद ली जाएगी। व्यवस्था ऐसी बनाई जा रही है कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में अनधिकृत रूप से घुसते ही बोर्ड के मुख्यालय प्रयागराज और लखनऊ के कमांड कंट्रोल सेंटरों पर तैनात अधिकारियों के पास अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा।

इसके लिए 25 करोड़ रुपये खर्च कर 6,000 विद्यालयों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से लैस किया जाएगा। हालांकि, यूपी बोर्ड पहले भारी-भरकम खर्च को देखते हुए अपने प्रस्ताव पर पीछे हट रहा था। इलेक्ट्रानिक उपकरणों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रश्न पत्रों और कॉपियों की सुरक्षा में प्रतिवर्ष का यह व्यय बोर्ड को अधिक लग रहा था, लेकिन इसे लेकर कम खर्च में प्रस्ताव पर सहमति बन जाने के बाद अब इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी है। इसे लेकर जल्दी ही बैठक हो सकती है, जिसमें सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों में पहले से मौजूद सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, राउटर, ब्राडबैंड आदि की स्थिति और संख्या की जानकारी मांगी है। इसके बाद ही महानिदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है कि विद्यालयों में पहले से मौजूद इन उपकरणों का उपयोग किया जाए तो खर्च में कटौती हो सकती है। अब इसके लिए समिति का गठन किया जाएगा और दीपावली के बाद इसकी बैठक संभावित है।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में ढिलाई पर सैलरी रोकी

ब्यूरो, देहरादून। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जनशिकायतों का समय से निस्तारण नहीं होने पर पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने एसडीएम कोटद्वार, डीपीआरओ, डीएफओ लैंसडाउन और चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन) की दीवाली से पहले सैलरी रोकने के निर्देश दिए हैं। वहीं, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग और ग्राम्य विकास विभाग समेत 21 विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी आशीष चौहान ने यह निर्देश दिए। खनन अधिकारी द्वारा खनन स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की 119 शिकायतें 36 दिन से अधिक समय बीतने के बाद भी दर्ज हैं। इसी कारण लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अब होटलों को बम की धमकी

- गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटलों को मिला ईमेल
- पुलिस की छानबीन के बाद फर्जी पाई गई धमकी

हैदराबाद, एजेंसी

गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल मिले। गुजरात के राजकोट के 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे मशहूर होटल शामिल हैं।

पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमों ने होटलों की जांच की। साइबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क और पाई वायसरॉय को बम की धमकी का ई-मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराकर बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है।

सूत्रों के मुताबिक तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था कि आईईडी बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरु फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के डीजीपी, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और आईएसआई का भी जिक्र है।

सोशल मीडिया मंचों से हटाएं गलत सूचनाएं

नई दिल्ली। विमानन कंपनियों को उनके विमानों को बम से उड़ाने की मिलने वाली फर्जी धमकियों की बढ़ती संख्या के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा है कि वे उचित सावधानी बरतें और निर्धारित कठोर समयसीमा 72 घंटे के भीतर गलत सूचना को तुरंत हटा दें। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि इस तरह की गलत सूचना को हटाने या उस तक पहुंच को बाधित करने के अलावा सोशल मीडिया मध्यस्थों का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस) के तहत अतिरिक्त दायित्व है कि वे अपने मंच के किसी भी उपयोगकर्ता की ओर से किए गए किसी भी अपराध की अनिवार्य रूप से शिकायत करें।

ऑल सेंट्स कॉलेज में छात्राओं ने एथलेटिक्स में दिखाया दम

कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का किया गया आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं

संवाददाता, नैनीताल

ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में विजेता टीम को शील्ड प्रदान करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। मीट का शुभारंभ टार्च जलाकर विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने किया। इसके उपरांत सभी सदनों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार को सलामी दी।

इसके बाद सभी छात्राओं ने स्प्रिंट, रीले, हईलस्, रस्सी कूद, मेडले व ऑबस्टेकल दौड़ आदि में अपनी धावक प्रतिभा का प्रदर्शन किया व सभी दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी। इन दौड़ों में पिछले सालों के कई रिकॉर्ड भी ध्वस्त हुए। इस दौरान वर्ष भर होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए भी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट एथलीट 'डी' वर्ग में अमानत कौर शोकर, को 'सी' वर्ग में हृदया चौधरी, को, 'बी' वर्ग में इप्सा जयसवाल को व 'ए' वर्ग में पूर्वी पोखरिया को दिया गया। दुआ स्पेशल अवार्ड से ताश्वी बंसल और ग्वेनेथ अमारा सनवाल को नावाज़ा गया। सभी विजयी धावकों को पुरुस्कार वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथी, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार ने सभी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं द्वारा किये गए सफल प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की। एथलेटिक मीट में डोरोथी किंग सदन ने 174 अंक प्राप्त किए और एथलेटिक शील्ड अपने नाम की। रॉबिंसन सदन व मिलमन सदन क्रमशः 122 व 108 अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान सचिन नेगी, लॉंग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी, सनवाल स्कूल की रीता सनवाल, करिश्मा सनवाल, वृंदावन पब्लिक स्कूल के आलोक साह, हसन रज़ा गीता साह सहित सभी छात्राओ के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिका गिल व सीमा ठुलघरिया ने किया।

क्विज में भारतीयम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चे रहे अव्वल

संवाददाता, भीमताल

- ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी हल्द्वानी में कुमाऊं भर के विद्यालयों के बीच हुई प्रतियोगिता

अमृत विचार : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी ने कुमाऊं भर के कक्षा 11 और 12 के छात्रों को एक साथ लाने वाली रोमांचक क्विज प्रतियोगिता ब्रेन वेव 2.0 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुमाऊं के सभी जिलों के विद्यालयों ने भाग लिया। प्रारंभिक दौर में लगभग 100 विद्यालयों ने भाग लिया था, जिसके बाद लगभग 50 विद्यालय अगले दौर के लिए कैंपस आए।

पूरे प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने योग्य था। कैंपस में इन विद्यालयों के बीच पहले दो राउंड्स में लिखित प्रतियोगिता हुई। इनमें सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, विज्ञान, गणित, इतिहास और अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इन दो राउंड्स के बाद अंतिम राउंड के लिए 8 टीमों का चयन किया गया और उन्होंने एक गहन बज़र राउंड में भाग लिया। जहां हर टीम ने शानदार तरीके से अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। लगभग 2 घंटे सवाल और जवाबों के बीच चले फाइनल राउंड के बाद विजयी होकर भारतीयम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के देवांश प्रताप सिंह, निष्का तोमर ने 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। वहीं स्वास्त्यन विद्यालय के आयुष कार्की, अथर्व सिंह बिष्ट दूसरे स्थान पर रहे और 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। तीसरे स्थान पर बीयरशिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शुभम गहतोड़ी, वंश पांडे रहे और उन्होंने 15 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। वहीं चिल्ड्रंस एकेडमी स्कूल, हल्दूचौड़ के अभिनव पंत, मयंक ततरारी और कोलंबस पब्लिक स्कूल के नमन सिंह व सचिन सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार बिष्ट, डॉ. एमसी लोहनी, प्रो. अभिनव चंदेल, सुगंधा जोशी, डारेक्टर भीमताल कैंपस ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी कर्नल अनिल कुमार नायर, डॉ. पुरुषोत्तम पंतोला समेत शिक्षक मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

नैनीताल, अमृत विचार : त्यौहारी सीजन को देखते हुए शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नैनीताल में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने नैनीताल की दुकानों, रेस्टोरेंट व मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की और खाद्य सामग्रियों में मिलावट की जांच की। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ओर भीमताल, भवाली में अभियान चलाकर नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र मिठाई, खोया व अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल भरे। वहीं गंदगी पर एक रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि नैनीताल से इस बीच कुल 10 सेंपल भर लिए हैं। शनिवार को तीन सैम्पल भरे गए। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। बताया कि पंजाबी ढाबा रेस्टोरेंट में गंदगी होने पर चालानी कार्रवाई की गई है। जिसमें अधिकतम दो लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

सार-संक्षेप

खेल मैदान बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पूरन बृजवासी।

भीमताल : नगर पालिका में एसडीएम के जनता दरबार के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने भीमताल के वार्ड तीन और चार के लोगों की खेल मैदान बनाने की मांग को रखा। कहा कि कई बार क्षेत्रवासी खेल मैदान बनाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक युवा कल्याण विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की है। खेल मैदान को लेकर जमीन भी हस्तांतरित हो चुकी है। वार्ड ती एक ऐसा वार्ड है, जिसके अंतर्गत अभी तक कोई खेल संसाधन या खेलने का स्थान नहीं है। वहीं उन्होंने वार्ड चार में हर की पैड़ी के समीप महिला स्नानघर बनाने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने नगर अधिकारी को मांग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कपड़ा चोर के आतंक से लोग परेशान

कैमरे में कैद कपड़ा चोर।

भीमताल : नगर में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। इस बार चोर कपड़े चोरी कर ले जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद होने के बावजूद पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकामयाब रही है। पहली घटना क्षेत्र के प्रतिष्ठित कारोबारी के घर में हुई। यहां तड़के एक महिला सीढ़ी से दोमंजिला मकान में पहुंची और कपड़े चोरी कर चले गई। घर में लगे सीसीटीवी में महिला कैद हो गई। दूसरा मामला भरतपुर क्षेत्र का है। यहां रात में एक कपड़ा चोर व्यक्ति एक मकान के बाहर खड़ा सीसीटीवी में कैद हुआ। वह बड़ी आसानी से कपड़े चोरी कर चले गया। लगातार हो रही चोरी की घटना से व्यापारी व स्थानीय लोग सकते में हैं।

कोर्ट परिसर में गवाह को धमकाया, मुकदमा दर्ज

नैनीताल : जिला न्यायालय में विचाराधीन वाद मामले में गवाही देने के लिए पहुंचे एक गवाह को धमकी देना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। तल्लीताल थाने में व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार मुक्तेश्वर कन्याली निवासी रमेश चंद्र बीते दिनों एक मामले में जिला न्यायालय में अपनी गवाही के लिए आया हुआ था। वह जिला बार एसोसिएसन भवन के समीप खड़ा था कि इसी मामले संबंधित नवीन चन्द्र उसके पास आया और गाली गलौच करने लगा। उसने धमकी देते हुए गवाही न देने को कहा। यही नहीं केस वापस लेने के लिए भी धमकाते हुए पत्नी को अगवा करने की धमकी दी। वह दो लाख रुपये लेकर राजीनामा करने को कहा। रमेश का कहना है कि बाद में उसने फोन पर भी उसकी पत्नी को भी धमकाया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर बजून निवासी नवीन चंद्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 232, 351 व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

वाहन खराब होने से सड़क पर लगा जाम

नैनीताल : नैनीताल हल्द्वानी रोड में रूसी हनुमान मंदिर के समीप वाहन खराब होने से लम्बा जाम लगा रहा। जाम लगने से लोगों को एक घंटे तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे वायु सेना की एक कानबाई हल्द्वानी को जा रही थी। कानबाई रूसी हनुमान मंदिर के पास पहुंची थी जहां फोर्स का एक ट्रक खराब हो गया। सड़क में ट्रक खराब होने से रूसी से नैनीताल तक लम्बा जाम लग गया। जाम लगने से एक घण्टे तक वाहन सड़क पर रेंगते रहे। मात्र चार किलोमीटर के सफर में लोगों को एक घण्टा लगा। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि वायु सेना की कानबाई का एक ट्रक खराब हो गया था जिससे यातायात प्रभावित रहा।

नैंसी कॉलेज को एमएससी व बीएससी नर्सिंग की मान्यता

संवाददाता, हल्द्वानी

नैंसी कॉलेज में एक कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

नैंसी कॉलेज का भवन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट को एमएससी के लिए 15 सीट और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के लिए 40 सीट की मान्यता मिल गई है। ये मान्यता उत्तराखंड नर्सेज एंड मेड वाइव्ज काउंसिल स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय देहरादून और हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून ने प्रदान की है।

इससे कॉलेज प्रबंधन में खुशी की लहर है। यह कुमाऊं का पहला नर्सिंग कॉलेज है जो वर्ष 2007 से छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है। संचालन प्रबंधन आईपी सिंह व निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉलेज में कुमाऊं क्षेत्र से लगभग 80 प्रतिशत छात्राएं तथा 20 प्रतिशत छात्राएं देश के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

इसके लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से अध्यापक, अध्यापिकाएं नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल एक्टिविटी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट और इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेज भी चलाई जाती हैं। यह उत्तराखंड का एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जहां बच्चों को खेलने के लिए एस्ट्रोट्फ हॉकी एवं फुटबॉल मैदान, बॉलीबॉल, बास्केटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शूटिंग, आर्चरी, बिलियर्ड इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाती है। शाम को शिक्षकों के निर्देशन में पठन-पाठन की सुविधा प्रदान की जाती है। बताया कि कॉलेज लाइब्रेरी, लेक्चर रूम, लैब सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। यहां के क्लासरूम इंटरएक्टिव पैनल से जुड़े हैं। संस्थान पूर्ण रूप से छात्राओं के लिए सुरक्षित है। सिक्योरिटी की पूर्ण व्यवस्था है। एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग की छात्राओं को उत्तराखंड शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

छात्राओं का जेपी, अपोलो, मैक्स वेदांता जैसे जाने-माने अस्पतालों में शत-प्रतिशत प्रत्येक वर्ष प्लेसमेंट भी कराया जाता है।

फरार इनामी आरोपी बिहार से गिरफ्तार

- हत्या के मामले में चल रहा था काफी समय से फरार

संवाददाता, भीमताल

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

अमृत विचार : मुक्तेश्वर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर कामित जोशी ने बताया कि 17 दिसंबर 2022 को शोएब आलम पुत्र जाहिर मिया निवासी ग्राम पिपरा थाना दरपा जिला पूर्वी चंपारण बिहार ने संतु बैठा पुत्र जोखू बैठा के खिलाफ उसके भाई तबरेज आलम ग्राम कचियाकोट पट्टी तल्ला कांडा मुक्तेश्वर की हत्या कर भाग जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। अभियुक्त संतु पैठा 2 वर्षों से फरार चल रहा था, जिस पर इनाम घोषित था।

पुलिस ने अभियुक्त की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया। थानाध्यक्ष जोशी कांस्टेबल बृजेश नयाल व दिनेश नगरकोटी के साथ बिहार पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नैनीताल में चोरों ने उड़ाईं दो स्कूटी

नैनीताल : शहर में दो युवकों की स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व मल्लीताल चार्टन लॉज क्षेत्र में सड़क किनारे पार्क स्कूटी अचानक गायब हो गई। युवक की ओर से पूछताछ के बाद भी जब स्कूटी नहीं मिली तो उसने सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जिसमें एक युवक स्कूटी ले जाता नजर आ रहा है। वहीं तल्लीताल क्षेत्र में भी सड़क के किनारे पार्क स्कूटी भी गायब हो गई। दोनों युवकों की ओर से पुलिस को मौखिक शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल हरपाल सिंह व एसओ रमेश बोरा ने बताया कि शिकायत के बाद सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

पति पैरालाइज, बच्चों के सिर से उठा मां का साया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार ने महिला को मारी टक्कर
- परिवार में अकेली कमाने वाली थी, परिवार पर छाया संकट

अमृत विचार : भगवानपुर के पास आरती देवी (46 वर्ष) की मोटर साइकिल की टक्कर से मौत हो गई। जिससे उनके परिवार पर गंभीर संकट आ गया है।

आरती देवी अपने पति मलखान मौर्य और चार बच्चों का लालन-पालन करती थीं। वह लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा करके परिवार का खर्चा चला रही थी। मलखान मौर्य, जो खुद पैरालाइज हैं ने बताया कि आरती तीन घरों में काम करके घर की आर्थिक स्थिति को संभालती थीं। उनके चार बच्चों में दो लड़कियां हैं। एक बेटा कक्षा 10 और सबसे छोटा बेटा कक्षा 5 में है। परिवार मूल रूप से पीलीभीत के महमूदपुर फरीदपुर भोपटपुर का निवासी है। वर्तमान में भगवानपुर तल्ला मुखानी में किराए पर रह रहा है। शनिवार को आरती देवी एक फौजी के घर में काम करने जा रही थीं। तभी एक मोटर साइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पटवाडांगर रोड में पैच कार्य उखड़ने लगा

नैनीताल : नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर रोड में एक सप्ताह पूर्व हुआ आधा अधूरा पैच कार्य उखड़ने लगा है। अब सड़क में बिखरी रेता हादसों को दावत दी रही है।

बता दें कि नैनीताल के समीपवर्ती तीन किलोमीटर लंबी बल्दियाखान पटवाडांगर रोड में लोनिवि की ओर से एक सप्ताह पूर्व पैच कार्य कराया गया था। पैच कार्य को सप्ताह भर ही हुआ है लेकिन पैच कार्य में लगी सामग्री उखड़ने लगी है। जिससे रेता सड़क में फैल गई है। रेता सड़क में फैलने से दो पहिया सवारों का रपटने का भय बना हुआ है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया जाएगा। सड़क में बिखरी रेता हो हटाकर दोबारा पैच भरवाए जाएंगे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी के लिए विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जा लिया गया है को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ''जो है जहाँ है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है'' के आधार पर नीचे दी गयी तिथि में बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बकाये की वसूली के लिए नीचे दिये गये ऋणियों व जमानतकर्ताओं को सूचित किया गया। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (ईएमडी) विवरण निम्नलिखित है।

क्र. सं.	कर्जदार/जमानती/बंधककर्ता नाम व पता	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार	मांग सूचना की तिथि / बकाया धनराशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि
शाखा का नाम – ठंडी सड़क शाखा, हल्द्वानी शाखा प्रबन्धक – श्री शंकर दत्त कापड़ी मो0नं0 9663536072					
1.	1. **मैसर्स हिलवे वाईन,** काण्डपाल फ्लैट, शिवालिक विहार, फेज 1, शीशमहल, केनाल रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड–263139 2. श्री सतीश सिंह पालनी पुत्र श्री इन्दर सिंह पालनी (पार्टनर), नि0 विवेकानन्द पुरी, अल्मोड़ा, तहसील एवं जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड–263601 3. श्रीमती दीपा काण्डपाल पत्नी श्री हरीश चन्द्र काण्डपाल (पार्टनर), नि0 मटेला साल्ला रौतेला, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड–263601 4. श्री भुवन चन्द्र जोशी पुत्र तारा दत्त जोशी (पार्टनर), नि0 पीपल पोखरा नं. 02, फतेहपुर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड – 263139 5. ललित मोहन डालाकोटी पुत्र श्री कृष्णा डालाकोटी (पार्टनर), नि0 डहरिया, मुखानी, हल्द्वानी, मानपुर पश्चिम, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड–263139	बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि भूमिधारी वर्ग 1 क, पुराना खेत नं. 1456 मिन, एवं नया खेत नं. 960 ख (हिस्सा), ग्राम मुखानी तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल में स्थित है। क्षेत्रफल 5725.82 वर्ग फीट या 532.13 वर्ग मीटर। प्लॉट की सीमाऐं– पूरब में सड़क, पश्चिम में सड़क, उत्तर में त्रिभुवन डालाकोटी की भूमि, दक्षिण में यतेन्द्र डालाकोटी की भूमि। डीड का विवरण – सम्पत्ति उप निबन्धक हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड के कार्यालय में बही नं. 1, जिल्द नं. 2457, पेज नं. 151–170, क्रमांक 4301/2016 दिनांक 10.08.2016 को ललित मोहन डालाकोटी पुत्र श्री कृष्णा डालाकोटी के नाम पर दर्ज है।	सांकेतिक	21.06.2024 / रू. 2,58,49,951.42 दिनांक 20.06.2024 तक + उस पर ब्याज और अन्य व्यय	रू. 2,34,75,000/- / रू. 23,47,500/- / रू. 2,34,750/-

उपरोक्त संपत्तियों पर भार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है – ज्ञात नहीं

ई–नीलामी की तिथि और समय : 29.11.2024, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
बोली जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया नीचे दिए गए लिंक को देखें : https://www-unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property-aspx और www.unionbankofindia.co.in पर संपर्क करें। पंजीकरण और लॉगिन और बोली नियमों के लिए https://ebkray.in पर जाएं। इसे सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत उधारकर्ता/ओं और गारंटर/ओं को वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में भी माना जा सकता है।

क्षेत्रीय कार्यालय, पी.बी. कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, कुसुमखेड़ा चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड–263139

स्थान : हल्द्वानी, जिला नैनीताल दिनांक : 27.10.2024 प्राधिकृत अधिकारी

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Pro - Hem Joshi Mob. 9193033993

LEELA FURNISHING

हमारे यहाँ बैड शीट, बैड कवर, सोफा कवर, गद्दे, कुशन कवर, कम्बल, परदों का कपड़ा, सोफे का कपड़ा, ब्लाइंड, पी.वी.सी. फ्लोरिंग, कारपेट, फाइबर विन्डो, वॉल पेपर आदि का सामान उचित मूल्य पर मिलता है

पता - नवरूप प्लाजा, निकट फार्म ग्रिल रेस्टोरेन्ट, फतेहपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)

आज का मौसम

आसमान में ज्यादातर समय धूप खिली रहेगी।

32.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.21 | सूर्यास्त 17.30

एक नजर

ऊर्जा निगम के कर्मियों ने लगाया शोषण का आरोप

हल्द्वानी : उत्तराखंड ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन ने शनिवार को मुख्य अभियंता एसएस गर्ब्याल को ज्ञापन सौंपकर निविदा कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया। बताया कि उन्हें प्रतिमाह वेतन नहीं मिल पा रहा है। टीडीएस कंपनी की ओर से पीएफ और ईएसआईसी भी कम काटा जा रहा है। जान जोखिम में डालकर कर्मचारी हाईटेंशन लाइनों पर कार्य कर रहे हैं। ठेकेदार और फर्म की ओर से उनका बीमा न्यूनतम 25 लाख किया जाना चाहिए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से निविदा कर्मियों को परिचय पत्र देने और राज्य-केंद्र सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम वेतन देने की मांग की। ज्ञापन पत्र देने वालों में अध्यक्ष रविंद्र रावत, जिलाध्यक्ष जीवन सिंह कनवाल, महिपाल सिंह, ललित मोहन, नरेंद्र रावत, पवनेश सिंह राणा, सत्येंद्र सिंह, लीलाधर कुड़ाई, संतोष कुमार, सुरेश, संतोष कुमार शामिल रहे।

सिर पर लगा कैंटर का साइड मिरर, मौत

हल्द्वानी : सेना से सेवानिवृत्त सिपाही कैंटर की चपेट में आ गये। तेज रफ्तार कैंटर का साइड मिरर सिर पर लगने से उनकी मौत हो गई। मोटाहल्दू लालकुआं निवासी पूर्व सैनिक चंदन सिंह बिष्ट (59 वर्ष) 18 अक्टूबर को मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। उनके बेटे पुष्कर ने बताया कि पिता अपनी साइड़ से जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक कैंटर ने एक अन्य वाहन को पास देने के चक्कर में कैंटर किनारे की ओर किया। इसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर का ओआरवीएम (साइड व्यूह मिरर) पिता के सिर में लगा। टक्कर से वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें उपचार के लिए दिल्ली ले गए। आठ दिन बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाए, जहां उनकी मौत हो गई।

एमबीपीजी कॉलेज परिसर में पुलिस कर्मियों और छात्रों के बीच होती झड़प। ● अमृत विचार

उच्च शिक्षा निदेशालय में निदेशक से मिलने की मांग करते छात्र को समझाते अधिकारी। ● अमृत विचार

गेट कूदकर कॉलेज में घुसे छात्र, पुलिस ने अंग्रेजी विभाग में किया कैद

छात्रसंघ चुनाव टलने से नाराज छात्र नेताओं ने की एमबीपीजी कॉलेज का गेट तोड़ने की कोशिश, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छात्रसंघ चुनाव टलने से नाराज छात्र नेताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को एमबीपीजी कॉलेज बंद होने के बावजूद छात्र नेता बड़ी संख्या में कॉलेज पहुंच गए। गेट नहीं खुला तो उसे तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका और गेट कूद कर कॉलेज में दाखिल हो गए। पुलिस ने उन्हें अंग्रेजी विभाग के कक्ष में कैद कर दिया। डेढ़ घंटे बाद छात्र छूटे, लेकिन शाम तक कॉलेज के भीतर ही अपनी मांग पर अड़े रहे।

छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग पर अड़े छात्र नेता सुबह कॉलेज पहुंच गए। वह गेट खोलने की मांग कर रहे थे, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। जिसके बाद छात्र नेताओं ने कॉलेज के बाहर ही हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही छात्र नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। गेट न खुलने पर छात्र नेताओं ने कॉलेज गेट को तोड़ने की कोशिश की। फिर भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई तो छात्र नेता कॉलेज के गेट पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन रोक नहीं पाई। नाराज छात्र नेताओं के साथियों ने गेट पर ही शिक्षा मंत्री के पुतले को आग लगा दी और नारेबाजी करते हुए छात्र संघ चुनाव कराने की मांग करने लगे। इस बीच गेट के ऊपर चढ़े छात्र कॉलेज के भीतर कूद गए और हंगामा शुरू कर दिया। पीछे से पुलिस भी अंदर पहुंच गई, तो छात्र पकड़ से बचने के लिए इधर-इधर भागने लगे। इससे कॉलेज के भीतर मौजूद कर्मचारियों और एनसीसीसी कैडेट्स में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस की चेतावनी के बावजूद जब हंगामाई छात्र नहीं माने तो कोतवाल राजेश यादव मौके ने उन्हें अंग्रेजी विभाग के कक्ष में बंद कर दिया। हंगामा न करने की शर्त पर उन्हें कमरे से बाहर निकाला गया, लेकिन छात्र कॉलेज के बाहर जाने को राजी नहीं हुए। छात्र शाम तक कॉलेज के भीतर ही डेरा जमाए रहे। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र रौतेला ने बताया कि देर शाम तक छात्रनेता कॉलेज परिसर में ही बैठे थे। इस दौरान पुलिस भी तैनात रही। इधर, अभाविप उत्तराखंड के प्रांतीय मीडिया प्रमुख ने अपना बयान जारी करते हुए बताया कि उनका संगठन छात्रसंघ चुनाव कराने के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट जाएगा। कहा कि उनका संगठन छात्रसंघ चुनाव का समर्थन करते रहा है।

एमबीपीजी कॉलेज के मुख्य गेट के ऊपर चढ़े छात्र। ● अमृत विचार

रामनगर में शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आज से पूरी तरह बंद रहेगा कॉलेज

हल्द्वानी : रोस्टर के अनुसार अवकाश होने से एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार से शिक्षण कार्य बंद था, जबकि अन्य कार्मिक कॉलेज में पहुंचे थे। शिक्षण कार्य बंद होने के बावजूद छात्र नेताओं की अराजकता कम नहीं हो रही है। जिस पर रविवार से कॉलेज को पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया गया है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. कविता बिष्ट ने बताया कि छात्र नेताओं की अराजकता को देखते हुए रविवार से समस्त कार्मिकों की छुट्टी रहेगी और कॉलेज पूरी तरह बंद रहेगा।

उच्च शिक्षा निदेशालय में भी छात्रनेता ने किया हंगामा

हल्द्वानी : गौलापार स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय में भी एक छात्रनेता ने हंगामा किया। छात्रनेता उच्च शिक्षा निदेशक से मिलने की मांग कर रहा था, जिस पर पुलिस ने उसे रोक लिया। काफी देर हंगामा होने के बाद उसे निदेशक से मिलने की अनुमति मिली, जिस पर मामला शांत हुआ।

कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा

हल्द्वानी, अमृत विचार : कॉलेज में छात्र संघ चुनाव और अन्य मुद्दों के नाम पर अराजकता करने वालों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पुलिस ने ऐसे लोगों का डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। करीब एक दर्जन लोग चिह्नित भी किए जा चुके हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं, जिनका कॉलेज से कोई वास्ता ही नहीं है। करीब दो माह में छात्रों के नाम पर कई मामले सामने आये। लोगों ने कोतवाली घेरी, सड़क जाम कर हंगामा किया। कॉलेज में झगड़े छात्र संघ चुनाव की आहट के साथ ही शुरू हो गए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन सब मामलों से जुड़े लोगों की लिस्ट पुलिस ने तैयार करनी शुरू कर दी है। सुबूत के तौर पर पुराने मामलों के सीसीटीवी और मोबाइल वीडियो जुटाए जा रहे हैं। ताजा मामले में भी पुलिस कर्मियों को हर घटना की वीडियो रिकार्डिंग के निर्देश दिए गये हैं। ऐसे करीब सात नाम सामने आए हैं, जिन्हें कॉलेज छोड़े तो सालों हो गए। पुलिस ऐसे लोगों को पहले चेतावनी देगी और फिर अगर वह नहीं माने तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव न कराना सरकार की विफलता

रामनगर, अमृत विचार : शनिवार को रामनगर में महाविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कड़ाकोटी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में छात्रसंघ चुनाव न कराना सरकार की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार द्वारा 25 अक्टूबर तक प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की बात कही गई थी लेकिन अब सरकार किए गए वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से हर वर्ष छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान करने को लेकर प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है लेकिन सरकार अब छात्र हितों को ही कुचलकर छात्रों का शोषण कर रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि दीपावली के बाद सरकार ने छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की तो पूरे उत्तराखंड में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मयंक पपनै चेतन पंत, सुमित लोहनी, विजय दानी, शिवम बिष्ट, तालिब हंसें सोनू तिवारी, विकास मौजूद रहे।

आठवीं की छात्रा से दुष्कर्म में आरोपी युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

प्रकरण

- प्रेम के जाल में फंसाया किशोरी को, युवक के पास गई दिल्ली
- गर्भवती होने पर परिजनों को चला पता, मां ने दी तहरीर

अमृत विचार : प्यार के जाल में फंसा कर एक युवक ने कक्षा आठ की छात्रा से दुष्कर्म किया। मामला खुला और जब परिजनों ने विरोध किया तो छात्रा भाग कर प्रेमी के पास दिल्ली पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को किसी तरह दिल्ली से बुलाया तो पता लगा कि छात्रा दो माह के गर्भ से है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिपुर शिवदत्त बरेली रोड निवासी संजय पाल (20 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप टीपीनगर चौकी क्षेत्र में अपने रिश्तेदार की चिकन शॉप में काम करता था और यहीं रहता था। चिकन शॉप के पास ही कक्षा आठ में पढ़ने वाली 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार के साथ रहती है। बताया जाता है कि संजय की छात्रा से दोस्ती हो गई और प्यार के जाल में फंसा कर उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद ही दोस्ती का राज खुल गया। छात्रा की मां को पता लगा तो उसने बेटी का मोबाइल छीन लिया और सिम तोड़ कर फेंक दिया। साथ ही संजय के घर वालों को भी इसकी जानकारी दी। जिसके बाद घर वालों ने काम करने के लिए संजय को दिल्ली भेज दिया। इसके बाद छात्रा चोरी-छिपे अपने पिता के मोबाइल से लड़के से बात करती रही। जब मां को इसकी जानकारी हुई तो उसने छात्रा को डांटा। मां को शक हुआ तो वह छात्रा को चिकित्सक के पास ले गई। जहां पता लगा कि छात्रा के पेट में दो माह का गर्भ है। मां ने छात्रा से गर्भ गिराने के लिए कहा तो वह भाग कर प्रेमी के पास दिल्ली पहुंच गई।

जिसके बाद छात्रा की मां ने टीपीनगर पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने किसी तरह दोनों को दिल्ली से वापस बुलाया। यहां आते ही पुलिस ने संजय को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि छात्रा की मेडिकल जांच में उसके गर्भवती होने का पता लगा है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

टू वैल्यू का शोरूम सील 64 गाड़ियां ब्लैक लिस्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड परिवहन विभाग ने रामपुर रोड में पंचायत घर के पास स्थित टू वैल्यू के शोरूम को सील कर दिया है। शोरूम में बिना अनुमति के पुरानी गाड़ियों को खरीदा और बेचा जा रहा था।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बीके सिंह ने शनिवार को शोरूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शोरूम संचालक अपना लाइसेंस नहीं दिखा पाया। जिस पर एआरटीओ ने कार्रवाई करते हुए शोरूम को सील कर दिया। साथ ही शोरूम में रखीं 64 गाड़ियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया। एआरटीओ ने बताया कि पुरानी गाड़ियों को खरीदने व बेचने के लिए परिवहन विभाग की ओर से लाइसेंस जारी किया जाता है। जिसके बाद ही गाड़ियों की खरीद-फरोख्त की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान शोरूम स्वामी अपना लाइसेंस नहीं दिखा पाया। जिस पर शोरूम को सील कर दिया गया। बताया कि शोरूम संचालक को लाइसेंस बनवाने के लिए कहा गया है। लाइसेंस बनने के बाद ही शोरूम खोलने की अनुमति दी जाएगी।

इधर, परिवहन विभाग ने शनिवार को 125 ऑटो चालकों का सत्यापन किया। इस दौरान रूट नंबर तीन के 59 ऑटो चालक, रूट नंबर चार के 1, रूट नंबर पांच के 56, रूट नंबर छह के 4 और रूट नंबर 11 के 5 ऑटो चालकों का सत्यापन हुआ।

कवायद — तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा और प्रशासन के बीच बनी सहमति, गंगापुर में शिफ्ट होगा पीपल का पेड़

दीपावली के बाद शिफ्ट होगा कालूसिद्ध मंदिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे कालूसिद्ध मंदिर को शिफ्ट करने को लेकर शनिवार को प्रशासन और कालू सिद्ध मंदिर समिति के बीच सहमति बन गई है। पूरे विधि-विधान के साथ कालूसिद्ध मंदिर को मंदिर के बगल में खाली स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। जिसके बाद सड़क को 12 मीटर चौड़ा करने के साथ ही फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी चौराहे पर किया जाएगा।

शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी की अगुवाई में प्रशासनिक टीम और अखाड़ा अध्यक्ष महंत कालूगिरी महाराज की मंदिर को शिफ्ट किए जाने को लेकर तहसील सभागार में दूसरे चरण की बैठक हुई। बैठक में मंदिर को बगल में ही शिफ्ट किए जाने पर सभी ने सहमति दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि कालूसिद्ध मंदिर को बगल में ही शिफ्ट किया जाएगा और 12 मीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ ही फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी चौराहे पर होना है। मंदिर प्रांगण में स्थित पीपल के पेड़ को गंगापुर में शिफ्ट किया जाएगा। मंदिर की शिफ्टिंग का काम दीपावली के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

बैठक के बाद अधिकारियों व महंतों ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम पारितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा हल्द्वानी के अध्यक्ष महंत कालूगिरी महाराज ने बताया कि जनता की भलाई के लिए इसके लिए तैयार हैं। मंदिर को अपणु बाजार की खाली जमीन पर बनाये जाने की बात प्रशासन के अधिकारियों ने की है। मंदिर शिफ्ट करने के लिए सहमति दी है।

कालाढूंगी चौराहे पर स्थित कालूसिद्ध मंदिर। ● अमृत विचार

4.62 करोड़ रुपये से बनेगा फुट ओवरब्रिज

कालू सिद्ध तिराहे के चौड़ीकरण के साथ ही यहां पर फुटओवर ब्रिज भी बनाया जाएगा। लोनिवि इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर चुका है। इस पर करीब 4.62 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। इसे जिला अनुमोदन समिति से मंजूरी के बाद रोड से सेफ्टी मद के लिए भेजा गया है।

YTDO Tour & Travels आगामी भारत दर्शन यात्रायें
विगत 41 वर्षों से सुविधाजनक यात्राओं के क्षेत्र में उत्तराखण्ड का एकमात्र अनुभवी संगठन

16 दिवसीय दक्षिण भारत यात्रा
प्रथम टूर - 24 दिसंबर से 9 जनवरी 25 के मध्य
द्वितीय टूर - 4 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य
मुख्य आकर्षण : त्रिवेन्द्रम, कोचीन, कोवलम, कन्याकुमारी, रामेश्वरम धाम, मदुरई, मैसूर, तिरुपति बालाजी, मदास एवं महाबलिपुरम


16 दिवसीय द्वारिका पश्चिम भारत यात्रा
29 दिसंबर से 13 जनवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : उज्जैन महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर एवं सोमनाथ, बड़ौदा, श्री द्वारिकाधीश धाम, भेट द्वारिका, पोरबन्दर, उदयपुर, श्रीनाथद्वारा, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, पुष्कर तीर्थ एवं जयपुर

15 दिवसीय जगन्नाथपुरी, गंगासागर, पूर्वी भारत यात्रा
18 जनवरी से 1फरवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : वाराणसी, गया, कलकत्ता, गंगासागर, जगन्नाथपुरी धाम, कोणार्क एवं भुवनेश्वर

17 दिवसीय गोवा-मुंबई मध्य भारत यात्रा
21जनवरी से 6फरवरी 2025 के मध्य
मुख्य आकर्षण : हैदराबाद, शिवज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन घृष्णेश्वर, भीमाशंकर, त्रयम्बकेश्वर, एलोरा, शिरडी, नासिक, मुम्बई एवं गोवा

7 दिवसीय हनोई-विएतनाम यात्रा
09 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण - हनोई ,निन्ह बिन्ह , हलोगं वे में स्टार क्रूज में अलौकिक मनोरंजन एवं रात्रि विश्राम एवं अन्य कई आकर्षण।

रेलवे आरक्षण हेतु ,समय का ध्यान दें अन्यथा 3rd A/C के स्थान पर स्लीपर क्लास में संतोष करना आवश्यक हो जाएगा।

YTDO Tour & Travels The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - M. 9412085088, Umesh Rautela - M. 9411197147
Ramesh Tiwari - M. 9411197085

फर्जी तरीके से किया जमीन का सौदा

मंडलायुक्त ने पकड़ा लैंड फ्रॉड का मामला, 70 साल से नहीं दिखा भूमि का असली मालिक

▸▸ जमीन बेचने वालों के आधार कार्ड नंबर भी निकले फर्जी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

जन सुनवाई के दौरान शिकायत सुनकर निर्देश देते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिसे लोगों ने पिछले 70 साल से नहीं देखा, उसकी जमीन का कुछ जालसाजों ने सौदा कर दिया। मामला मंडलायुक्त दीपक रावत की जन सुनवाई में मामला पहुंचा तो धोखाधड़ी की परत-दर-परत खुलने लगी। मंडलायुक्त ने मामले को लैंड फ्रॉड समिति में रखने के निर्देश दिए हैं।

जन सुनवाई में यह मामला बसगांव नैनीताल का सामने आया। बसगांव के मनोज सिंह ने लगभग 13 नाली 7 मुट्ठी भूमि मुरलीधर जोशी और जयकिशन जोशी से खरीदी है। मनोज सिंह ने बताया कि भूमि के असली मालिक से वह कभी नहीं मिले। खुद को मालिक बताने वाले व्यक्ति से इसी साल 16 अगस्त को नैनीताल सब रजिस्ट्रार के यहां रजिस्ट्री के लिए मिले। उन्होंने रजिस्ट्री में 14 लाख का चेक सबूत के तौर पर लगाया है। मामले की संदिग्धता को देखते मंडलायुक्त ने रजिस्ट्री में बेचने वालों के आधार कार्ड की मौके पर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से जांच कराई। जांच में दोनों के आधार कार्ड नम्बर फर्जी पाए गए। जो मोबाइल नम्बर खरीदार मनोज सिंह ने रजिस्ट्री में दिया है, वह भी हरीश पांडेय नाम के व्यक्ति का सामने आया। जिसके नाम पर उसी दिन जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी हुई है। जो सीधे तौर पर जमीनों की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी दर्शाता है।

विदेश भेजने का नाम पर ठगा, मौके पर दिलवाए पैसे

हल्द्वानी : धोखाधड़ी का ऐसा ही दूसरा मामला विदेश भेजने के नाम पर आया है। पिथौरागढ़ थल के अशोक दिल्ली में एक होटल में काम करते थे। लगभग 1 साल पहले गुरजिंदर सिंह नामक व्यक्ति से होटल में मिले। गुरजिंदर ने उन्हें मॉस्को भेजने का वादा किया। जिसके एवज में एक लाख 73 हजार रुपये लिए और मॉस्को भी नहीं भेजा। गुरविंदर सिंह ने आयुक्त के सामने गलती स्वीकार की और मौके पर अशोक को 40 हजार गूगल पे किए। बाकी रकम 10 दिन के भीतर देने की बात कही।

स्कूटी चालक पर जुर्माना

हल्द्वानी : दो दिन पहले मंडलायुक्त ने एमबीपीजी कॉलेज के पास जावेद नामक व्यक्ति को ओवरलोडिंग में पकड़ा था। वह अपनी स्कूटी से चार लोगों के साथ सफर कर रहा था। जिस पर आयुक्त ने शनिवार को एआरटीओ के साथ सभी को कार्यालय में तलब किया। एआरटीओ ने बताया कि जावेद के पास ड्राइविंग लाईसेंस व वाहन का इंश्योरेंश नहीं था। जिस पर परिवहन विभाग ने 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही स्कूटी भी एक माह के लिए सीज की।

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस एवं दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. लक्ष्मीकान्त जोशी
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी)
वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन
सिरदर्द, मिर्गी एवं स्ट्रोक विशेषज्ञ
धनतेरस, दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
KAILASH NEURO CENTER
कैलाश न्यूरो सेंटर
IDF C बैंक के सामने, कालाढूंगी रोड, पीलीकोठी, हल्द्वानी
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7409873078, 6395587708
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं सायं 05 से 07 बजे तक
सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश)

धनतेरस एवं दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अपने परिवार के लिए सुरक्षित उपचार का चयन करें, होम्योपैथी चुनें।
रामनगर में 30 सालों के बाद अब हल्द्वानी में भी
Dr. Rawat's
डॉ. रावत होम्योपैथिक हेल्थ सेंटर
डॉ. डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस.
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 7017844688
डॉ. एस.डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 9461085876
पता
होली चौक, L.I.C. रोड रामनगर, उत्तराखण्ड
प्रथम तल (द्वितीय मंजिल) उत्तराँचल ट्रेड सेंटर तिकोनिया, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
निकट हनुमान मंदिर, कमलुवागांजा रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुशवाहा ई.एन.टी. केयर सेंटर
डॉ. एच.एल. कुशवाहा
M.S., E.N.T. (K.G.M.C Lucknow)
पूर्व वरिष्ठ सर्जन, बेस अस्पताल, हल्द्वानी
लेजर द्वारा नाक, कान एवं गले का ऑपरेशन, दूरबीन विधि द्वारा कान का ऑपरेशन, मुख एवं गले के कैंसर की सर्जरी, आंसू की थैली का इलाज, घेंघा रोग का इलाज, बहरेपन की जांच टिम्पेनोमीटरी बेरा (जन्मजात बहरापन) स्पीच थैरेपी, सुनने की मशीन, एक्स-रे आदि
गणेश विहार, छोटी मुखानी (नैनीताल) मो. 9412987356

आप सभी को धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वात्सल्य
मदर एण्ड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल
(An Advanced Newborn Care Centre)
DR. PRAMOD PRAJAPATI (M.D.)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- सफदरगंज हॉस्पिटल नई दिल्ली एवं सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी
DR. NIDHI ARYA PRAJAPATI
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- महिला चिकित्सालय हल्द्वानी KGMU लखनऊ, ESI हॉस्पिटल नई दिल्ली
हल्द्वानी का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त
जच्चा बच्चा केन्द्र
उपलब्ध सुविधायें
• नवजात शिशु एवं बाल रोग ओ.पी.डी.
• आधुनिक NICU/PICU
• फोटोथैरेपी / CPAP / वेंटिलेटर
• Exchange Transfusion / Therapeutic Hypothermia
• समय से पहले पैदा हुए व कमजोर नवजात के लिए विशेष सुविधा।
• समस्त प्रकार का टीकाकरण।
• अस्थमा एवं एलर्जी का इलाज।
• बच्चों में व्यवहार सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
• बच्चों में वजन व लम्बाई सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
• स्त्री एवं प्रसूति रोग ओ.पी.डी.
• दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी।
• सिजेरियन डिलीवरी
• High Risk Pregnancy (High BP, High Sugar, IUGR) खून की कमी, Prematurity
• बच्चेदानी (Uterus) एवं अंडेदानी (Ovary) की सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
• किशोरी व युवती की माहवारी एवं अन्य बीमारियों का इलाज।
• अनियमित माहवारी का इलाज।
• बांझपन (Intertility) का इलाज।
• Indicated M.T.P.
• PAP Smear की सुविधा।
एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है। 24X7 EMERGENCY
पता : निकट KVM स्कूल, हीरानगर, मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल)
M : 9450065233, 9450301701

आप सभी को
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'
जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)
बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow
गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. कृष्णा शाह
भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रातः 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)
FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards
सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

जन औषधि केंद्रों में जेनेरिक दवाओं का खेल

शहर और आसपास के कई जन औषधि केंद्रों में खुलेआम बिक रही हैं जेनेरिक दवाएं

- मुखानी, तिकोनिया व रामपुर रोड में रहती है खासी भीड़
- कम दाम में दवाएं लेने के लिए आते हैं लोग

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार : आमजन को सस्ती दवाएं देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरुआत की। इन जन औषधि केंद्रों में लोगों को बीपी, मधुमेह, गठिया, उदर आदि रोगों से संबंधित दवाएं काफी कम दाम में मिलती हैं। शहर व आसपास के क्षेत्रों में कई जन औषिक केंद्र खुले हैं, जहां खुलेआम में जेनेरिक दवाओं को बेचा जा रहा है, जो नियम के खिलाफ है।

शहर में जन औषधि केंद्रों की पड़ताल करने पर पता चला कि मुखानी चौराहा, तिकोनिया और रामपुर रोड आदि स्थानों पर स्थित इन केंद्रों में ग्राहकों की खासी भीड़ रहती है। सस्ती दवाओं के लिये यहां लोग आते हैं। अब बात करते हैं इन केंद्रों में चलने वाले खेल की। दवा बनाने वाली कंपनियां जेनेरिक दवाएं भी बनाती हैं। यह दवाएं ब्रांडेड दवाओं से काफी सस्ती होती हैं। हालांकि इनका मूल्य जन औषधि की दवाओं की अपेक्षा महंगा होता है। उदाहरण के तौर पर उच्च रक्तचाप में टेल्मिसर्टन एच 40 दवा इस्तेमाल होती है। जन औषधि केंद्र में इस सॉल्ट दवा का पत्ता करीब 20 रुपये का आता है। अगर इस सॉल्ट की दवा का पत्ता ब्रांडेड कंपनी में लिया जाये तो यह करीब 80 से 100 रुपये में मिलता है।

निजी कंपनियों की ओर से बनाई जाने वाली जेनेरिक दवाओं के ब्रांड में इस दवा का पत्ता 30 से 40 रुपये में आता है। ग्राहक जब दुकान पर जाता है तो उसे जेनेरिक दवा का पत्ता दे दिया जाता है। ग्राहक के लिए ब्रांड की अपेक्षा यह काफी सस्ता रहता है, जबकि जन औषधि में इसी सॉल्ट की दवा का पूरा पत्ता और भी कम दाम पर है। ग्राहक की कम जानकारी की वजह से वह जेनेरिक दवा का पत्ता खरीद लेता है। हालांकि कुछ जागरूक ग्राहक इसका विरोध करते हैं और जन औषधि की दवा मांगते हैं।

इस तरह होता है खेल

सॉल्ट का नाम	जन औषधि के दाम	जेनेरिक ब्रांड के दाम	ब्रांड के दाम
डाई सोडियम हाइड्रोजन साइट्रेटसिरप–मूत्र विकार	22	40	80
प्रोपेनॉल हाइड्राक्लोराइड –रक्तचाप	7	30	60
लेवोसेटिरिजिन मॉनकास्ट–एलर्जी	22	40	90
एजिथ्रोमाइसिन–एंटीबॉयटिक	42	60	80
पेंटोप्राजोल कैप्सूल–गैस	18	60	100

एक वर्ष पूर्व हुई थी केंद्र पर कार्रवाई

शहर में करीब एक वर्ष पूर्व नैनीताल रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर कार्रवाई हुई थी। केंद्र के अंदर जेनेरिक दवाओं को बेचा जा रहा था। जिसके बाद कुछ दिनों के लिए केंद्र को बंद रहने का आदेश दिया गया था।

मुनाफे के लिए होता है खेल

जन औषधि केंद्रों की दवा बेचने पर करीब 10 प्रतिशत तक मुनाफे के रूप में मिलता है। जबकि जेनेरिक दवा में 30 से 40 प्रतिशत तक मुनाफा मिलता है। इसलिए जन औषधि केंद्र संचालक जन औषधि की दवाओं के साथ ही जेनेरिक दवाओं को रखते हैं। प्राथमिकता के तौर पर इन्हें ही बेचना पसंद करते हैं। ज्यादातर दुकानदार अपनी दुकान का प्रचार जन औषधि केंद्र के साथ ही सस्ती दवाओं के दुकान के तौर पर करते हैं।

नियम स्पष्ट नहीं होने से हो रही दिक्कत

नियमों की स्पष्टता नहीं होने की वजह से ऐसे केंद्र संचालकों के ऊपर बड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हालांकि जन औषधि केंद्र के अंदर केवल जन औषधि की ही दवायें बेची जानी चाहिये। सरकारी अस्पतालों के जन औषधि केंद्रों के अंदर इस नियम का पूरी तरह से पालन किया जाता है। ड्रग कंट्रोलर मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि जन औषधि केंद्र के संचालन को लेकर नियमों की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन भारतीय फार्मा पीएसयू ब्यूरो (बीपीपीआई) से पूरी जानकारी नहीं मिली है। एक बार फिर से उनसे नियमों की जानकारी ली जायेगी।

जिले में डेंगू के 3 नए मरीज मिले



हल्द्वानी, अमृत विचार : जिले में डेंगू का डंक लगातार गहरा होता जा रहा है। पिछले पांच दिनों में डेंगू के करीब 16 मामले सामने आये हैं। वहीं शनिवार को हल्द्वानी में डेंगू के तीन नए मरीज मिले।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में बुखार से पीड़ित इन मरीजों की एलाइजा जांच की गई। तीनों ही मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इनमें एक रोगी देहरादून जिले से आया है। जबकि दूसरा ऊधमसिंह नगर का रहने वाला है। एक रोगी हल्द्वानी के डहरिया क्षेत्र का है। बेस अस्पताल और एसटीएच की मेडिसन विभाग की ओपीडी में रोजाना बुखार के मरीज आ रहे हैं। संदेह होने पर मरीजों की एलाइजा जांच कराई जा रही है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत के अनुसार जिले में अभी तक 85 मरीज के मरीज मिले हैं। इनमें 51 बाहरी राज्यों तथा 34 मरीज जनपद के हैं। डेंगू से निपटने के लिये पूरे इंतजाम किये गये हैं।

टीकाकरण केंद्र बनाने में प्रतीक्षा कक्ष बना अड़ंगा

संवाददाता, हल्द्वानी

- राजकीय महिला अस्पताल में प्रस्तावित है आधुनिक टीकाकरण केंद्र

अमृत विचार : राजकीय महिला अस्पताल को आदर्श टीकाकरण केंद्र की उपाधि मिल गई है। अब अस्पताल को आधुनिक टीकाकरण केंद्र के तौर पर विकसित करने की योजना है, लेकिन प्रतीक्षा कक्ष नहीं होने की वजह से मामला अटका पड़ा है। इसके लिए अस्पताल में चल रहे निर्माण के पूरा होने तक इंतजार करना पड़ेगा।

बीते अगस्त माह में स्वास्थ्य विभाग ने राजकीय महिला अस्पताल को आदर्श टीकाकरण की उपाधि दी थी। तब स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी कर कहा गया था कि कुमाऊं के प्रमुख महिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिये यहां आधुनिक टीकाकरण केंद्र स्थापित किया जायेगा। आधुनिक टीकाकरण केंद्र में रात को भी टीकाकरण की सुविधा होगी, जबकि अभी केवल दिन के समय टीकाकरण होता है। साथ ही महिलाओं के बैठने के लिए उचित व्यवस्था का भी इंतजाम होगा। वर्तमान में अस्पताल में उचित कोल्ड स्टोरेज उपलब्ध है। साथ ही यहां होने वाले टीकाकरण की संख्या भी पर्याप्त है, लेकिन एक बड़ा प्रतिक्षा कक्ष नहीं है। इसके लिए अस्पताल में नए निर्माण के पूरे होने का इंतजार किया जा रहा है। आपत्तियां हटने के बाद कुछ माह पूर्व ही महिला अस्पताल में नया निर्माण शुरू हुआ है। जब निर्माण पूरा हो जायेगा, उसके बाद ही आधुनिक टीकाकरण केंद्र के मानकों के अनुसार प्रतीक्षा कक्ष बन पायेगा। इधर, सीएमएस डॉ. उषा जंगपांगी ने बताया कि आधुनिक टीकाकरण के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को लाभ मिलेगा।

नौसेना दिवस पर सम्मानित होंगी वीरांगनाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

बैठक के दौरान मौजूद पूर्व नौ सैनिक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पूर्व नौ सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने कुसुमखेड़ा स्थित कमांडर दिगंबर सिंह के आवास पर बैठक की। जिसमें 4 दिसंबर को मनाये जाने वाले 53वें नौसेना दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में निर्णय लिया कि इस वर्ष के आयोजन में दिवंगत नौ सैनिकों की विधवाओं को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। पूर्व नौ सैनिक परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। सदस्यों ने वयोवृद्ध पूर्व नौ सैनिकों को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा समिति ने हर तीन महीने में नियमित बैठक करने का निर्णय लिया। समिति का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने और एक निर्धारित कोष बनाने की भी बात की गई। बैठक में कमांडर दिगंबर सिंह, कमांडर भट्ट, डीसी जोशी, सीएस लोहनी, आनंद ठठोला, डीसी तिवारी, केके पांडेय मौजूद रहे।

2500 रुपये संग सटोरिया पकड़ा

कालाढूंगी, अमृत विचार: पुलिस ने क्षेत्र में सटोरियों पर कार्यवाही करते हुए नगदी व सट्टा पर्ची के साथ युवक को पकड़ा है।

थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि चेकिंग के दौरान रामलीला ग्राउंड के पास संदिग्ध घूम रहे युवक तलाशी ली। जिसके पास 2500 रुपये व सट्टा पर्ची बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इसरार अहमद निवासी वार्ड नं 3 बताया। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई तनवीर आलम, अमनदीप सिंह व किशननाथ मौजूद रहे।

नमकीन के पैकेटों को बुलडोजर से किया नष्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

ट्रंचिंग ग्राउंड में नमकीन के पैकेटों को नष्ट करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा विभाग ने भारी मात्रा में नमकीन (पफ) के पैकेटों को पकड़ा है। इन्हें एक वाहन से बेचने के लिए भेजा जा रहा था। विभाग ने नमकीन को कब्जे में लेकर उसे बुलडोजर से नष्ट करा दिया।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा के नेतृत्व में लामाचौड़ में चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान काशीपुर से आ रहे एक छोटा हाथी वाहन को रोका गया। इसमें नमकीन (पफ) के पैकेट लदे थे। जब जांच की तो पैकेटों पर कुल वजन, पैकिंग तिथि, अवसान तिथि, बैच नंबर आदि कुछ भी नहीं छपा था। इस तरह की पूरी 60 पेटी थीं। इन्हें कब्जे में लेकर तुरंत रामपुर रोड स्थित कार्यालय पहुंचाया गया। साथ ही निर्माता कंपनी यश फूड इंडस्ट्रीज के स्वामी का खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 23, 26, 27 और 52 के अंतर्गत चालान भी काटा गया।

नमकीन के सैंपल लेकर जांच के लिये भेज दिये गये। बाद में पूरे माल को लेकर विभाग की टीम ट्रंचिंग्र गाउंड पहुंची। सामान के ऊपर बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में दौरा कर रही है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

वन भूमि पर बसे लोगों की बेदखली पर शीघ्र लगे रोक

उत्तराखंड वन विभाग पर लगाया कायदे-कानूनों के उल्लंघन का आरोप

जनजातीय कार्य मंत्रालय के निदेशक से दिल्ली में मिला प्रतिनिधि मंडल, बताई समस्या

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: उत्तराखंड में वन अधिकार कानून 2006 का अनुपालन किए जाने, वन ग्राम पूछड़ी, मालधन, बागजाला, रंगशाली रेंज, आम पोखरा रेंज, तुमड़िया खत्ता व हरिद्वार तथा देहरादून में वन विभाग द्वारा चलाई जा रही वनवासियों के निष्कासन की कार्रवाई पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर लेकर वन पंचायत संघर्ष मोर्चा, वन गूजर युवा ट्राइबल संगठन और संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने भारत सरकार के दिल्ली स्थित जनजातीय कार्य मंत्रालय की निदेशक समिधा सिंह से वार्ता की तथा उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया।

दिल्ली में जनजातीय कार्य मंत्रालय के निदेशक से मिलने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

वार्ता के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने निदेशक जनजातीय मंत्रालय से मांग करते हुए कहा कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में उत्तराखंड सरकार को वन समिति गठित करने के निर्देश दिए थे जिसे सरकार ने वन पंचायतों तक ही सीमित कर दिया है। जबकि इसका गठन वन ग्राम, गोठ-खत्तों व परंपरागत वनवासियों के बीच भी किया जाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि वन विभाग उत्तराखंड में कानूनों का उल्लंघन कर तानाशाही कर रहा है। वन गूजरों को उनके परंपरागत खेती के अधिकार से उन्हें रोका जा रहा है, वन विभाग द्वारा गेट लगाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने उत्तराखंड के वन ग्रामों व गोट-खत्तों में वन समिति का गठन करने व उत्तराखंड वन अधिकार कानून 2006 के तहत प्रस्तुत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों पर सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक बेदखली की कार्रवाई रोक लगाने व वन विभाग द्वारा की जा रही अवैध बेदखली की कार्रवाई की जांच करने की भी मांग की। वार्ता के दौरान निदेशक समिधा सिंह ने वन विभाग द्वारा वन गुर्जरों एवं ग्रामीण पर लगाए जा जा रहे फर्जी मुकदमों की जांच करने व ज्ञापन में उठाई गयी। मांगों के लिए उत्तराखंड के आला अधिकारियों को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में तरुण जोशी, गोपाल लोदियाल, मोहम्मद शफी, मोहम्मद श्मशाद, नवीन फुलारा, द्विजेंद्र, मोहम्मद कासिम आदि शामिल थे।

सरकार की सद्बुद्धि के लिए केदारनाथ में लगाई अर्जी

संवाददाता, रामनगर

- मोहान स्थित आईएमपीसीएल फैक्ट्री को बचाने की मुहिम
- सरकार पर लगाया फैक्ट्री को निजी कंपनी को बेचने का आरोप

अमृत विचार : आईएमपीसीएल दवा फेक्ट्री को बचाये जाने को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी , पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पुष्कर दुर्गापाल के नेतृत्व में नारायण रावत, धीरेंद्र चौहान, जतिन आर्या ने बाबा केदार के चरणों में अर्जी लगाकर आईएमपीसीएल दवा फैक्टरी को न बेचे जाने की गुहार लगाने के साथ ही केंद्र सरकार व राज्य सरकार को सद्बुद्धि देने की भी मन्नत मांगी।

बाबा केदार के मंदिर में पूजा पाठ कर अर्जी लगाने के बाद सभी लोग मंदिर के बाहर सांकेतिक मौन उपवास में बैठ गए। संजय नेगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पहले एचएमटी घड़ी फैक्टरी को बेचने का काम किया उसके बाद ऋषिकेश स्तिथ आईडीपीएल को बेचा और अब करोड़ों के मुनाफे मैं चल रही आईएमपीसीएल दवा फैक्टरी को पूंजीपतियों के हाथों बेचने की तैयारी कर रही है। जिसका रामनगर में खुला विरोध किया जा रहा है। सभी ने उत्तराखण्ड की जनता से भी इस विषय मे केंद्र सरकार पर दबाव बनाए जाने की अपील भी की है

केदारनाथ धाम के द्वार पर मौन उपवास पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

झाड़ियां उगने से हादसों का खतरा

कालाढूंगी, अमृत विचार: कालाढूंगी-कोटाबाग सडक के किनारों पर झाड़ियां उग आने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर झाड़ियां उग आने से सड़क किनारे ढक गए हैं।

आमने-सामने से वाहन आने चालकों को साइड लेने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आश्ंका बनी हुई है। कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग में दो किलोमीटर दूर ब्रहमबूबू मंदिर तक मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बरसात में लोक निमार्ण विभाग द्वारा कटाई-छटाई नहीं कराई गयी है। जिससे झाड़ियों से दो पहिए वाहन चालकों के चेहरों पर लगने के साथ मोड पर कुछ नहीं दिखाई देता। लोक निमार्ण विभाग के जेई उमा शंकर कुकरेती ने बताया कि जल्द ही सड़क के दोनों ओर की झाड़ियों को कटवाया जायेगा।

वेतन भुगतान की मांग को लेकर धरना

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: मजदूर कल्याण समिति द्वारा उत्तराखंड वन विकास निगम विक्रय प्रभाग में काम कर चुके सभी 37 फायर वाचरों को बकाया वेतन का भुगतान करने की मांग को लेकर धरना दिया गया। साथ ही उत्तराखंड के सभी फायर वाचरों को वर्ष भर काम की गारंटी और उनका नियमितीकरण किए जाने, फायर वाचरों को कर्मचारी भविष्य निधि, बीमा, स्वास्थ्य बीमा आदि की सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने तथा सभी फायर वाचरों को जीवन रक्षक उपकरण व अग्निशमन यंत्र उपलब्ध कराए जाने की मांग भी मांग की गई।

इस दौरान निगम के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में क्षेत्रीय प्रबंधक शेर सिंह ने कहा कि 28 अक्टूबर को देहरादून में प्रबंध निदेशक के साथ बैठक होनी है। सभी श्रमिकों के रुके हुए वेतन का प्रस्ताव उन्हें भेज दिया है उम्मीद है कि दीपावली से पहले ही सभी फायर वाचरों को बकाया वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फायर वाचरों को मिलने वाली प्रोविडेंट फंड की सामाजिक सुरक्षा बंद कर दी गई है। अब निगम द्वारा फायर वाचरों को वेतन पर रखने की जगह किसी कंपनी को लकड़ी की सुरक्षा का ठेका दिया जाएगा।ठेका मजदूर कल्याण समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं प्रस्तुत किया जाएगा तो उत्तराखंड के सभी फायर वाचार अपने अधिकारों के लिए आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष किशन शर्मा, समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी व मोहम्मद आसिफ, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी कौशल्या चुनियाल, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, संजय मेहता, गिरीश चंद्र, बाला दत्त, खुशाल सिंह, ललित मोहन, दिनेश चंद्र, हुकम सिंह, कमल सिंह, लक्ष्मी, पूरन राम, नरेश कुमार, हरि दत्त पांडे, रमेश, पप्पू, शिवम, वासुदेव आदि मौजूद रहे।

रामनगर में मांगों को लेकर धरना देते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

शेर नाले पर पुल का निर्माण कार्य आज से शुरू

चोरगलिया, अमृत विचार: शेर नाले पर पुल का निर्माण कार्य रविवार से शुरू होगा। बरसों से चोरगलिया, गौलापार के लोग शेर नाले पर पुल के निर्माण को संघर्षित थे। पिछले 24 वर्षों में ग्रामीणों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किए थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस पुल के निर्माण को प्राथमिकता दी और 27 अक्टूबर से शेर नाले पर पुल का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। पूर्व छात्रसंघ सचिव पान सिंह मेवाड़ी व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सांसद अजय भट्ट, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट पूर्व विधायक नवीन दुमका, जिलाधिकारी वंदना सिंह तथा लोक निर्माण विभाग व वन विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

टैक्स बार नवंबर में करेगी विधि महोत्सव

बैठक में मौजूद टैक्स बार के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : टैक्स बार की एक बैठक पूरन चंद्र पांडे की अध्यक्षता एवं महासचिव गौरव गोला के संचालन में हुई। जिसमें व्यापार में आ रही दिक्कतों पर चर्चा की गई। इस दौरान बार के महासचिव गौरव गोला ने बताया कि रामनगर में टैक्स बार नवंबर माह में दो दिवसीय विधि महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। जिसमें उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय से जुड़े अधिवक्ताओं का समाजसेवा के लिए सम्मान किया जाएगा।

साथ ही 25 वर्ष से ज्यादा का विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं और चार्टेड एकाउंटेंट का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही रामनगर में समाजसेवा कर रहीं 20 विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं को टैक्स बार ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

बैठक में बार के अध्यक्ष पूरन पांडे, महासचिव गौरव गोला, बालम राणा, प्रबल बंसल, फिरोज अंसारी, गुलरेज रजा, भोपाल सिंह रावत, मनु अग्रवाल, मनोज बिष्ट, लइक अहमद, नावेद सैफी, मनोज अग्रवाल, जीशान मालिक समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

सर्पदंश के उपचार से बची महिला की जान

रामनगर, अमृत विचार : ग्राम पूछड़ी निवासी 35 वर्षीय कुसुम लता अपने घर के पास खेत में मवेशियों के लिए चारा काट रही थीं तभी अचानक सांप ने उन्हें डस लिया। कुसुम लता की हालत बिगड़ने लगी। परिवार में हड़कंप मच गया।

परिजन सेवदा स्नेक सोसायटी के अध्यक्ष सर्प विशेषज्ञ चंद्रसैन कश्यप के पास पहुंचे। जांच के बाद कश्यप ने घंटों उपचार किया। तब जाकर कुसुम लता को आराम मिला। महिला के परिवार में खुशी की लहर है। सर्प विशेषज्ञ कश्यप ने कहा कि घर व खेतों के समीप कूड़ा-कचरा आदि न डालें। काला फिनाइल का प्रयोग करते रहें, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

दीया सजावट में दिशु-पिंकी प्रथम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : द कॉर्बेट फाउंडेशन ढिकुली ने सेंट पीटर स्कूल बैलपड़ाव के साथ इको दिवाली का आयोजन किया। जिसमें 300 छात्रों ने पांच अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता हल्द्वानी स्थित दृश्यकला आर्ट इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजित की गई। छात्रों ने पर्यावरण-अनुकूल दिवाली का संदेश देने के लिए रंग भरने की प्रतियोगिता में भाग लिया। दीया सजावट प्रतियोगिता में दिशु बिष्ट और पिंकी गोस्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में जया मोमी ने बाजी मारी। ऐपण कला में करमजीत ने पहला पुरस्कार जीता।

प्रतियोगिता के दौरान मटकी में ऐपण बनाती छात्रा। ● अमृत विचार

रंगोली प्रतियोगिता में मानसी और सृष्टि जैकब ने प्रथम स्थान हासिल किया। रंग भरने की प्रतियोगिता में प्रज्ञान रौतेला, स्वस्तिका जोशी और हर्षित बिष्ट ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल में द कॉर्बेट फाउंडेशन के जागरूकता कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडे और वन्यजीव कार्यक्रम अधिकारी समीक्षा मनराल की अहम भूमिका रही। सेंट पीटर स्कूल के अध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

शौर्य चक्र विजेता कै. गजे सिंह बिष्ट सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : वीरता पुरस्कार विजताओं की बहादुरी और उनकी कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित 'वीर गाथा परियोजना' के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल, हेमपुर में आमंत्रित 15 गढ़वाल रायफल के शौर्य चक्र विजेता सूबेदार कैप्टन गजे सिंह बिष्ट ने विभिन्न सैन्य अभियानों में अपनी सहभागिता और चुनौतियों के बारे में विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किये।

उन्होंने आतंकियों के साथ हई मुठभेड़ की घटना से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने अंत में रखे गये प्रश्न सत्र में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इससे पहले स्थानीय आर्मी स्टेशन के एडमिन कमांडेंट कर्नल राकेश पैनुली ने सेना तथा सरकार द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न वीरता पुरस्कारों के विषय में बताया तथा विद्यार्थियों से अतिथि का परिचय देते हुए बताया कि नब्बे के दशक में श्रीनगर में उग्रवाद के चरम समय मे अपनी जान पर खेलकर एके 47 से गंभीर घायल अवस्था में भी तीन आतंकवादियों को मार गिराया जिसके लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने अतिथि को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

विद्यार्थियों व प्राचार्य के साथ शौर्य चक्र विजेता गजे सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

छठ पूजा स्थल पर सफाई व रंगरोगन शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : छठ पूजा सेवा समिति ने दीपावली से पहले रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल की सफाई और रंगरोगन का कार्य शुरू कर दिया है।

समिति के महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि छठ पर्व को भव्य तरीके से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूजा स्थल पर रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरा नाम नसीम अली है, मेरे पिता जी का नाम नईम है। मेरा DL No. UK04 20230003358, जिसमें मेरे पिता जी का नाम (Naheem) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता जी का वास्तविक नाम (Naeem) है। मेरा ड्राईविंग लाईसेंस किसी वाद विवाद में लंबित नहीं है। - नसीम अली पुत्र श्री नईम, निवासी टनकपुर रोड, वार्ड नं. 4, काठगोदाम, हल्द्वानी (नैनीताल)।

सार-संक्षेप

जिला उद्योग केंद्र में कार्यशाला के दौरान लोग। ● अमृत विचार

कार्यशाला में तंबाकू निषेध क्षेत्र बनाने पर दिया जोर

हल्द्वानी : जिला उद्योग केंद्र के सभागार में पंजीकृत उद्यमियों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर कार्यशाला हुई। इसमें बालाजी सेवा संस्थान देहरादून का भी योगदान रहा। संस्थान की ममता थापा ने बताया कि नशा एक बुरी आदत है। व्यक्ती के साथ-साथ अब बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। तंबाकू, शराब आदि के सेवन से व्यक्ति अपना शरीर तो खराब करता ही है। साथ ही जीवन भी बर्बाद कर लेता है। इस दौरान कोटपा एक्ट 2003 की भी जानकारी दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र कठायत ने बताया कि सभी उद्यमी अपने प्रतिष्ठानों, फैक्ट्रियों, होटलों आदि में तंबाकू निषेध क्षेत्र का बोर्ड लगायें। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष रमेश बिंजोला, मेघना परवाल मौजूद रहे।

शहर में सात घंटे तक गुल रही बिजली

हल्द्वानी : नगर विद्युत वितरण खंड की ओर से शनिवार को बिजली की लाइनों को नैनीताल रोड पर शिफ्ट किया गया। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पांच फीडरों के उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। करीब सात घंटे तक स्टेशन रोड, आजाद नगर, नैनीताल रोड, गांधी नगर और बाजार क्षेत्र में सप्लाई प्रभावित रही। नगर वितरण खंड के ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल, लाइनों और ट्रांसफार्मरों को शिफ्ट करने का कार्य किया जा रहा है। रोस्टर की जानकारी पूर्व में ही उपभोक्ताओं को दे दी गई थी।

नाबालिग शोषण पर फैलाई जागरूकता

हल्द्वानी : राजकीय जूनियर हाईस्कूल बदीपुरा में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नुक्कड़ नाटक कर नाबालिग शोषण पर जागरूकता फैलाई गई। नाटक में विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से सहभागिता कर समाज में नाबालिगों के शोषण को दर्शाने के साथ ही प्राधिकरण की ओर से प्रदान की जानी वाली सहायताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। न्याय मित्र नरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय, राज्य, प्राधिकरण और तहसील विधिक सेवा समिति के गठन के उद्देश्यों, टोल फ्री नंबर, राष्ट्रीय लोक अदालत, साइबर अपराध आदि के बारे में बताया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में शपथ लेते नवागंतुक छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने ली महर्षि चरक शपथ

हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थियेटर में नवागंतुक एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी और महर्षि चरक शपथ कार्यक्रम हुआ। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में अध्ययन का उत्कृष्ट माहौल है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन के साथ पढ़ाई करने और अनुभवी संकाय सदस्यों से मार्गदर्शन लेने की प्रेरणा दी, ताकि वे भविष्य में अच्छे चिकित्सक बन सकें। डॉ. हरिशंकर पांडे ने छात्रों को सेवा भाव के लिये महर्षि चरक शपथ दिलाई। साथ ही वीडियो के माध्यम से छात्रों को मेडिकल कॉलेज के क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल विभागों से परिचित कराया। डॉ. आरजी नौटियाल ने अनुशासन, नैतिकता और आमजन से व्यवहार के महत्व पर प्रकाश डाला।

दीये बांटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हल्द्वानी : सारथी फाउंडेशन समिति ने शनिवार को जगदंबा नगर स्थित बैंक्वेट हॉल में लोगों को निशुल्क मिट्टी के दीये और मोमबत्तियां बांटी। संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत ने मुख्य अतिथि समाजसेवी गिरीश नैनवाल का आभार जताया। इस दौरान लोगों को स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने और मिट्टी के दीयों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान कमल जोशी, ज्ञानेंद्र जोशी, मंजू सनवाल, केतन जायसवाल, पूजा पंत, हेमा जोशी, गीता बेलवाल, भावना पांडे, जय प्रकाश, रंजना जोशी, बबीता टकवाल, सोना तिवारी मौजूद रहे।

आकृति सोसायटी के दिवाली मेले का आगाज आज

हल्द्वानी : आकृति सोसायटी की ओर से जज फार्म में होने वाले दीपावली मेले का आगाज रविवार (आज) से हो जायेगा। तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट करेंगे। सोसायटी की अध्यक्ष कुसुम दिगारी ने कहा कि मेले में दीपावली से संबंधित सामान के विभिन्न स्टॉल लगेंगे। मेले के पहले दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ बच्चों के लिए आर्ट प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस मौके पर समिति की महामंत्री शर्मिला मित्रा, ममता बिष्ट, गीता बिष्ट, कर्णवीर दिगारी, अर्जिता सेन, कोमल, तनिष्का, गिरिजेश पांडे, मीडिया प्रभारी हर्षवर्द्धन पांडे मौजूद रहे।

बेस अस्पताल में निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित करतीं संचालिका। ● अमृत विचार

जन औषधि केंद्र ने निशुल्क सेनेटरी पैड बांटे

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में स्थित जन औषधि केंद्र ने निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया। केंद्र की संचालिक गरिमा जोशी ने बताया कि 300 महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी पैड दिये गये। साथ ही उन्हें माहवारी के दौरान स्वच्छता के साथ रहने का संदेश दिया गया। उन्होंने कि जन औषधि केंद्रों में काफी कम दरों पर सेनेटरी पैड मिलते हैं। कपड़े की जगह महिलाओं को उसका ही इस्तेमाल करना चाहिये। इससे बीमार होने का खतरा कम रहता है।

रामनगर के कन्या इंटर कॉलेज में योगाभ्यास करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

निरोगी काया के लिए योग क्रिया जरूरी: चारुल

रामनगर : जीवन में निरोगी काया पाने के लिए योगाभ्यास अवश्य करे। योग ही रोगों से मुक्ति दिलाने का सबसे बड़ा जरिया है। यह बात योग विशेषज्ञ चारुल जिंदल ने इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित गोमती पूरन प्रसाद कन्या इंटर कालेज में योग व ध्यान कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला में विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाल कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुप्रीत कौर ने छात्राओं से कहा कि योग विद्या की जानकारी अपने अभिभावकों को देकर योग क्रिया अपनाने के लिए जागरूक जरूर करे। कार्यक्रम में सचिव कविता अग्रवाल, अंजलि जिंदल का विशेष योगदान रहा।

तैराकी में नैनीताल की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, फ्री स्टाइल रिले मिक्स ओपन वर्ग में हरिद्वार की टीम रही प्रथम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में शनिवार को राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं ओपन तैराकी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें नैनीताल जिले की टीम ओवरऑल चैंपियन रही।

प्रतियोगित के दौरान फ्री स्टाइल रिले मिक्स ओपन वर्ग में हरिद्वार की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। टीम में अविरल, पार्थ, दिशा और काव्या शामिल रहे। वहीं देहरादून की टीम ने दूसरा और नैनीताल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-11 बालक वर्ग में 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में ऊधमसिंह नगर के यशवर्धन चौहान ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि नैनीताल के हितेश जोशी और रितेश जोशी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

50 मीटर फ्री स्टाइल में नैनीताल के रुद्र जोशी ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नैनीताल की आध्यवी बिष्ट ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में पहला स्थान हासिल किया। जबकि देहरादून की आरना चौहान और नैनीताल की आध्यवी बिष्ट ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रभारी उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत और उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल उपस्थित रहे।

एसकेएम कप के फाइनल मुकाबले में विजेता रहे गुरुतेग बहादुर व निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के छात्र। ● अमृत विचार

एसकेएम कप पर गुरुतेग व निर्मला का कब्जा

हल्द्वानी, अमृत विचार : तीन दिवसीय एसकेएम कप-6 अंतरविद्यालयी बास्केटबॉल के फाइनल में शनिवार को गुरुतेग बहादुर स्कूल और निर्मला कॉन्वेंट के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर एसकेएम कप का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में एसकेएम व गुरुतेग के छात्रों के बीच कड़े मुकाबले में 34-42 से बढ़त बनाते हुए गुरुतेग की टीम ने जीत हासिल की। बालिका वर्ग में एसकेएम व निर्मला के बीच हुए मुकाबले में 24-27 की बढ़त हासिल करते हुए निर्मला ने जीत दर्ज की। बालक व बालिका वर्ग में एसकेएम की टीम रनरअप रही। इस मौके पर प्रबंधक यूसी जोशी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी भामिनी जोशी आदि ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी।

वार्षिक खेलों में सेंट टेरेसा हाउस बना विजेता

कालाढूंगी, अमृत विचार : पढ़ाई के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से कालाढूंगी के नयागांव स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में संचालित हो रहे वार्षिक खेलों में स्कूल के सेंट टेरेसा हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया, जबकि सर सैयद हाउस दूसरे नंबर पर रहा। यहां खेलों के इस आयोजन में क्रिकेट, फुटबॉल, खो-खो, एथलीट, वॉलीबॉल सहित मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का खूब प्रदर्शन किया। फाउंडर हाउस एवं नानक हाउस ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन पर विजेता एवं उप विजेता टीमों को अतिथि एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र बुधलाकोटी, अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक टीना खन्ना ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों का आयोजन भी जरूरी है। इससे मानसिक और शारीरिक विकास तो होता ही है, साथ ही आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है। इस दौरान प्रबंधक टीना खन्ना, प्रधानाचार्य डॉ. एसआई खान, उप प्रधानाचार्य, वंदना पलड़िया, हेड बॉय जयदीप उप्पल, हेड गर्ल हरमंदीप कौर, प्रियांश राणा आदि शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हल्द्वानी, अमृत विचार : पाल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में शनिवार को जनपद स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें अंडर-14 बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आशीष व 600 मीटर दौड़ में मेहताब ने बाजी मारी। लंबी कूद में आशीष, गोला फेंक में आयुष व मोनिका बिष्ट, आरूषि नेगी, भूमिका जलाल संयुक्त रूप से विजेता बने। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन नारायण पाल, मैनेजिंग डायरेक्टर निर्भय पाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल ने किया। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा, खंड विकास अधिकारी तारा सिंह, जिला खेल समन्वयक संजय वर्मा, राहुल पंवार, पूरन नयाल आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक के घर हुई चोरी में दो गिरफ्तार, एक फरार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बीस सितंबर की रात चोरों द्वारा ग्राम जोशी कॉलोनी चोरपानी निवासी प्रवक्ता डॉ. अनुपम शुक्ला के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते दिनों डॉ शुक्ला के घर चोरो ने ताला तोड़कर अलमारी से लाखों रुपये के आभूषण हजारों रुपये की नगदी चोरी कर ली थी। मामले में पुलिस द्वारा प्रवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया था। शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चोरी के मामले में आसपास लगे करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरा की पुलिस टीम द्वारा फुटेज खंगाली गई।

उन्होंने बताया कि टीम का नेतृत्व कर रहे कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल व उनकी टीम द्वारा इस मामले में फौजी कालोनी रामनगर निवासी मौहम्मद फरमान अली व थाना नागफनी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मौहम्मद इसरार को चौधरी कॉलोनी पूछड़ी से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा वाहन एवं प्रवक्ता के घर से चोरी किए गए ढाई लख रुपये के सोने के आभूषण एवं दस हजार रुपये की नगदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में अभी एक चोर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

थाल सेवा ने छह साल में 25 लाख थाल पूरे किए

संवाददाता हल्द्वानी

अमृत विचार : छह साल में थाल सेवा ने 25 लाख थाल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक निजी संस्थान में स्थापना दिवस को थाल सेवक सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वीरांगना संस्था के बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। मुख्य अतिथि एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा और निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने थाल सेवकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान सहयोगी सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि सालों से थाल सेवा की ओर से मात्र पांच रुपये में लोगों को भरपेट भोजन दिया जा रहा है। छह सालों से लोगों को निस्वार्थ भोजन कराया जा रहा है। इसके अलावा लिटिल मिरेकल फाउंडेशन और थाल सेवा की ओर से लोगों को निशुल्क उपचार और पेड़ सेवा जैसे सहयोग किए जा रहे हैं। यह कार्य बेहद सराहनीय हैं। टीम थाल सेवा के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया कि संस्था बीते छह सालों में 25 लाख थाल पूरे कर चुकी है। इसके अलावा संस्था का लक्ष्य आगे भी लोगों को भरपेट भोजन कराने का है। कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बीते छह सालों के कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में निराश्रित बच्चों को शिक्षा और आश्रय देने में सहयोग करने वाली वीरांगना संस्था को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संचालन स्वाति कपूर और रक्षित वर्मा ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उमंग वासुदेवा, राजीव बग्गा, प्रवीण मित्तल, राजीव वाही, हरित कपूर, संजय बग्गा, अतुल वर्मा, सुनीता वासुदेवा, एकता वर्मा, रीना मानसेरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संस्थाओं के लोगों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एसएसपी व अन्य। ● अमृत विचार

दीक्षांत स्कूल में बच्चों ने अद्भुत रामायण के मंचन से मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को कक्षा एक से 5 तक के बच्चों ने अद्भुत रामायणम् का मंचन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भव्य प्रस्तुति देकर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर दिवाली हाट का भी आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि संयुक्त आईएफए वित्तीय सलाहकार जिवेंद्र चंद्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर स्कूल के प्रबंधक समित टिक्कू ने कहा कि रामायण से आज के बच्चों को जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। साथ ये भी सीखना चाहिए कि उन्हें किस परिस्थिति में कैसा व्यवहार करना है। इससे पूर्व समित टिक्कू, शैक्षणिक प्रबंधिका स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, प्रधानाचार्या प्रभलीन कौर (कनिष्क शाखा) एवं समस्त समन्वयिकाओं ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि दीक्षांत परिवार ने रामायण का मंचन करके बच्चों में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र का जो बीज बोया है, उस वृक्ष को और घना बनाना सभी माता-पिता का भी कर्तव्य है।

कार्यक्रम के दौरान रामलीला का मंचन करते बच्चे। ● अमृत विचार

ओवरहैड टैंक का लोकार्पण किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत रामपुर रोड क्षेत्र में 800 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक और पेयजल योजनाओं के कार्य का लोकार्पण किया।

विधायक भगत ने कहा कि जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत 199.83 लाख रुपये की लागत से निर्मित 800 किलो लीटर क्षमता के जलाशय एवं पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का कार्य होना है। रामपुर रोड क्षेत्र की बड़ी आबादी को इस ओवरहैड टैंक का लाभ मिलेगा। इस मौके पर निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, अमित बिष्ट, राजेंद्र अग्रवाल, जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता विशाल कुमार, अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली, सहायक अभियंता प्रमोद चंद्र पांडे, राजेंद्र नेगी, प्रताप रैक्वाल मौजूद रहे।

बंदी को प्रशस्ति पत्र देतीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी।

बंदियों ने सीखे सजावटी सामान बनाने के गुर

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर उप कारागर हल्द्वानी में बंदियों के लिए 6 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 21 से 26 अक्टूबर तक बड़ौदा आईसीटी संस्था के सहयोग से आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में बंदियों को विभिन्न प्रकार की मोमबत्तियां, धूप, दीपावली की सजावट के लिए सामान आदि बनाने का कौशल सिखाया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी ने बंदियों के साथ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में उन्होंने बंदियों की समस्याएं सुनीं। साथ ही प्रशिक्षण में भाग लेने वाले बंदियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। शिविर में बंदियों को उनके अधिकारों, महिला अधिकारों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों, निशुल्क कानूनी सहायता, ई-परिजन और ई-टू कॉपी की जानकारी दी। कार्यक्रम में कारागार अधीक्षक प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्रवाई सर्राफ से रंगदारी के मामले में तीन बार पटियाला और मोहाली के चक्कर काट चुकी थी पुलिस

लॉरेंस के गुर्गे का मोबाइल मिला, जेल में लिए बयान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हाल ही में हल्द्वानी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गैंग के सदस्य सोनू कुमार का मोबाइल बरामद किया है। यह मोबाइल पंजाब के मोहाली स्थित डेराबस्सी थाने से जब्त किया गया, जिसमें रंगदारी मांगने का मामला शामिल है।

यह घटना 3 जुलाई 2024 को हुई थी, जब हल्द्वानी के सुरेश संस ज्वैलर्स के मालिक अंकुर अग्रवाल से एक लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई थी। आरोपी सोनू कुमार ने फोन के माध्यम से अंकुर को धमकी दी, जिसमें उसने खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा बताते हुए धमकाया था कि यदि वह पैसे नहीं देगा, तो गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस धमकी ने हल्द्वानी में व्यापारियों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया, जिससे उनकी सुरक्षा की चिंता बढ़ गई।

हल्द्वानी पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने जांच शुरू की और पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें मुरैना मध्य प्रदेश के देवेंद्र जाटव उर्फ रॉकी और हल्द्वानी के तल्ला गोरखपुर निवासी कैफे संचालक नागेंद्र सिंह चौहान शामिल थे। इन दोनों के माध्यम से पुलिस को सोनू कुमार के बारे में जानकारी मिली, जिस पर पूरी साजिश का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। पुलिस ने जानकारी जुटाने के लिए विभिन्न तकनीकी साधनों का उपयोग किया। पता चला कि सोनू कुमार अवैध हथियारों के एक मामले में पटियाला सेंट्रल जेल में बंद है। उसकी गिरफ्तारी ने पुलिस के लिए इस मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हल्द्वानी पुलिस की इस कार्रवाई में अदालत की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अदालत के आदेश पर ही पुलिस ने सोनू कुमार को आगामी सुनवाई के लिए हल्द्वानी लाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस का मानना है कि यह कदम न केवल इस मामले को सुलझाने में मदद करेगा, बल्कि यह अन्य अपराधियों में भी भय पैदा करेगा। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि हमने इस मामले को गंभीरता से लिया है और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे अपराधियों को बख्शा न जाए। लगातार संगठित अपराधों पर नजर रखेंगे और जरूरत पड़ने पर कठोर कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

पंजाब में पुलिस टीम का दौरा

पुलिस उस मोबाइल को जब्त करने की लगातार कोशिश कर रही थी, जिससे सर्राफ को धमकी दी गई थी, लेकिन वह मोबाइल पंजाब में था। पुलिस मोबाइल हासिल करने के लिए पहले ही दो बार पंजाब के चक्कर काट चुकी थी, इस बार पुलिस ने पंजाब का तीसरा दौरा किया। प्राथमिकता थी कि वे सोनू कुमार का मोबाइल जब्त करें। टीम ने डेराबस्सी थाने में जाकर मोबाइल को कब्जे में लिया। इसके बाद, पुलिस टीम पटियाला जेल पहुंची, जहां सोनू कुमार के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने इस मामले में सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को इकट्ठा किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि सोनू और उसके सहयोगी अन्य अपराधियों संग मिलकर संगठित अपराधों में लिप्त हैं।

दीप उत्सव है आनंद का अतिरेक

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया।

तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहां रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है।

पर्व त्योहार दिक् और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्ध्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं।

शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात-रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात 'दिव्य दीपशिखा' हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चैबारे, गरीब किसान के दुवारे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा।

तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते है, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते है। इस दही से 'मुदिता मथै विचार मथानी" के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर 'ज्ञान घृत' पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते है। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे 'तुरीय अवस्था' की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं "सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा/ दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा।" दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, "आत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा।" तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है "सुन्दरता कहु सुन्दर करई/छविग्रह दीपशिखा जनु बरई। दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है। दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है।

दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, "गणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं।" ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति 'निधिपति' भी है-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गई है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।

छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार "सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है।" परम तेजोमय सूर्य हैं। वे सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे "दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।" उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं "न तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वह न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है?" बताते हैं "तमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम् इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, "असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति-हम असत् से सत्, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें।" ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में कहते हैं, "हम साथ साथ चलें। साथ साथ वार्ता करें। हमारे सबके मन एक सामान हों। सामूहिकता का भाव भी उत्सव है।" भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। शुभकामना है, दीपावली भारत के जन गण मन को दीप्ति दे, आलोक दे, ज्योतिर्मय आभा दे, दीपशिखा की प्रभा दे। आत्मबोध दे, इतिहास बोध दे-मृत्र्योमां अमृतो गमय।

विकास के बदलते मानक

डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थाओं में यह बोध कथा बड़ी रुचि के साथ सुनाई जाती है कि प्रदेश के किसी सुदूर जनपद में एक अंचल ऐसा भी था जहां बीसियों साल से किसी वरिष्ठ अधिकारी में पहुंचने की जरूरत ही नहीं समझी थी। इस जनपद में जब एक नए ऊर्जावान जिलाधीश की नियुक्ति हुई तो उन्होंने कुछ नया करने के उत्साह में झटपट उस सुदूर अंचल में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण की योजना बना डाली। जब यह बात क्षेत्रीय लेखपाल को पता चली तो उसने भी झटपट ग्राम वासियों की सहायता से जिलाधीश के आगमन की तैयारी में गांव में साफ सफाई की व्यवस्था और छोटी मोटी शिकायतों का तत्काल ही निस्तारण कर डाला।

ग्राम में सम्पन्न हुई इन तात्कालिक व्यवस्थाओं से ग्राम के वृद्धजन इतने अभिभूत हो गए कि जब कलक्टर साहब गांव पहुंचे और निरीक्षण की औपचारिकता पूर्ण कर जाने लगे तो गांव की एक वृद्ध माता ने उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि-"जाओ बेटा..! तुम्हारी खूब तरक्की हो और तुम तरक्की पाकर पटवारी हो जाओ।!" दरअसल उन वृद्ध माता की कल्पना में पटवारी से बड़ा कोई अधिकारी हो ही नहीं सकता था इसलिए उन्होंने अपने हिसाब से उन्हें सबसे बड़ा अधिकारी बन जाने का आशीर्वाद प्रदान किया।

लगभग ऐसी ही दंतकथा पुलिस विभाग के प्रशिक्षण संस्थानों में भी रुचि के साथ सुनाई जाती है कि जब जनपद पुलिस के मुखिया कप्तान साहब किसी सुदूर अंचल में निरीक्षण को पहुंचे गांव वालों ने उनको प्रोन्नत होकर थानेदार हो जाने का आशीर्वाद दे डाला क्योंकि उनकी नजर में पुलिस का सबसे बड़ा अधिकारी थानेदार ही होता था इस हिसाब से उन्होंने अपने हिसाब से कप्तान साहब को सबसे बड़ा अधिकारी बन जाने का आशीर्वाद दिया। अब ग्रामीण भारत की भोली जनता के बारे में विद्यमान इन बोध कथाओं में एक नई बोध कथा भी जुड़ने को संघर्ष कर रही है जो इस देश के निरंतर विकासशील होते जा रहे गांव के स्वरूप को प्रदर्शित करती है। हुआ कुछ यूं कि ऐसे ही एक गांव में विकास कार्यक्रमों का जबरिया भरपूर बीड़ा उठाने वाले प्रधान जी की शह पर इंजीनियर साहब के रूप में ख्याति प्राप्त जेई साहब की ढेर सारी शिकायतें आने के बाद उनके नियंत्रक अधिकारी एई साहब ने स्वयं गांव में जाकर विकास कार्यों का जायजा लेने का निर्णय ले लिया। एई साहब के इस निर्णय से प्रधान जी और जेई साहब की सांस सांतत में आना स्वाभाविक था इसलिए उनके निरीक्षण का सारा दारोमदार स्वयं प्रधान जी ने ही संभाल लिया और एई साहब के गांव पहुंचने पर प्रधान जी ने गांव वालों से उनका परिचय इन शब्दों के साथ कराया - "मेरे प्यारे ग्राम वासियों..! यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है कि आज हमारे गांव में सहायक इंजीनियर महोदय का आना संभव हो सका है" प्रधान जी के संबोधन में "सहायक" शब्द पर विशेष बल दिया गया और उनके इस संबोधन का भोले भाले गांव वालों पर विशेष प्रभाव भी पड़ा।

यह सोचकर ग्रामवासियों की प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा कि प्रधान जी के प्रयासों के चलते यह शुभ कार्य संपन्न हो सका है कि गांव के विकास के लिए अब इंजीनियर साहब यानी जेई साहब को एक "सहायक" भी मिल गया है। खैर जैसे.. तैसे एई साहब का निरीक्षण भी निपट गया और किसी ग्रामीण की ओर से "सहायक इंजीनियर" साहब को प्रोन्नत होकर पूर्ण इंजीनियर के रूप में जेई बन जाने का आशीर्वाद प्रदान करने की कोई कहानी अब तक नहीं सुनाई पड़ी है। विकासशील देश में विकास की धुरी के रूप में चिन्हित ग्राम में विकास की अलख जलाने वाले इंजीनियर साहब के बारे में आम जनता के मध्य व्याप्त प्रसन्नता आने वाले समय में एई साहब को प्रोन्नत होकर जेई बन जाने की दंतकथाएं सुनाई दें इसी विश्वास के साथ विकास बदलते मानकों पर चर्चा जारी रहेगी।

लोकजीवन की अनंत भौतिक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक-संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है।

लोक क्या है तथा तंत्र और लोक का क्या संबंध है? यह प्रश्न लोकतंत्रात्मक जीवन प्रणाली का केन्द्रीय प्रश्न है क्योंकि लोकतंत्र में जीवन की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक और सभी प्रवृत्तियों की कसौटी लोकजीवन में होती है। इसलिए लोक के संबंध में बारबार जिज्ञासा करना, बारबार पूछना, बार बार उत्तर देना तथा निरंतर सोचना-विचारना लोकतंत्रात्मक समाज का सहज-स्वाभाविक दायित्व है। संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर-परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव-संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक-अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक-समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय-अस्मिता तथा परंपरा का महत्त्व कम नहीं है। लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार, अपराधी को दंड तथा पंचपंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोकसंस्कृति सामूहिक-जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है।

यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक-संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन-संस्कृति सामान्यजन-संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक-प्रक्रियाओं के परिणाम-स्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास-कल्चर अथवा जन-संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्त्वों का समाहार होता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है, सांस्कृतिक-धारा की एक लहर। एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोकविरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोकसंस्कृति विलुप्त हो रही हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं।

अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डा.रामविलासशर्मा कहते हैं-वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है, और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। संस्कृति मनुष्य से मनुष्य और प्रकृति से मनुष्य के सामंजस्य की निरन्तर-प्रक्रिया और उसका परिणाम है। इस समष्टि-प्रक्रिया में सामान्य से सामान्य जन की भूमिका होती है। यही समष्टि-प्रक्रिया है, जिससे एक कबीला दूसरे कबीले में, एक समुदाय दूसरे समुदाय में, एक जाति दूसरी जाति में अन्तर्भुक्त होती है और इस प्रकार समाज का निरन्तर विकास होता है। उसी प्रक्रिया से राष्ट्र बना है। विष्णु, राम और कृष्ण जैसे चरित्र उसी व्यापक प्रक्रिया की रचना है। राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत सहस्र मानव जातियों की एकता समान सामूहिक स्मृतियों, समान आनुवंशिकता, सहिष्णुता तथा सह अस्तित्व एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के सुख-दुःख तथा उतार समान अनुभूतियों से गुजरना समान अनुभूति की यह प्रक्रिया एक दिन की बात नहीं है। राष्ट्रीय एकीकरण को प्रक्रिया उसी दिन प्रारंभ हो गयी थी, जिस दिन भारत की धरती पर एक मनुष्य को दूसरा मनुष्य मिला था हितों का समर्थ बार-बार हुआ और बार होगा। किन्तु समायोजन' 'सपा' बड़ा सत्य है, अंततः "सभी समायोजन की प्रक्रिया में लय हो जाता है। नाग, गरूड़, गंधर्व, निषाद, यक्ष, वानर, देव तथा असुर आदि के जातियों, जिनके युद्धों की स्मृतियां पुराकथाओं में जीवित है, आज निज से गई अन्तर्मुक्त होकर एक दूसरे में समा गई। समायोजन की यह प्रक्रिया एक पल के लिए भी नहीं सकती निरंतर चलती रहती है तथा विविध जातियां और धर्म एक दूसरे में मुक्त हो जाते है। आदमी और आदमी का संबंध लोकजीवन की अनंत भौतिक मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। लोक संस्कृति का विधान एकता का विधान है, क्योंकि उसका विकास सामूहिक जीवन के साक्षात् संबंधों में होता है। देश में जो वैचारिक-आन्दोलन उठे उनका व्यापक और गहरा प्रभाव सारे देश में हुआ। भिक्षुओं के गीत चलते रहे और समस्त देश में पहुंचे जैसे सिद्धों के गीत। पर्वों पर सामान्यजन गया। कुंभ जैसे पर्वों का कितना बड़ा योगदान है । जो लोग समझते हैं कि संस्कृति (आचारप्रणाली, विचारप्रणाली, विश्वासप्रणाली, अभिव्यक्तिप्रणाली, सौन्दर्यबोध) की रचना कोई तत्वद्रष्टा-विचारक या ऋषि (आचार्य-मानस या शास्त्र-मानस) करता है। वे लोक की भूमिका को नहीं देख पाते। जो यह समझते हैं कि देश की प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रचना है, वे गंगा के पास जाकर भी केवल घाटों को देख कर ही लौट आए। उन्होंने पुरोहित को तो देख लिया किन्तु लोक को वे देख ही नहीं सके। उन्होंने घाटों को तो अवश्य जाना किन्तु गंगा के प्रवाह को नहीं जाना, वह धारा, जो प्रेम की सर्वोपरिता का अभिषेक करती है, जहां राजा रंक एक साथ गोता लगाते हैं, जहां वर्ण, वर्ग, विषमता का निषेध है

घाट का क्या? वे तो वर्गस्वार्थ के द्वारा ही बनाए जाते हैं। इतनी विविधताएं अन्तर्भुक्त हो कर एक राष्ट्र बना है, यह उस समष्टि-प्रक्रिया का परिणाम है। एक समान मूल्य विकसित हुए। आत्मा का सिद्धान्त इतना व्यापक बना। हमने लोकोक्तियों में जीवन का एक ही सत्य देखा, लोककहानियों में जीवन की एक जैसी संवेदना देखी। लोकगीतों में एक ही हृदय का स्वर सुना। उत्तर-दक्षिण-पूरब और पश्चिम भारत की सभी दिशाओं में लगभग समान प्रतीकविधान है। कुंभ-कलश हो अथवा दीपज्योति।

क्वाड और ब्रिक्स: कूटनीतिक ट्रिक्स

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

उक्त नामों के दो अंतरराष्ट्रीय सहयोग संगठन हैं। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया हैं। यह मुख्यतया दक्षिण चीन सागर में चीन के नाजायज एकाधिकार और दादागीरी पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है इसके अंतर्गत ये देश समय समय पर उस सामुद्रिक क्षेत्र में गश्त और युद्धाभ्यास करते हैं, जिसे चीन अपना कहकर, उसपर अन्यों के प्रवेश की वर्जना करता है। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका का व्यापारिक सहयोग संगठन है, जो मूलतः अमेरिका और पश्चिम के आर्थिक/ व्यापारिक वर्चस्व पर अंकुश लगाने के लिए है। पहले गुट की स्थापना 2007 में तथा दूसरे की 2009 में हुई थी।

भारत दोनों में है। कहने को भले ही इसे तटस्थता या गुट निरपेक्षता कहा जाए, किंतु है यह दो नावों पर पैर रखना। क्वाड सरासर चीन के विरुद्ध है। वह इससे चिढ़ता है और इसका विरोध भी करता रहा है, तब ब्रिक्स के जरिये वह हमारा हितैषी कैसे हो जायगा! ब्रिक्स में तो हम 2009 से हैं, तो डोकलाम और गलवान घाटी की घटनाएं क्यों हुईं? डोकलाम में हमारी और चीनी सेनाएं कई दिन एकदम आमने सामने रहीं और गलवान में भिड़ंत भी हुई, जिसमें हमारे 20 जवान शहीद हुए थे। मीडिया के एक वर्ग के अनुसार चीन वहां हमारे क्षेत्र में कुछ आगे भी बढ़ आया। चीन अरुणाचल पर दावा करता रहता है। क्या अब वह यह दावा नहीं करेगा? शी जिनपिंग को मोदी द्वारा झूला झुलाने के बाद भी भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने में वह रोड़ा अटकाता है। अभी रूस के 'कज़ान' में हुए इन देशों के शिखर सम्मेलन में मोदी और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग गरम जोशी से मिले। मिलने के फौरन बाद दिए गए दोनों नेताओं के बयानों में स्पष्ट अंतर दिखा। चीन के बयान में सीमा विवाद महत्व नहीं रखता, व्यापारिक व अन्य सहयोग पर ही जोर दिखा, जबकि भारत सीमा विवाद अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। ज़ाहिर है हमारा बड़ा क्षेत्रफल चीन के कब्जे में है और चीन दोनों देशों के बीच की स्थापित 'मैकमाहोन' रेखा को नहीं मानता। अविश्वसनीय और धोखेबाज चीन भरोसेमंद कदापि नहीं। वह अनैतिक और प्रसारवादी है। विश्वास तो कभी नेहरू ने भी किया था और 1954 में उन्होंने और तत्कालीन चीनी प्रमुख चाउ-एन-लाई ने "पञ्चशील' के आदर्श सिद्धॉत अपनाए थे तथा 'हिंदी चीनी भाई भाई' के नारे भी लगे थे। उसका परिणाम 1962 में चीनी आक्रमण के रूप में सामने आ गया, जिसमें हमारा विशाल क्षेत्रफल चीन ने कब्जिया लिया था। ऐसे में यह सहयोग संगठन कूटनीतिक ट्रिक ही है, जिसे नाटक भी कहा जा सकता है। मेरे ख्याल से अपना शक्ति सचंय ही काम आएगा, ट्रिकें और स्वॉग नहीं।

शब्द और भाषा



बाघ ने हिरण को मारा। यह होने से थोड़ा अलग है। यहां चेतन को सचेष्ट होना पड़ता है। मानव को ज्यादा चेतन माना जाता है। अत: वह करेगा भी ज्यादा। जानवरों से ज्यादा करेगा। होने और करने के फलस्वरूप नई-नई चीजें बनती हैं।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक समय रहा होगा जब आदमी धरती पर नहीं रहा होगा। कहिए एक करोड़ या सौ करोड़ वर्ष अतीत में। प्रकृति में तब भी कुछ घटता होगा, होता होगा। लेकिन तब भाषा नहीं रही होगी। होना ज्यादा मौलिक है। आदमी का विकास हुआ। उसे भगवान ने बनाया-अपने जैसा या बंदर जैसा। ब्रह्मा के पुत्र मनु और पुत्री शतरूपा ने मानव को जन्म दिया, या फिर क्रमिक विकास होते-होते मानव बना। कैसे भी हो, मानव हुआ।

जीव हुआ तो करना हुआ। बाघ ने हिरण को मारा। यह होने से थोड़ा अलग है। यहां चेतन को सचेष्ट होना पड़ता है। मानव को ज्यादा चेतन माना जाता है। अतः वह करेगा भी ज्यादा। जानवरों से ज्यादा करेगा।

होने और करने के फलस्वरूप नई-नई चीजें बनती हैं। मानव ने इन होने, करने और चीजों का वर्णन करने के लिए, इस वर्णन को अन्य जीवों या सहचर मानवों को बतलाने के लिए शब्द बनाए। ध्वनियों के अर्थ में नहीं, वर्णनात्मक अर्थ में। इन्हीं शब्दों के साथ भाषा का विकास हुआ।

मेरे पेट में दर्द है। मुझे भूख लगी है। आपकी बात मुझे अच्छी नहीं लगी। मैं कल नहीं आऊंगा। बिल्ली दूध पी गई। मेरा बेटा इलाहाबाद में नौकरी करता है। शब्द बने और भाषा बनी। बीत दिनो एक अंग्रेजी कविता सोशल मीडिया पर साझा की। उसका शीर्षक है-अस्थि विसर्जन। मैंने सोचा-अंग्रेजी कविता का शीर्षक हिंदी में! कुछ जम नहीं रहा था। अंग्रेजी में मन मुताबिक शब्द मिल नहीं रहे थे। अंग्रेजी शब्द वह संप्रेषित करने में असमर्थ मिले जिसे अस्थि विसर्जन संप्रेषित करता है। सांस्कृतिक अनुगूंज।

मैंने सोचा, लैटिन में देखूं। बन जाए कोई शब्द शायद। नहीं जंचा। सोचा ग्रीक देख लूं। कुछ जंचा नहीं। जर्मन में भी नहीं। नहीं मिला। वैसे मुझे न लैटिन आती है, न ग्रीक न जर्मन। गूगल बाबा मदद नहीं कर सके। क्यों नहीं मिले शब्द? क्योंकि वहां अस्थि विसर्जन नहीं होता है। होलोकास्ट होता है। लेकिन वह अस्थि विसर्जन नहीं है। होता नहीं है, करते नहीं हैं, चीजें नहीं हैं, तो शब्द भी नहीं हैं। उन्होंने पौधों का अध्ययन किया, कीड़ों का अध्ययन किया, जानवरों का अध्ययन किया, शरीर के अंगों का अध्ययन किया, अनेक रासायनिक वस्तुओं का, प्रक्रियाओं का, मशीन के पुर्जों का, गणितीय धारणाओं का अध्ययन किया। अंग्रेजी तो गाय-गोरू चराने वालों की भाषा रही। उतनी लचीली नहीं जितनी लैटिन है, ग्रीक है, जर्मन है। तो उन्होंने शब्द ढाले, बनाए, तराशे। उनकी भाषा विकसित होती चली गई। अंतर्राष्ट्रीय भाषा बन गई। कैसे? करने से। होते हुए देखने से।

एक जमाना था जब हम आयुर्वेद करते थे। हजारों पौधे। नाम, वर्णन, द्रव्यगुण, उपयोग। पूरा निघंटु। आज हिंदीभाषी जनता के पास वे शब्द भी नहीं रहे। पौधे पहचानने वाले रहे नहीं। आज कौनी, खेरी और सावां पहचानने वाले ही नहीं मिलेंगे। कुलथी की दाल आसानी से नहीं मिलती। सौ वर्ष नहीं बीते हैं। हिंदी वालों ने स्थानीय और क्षेत्रीय शब्दों की भी उपेक्षा की है।

दोहरी जाति व्यवस्था से सामाजिक बदलाव की ओर

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

पुनर्जन्म के सिद्धांत के अनुसार हम न्याय के संदर्भ में सदैव प्रारंभिक अवस्था में रहते हैं। पूर्व जन्म में हमारी जाति तथा व्यवसाय क्या था? वह अज्ञात है और आगामी जन्म में भी हमारे लिए यह अज्ञात ही रहेगा।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद्विज उच्यते। श्लोक का अर्थ है-जन्म से सभी शुद्र होते हैं, संस्कारों से वे ब्राह्मण बन सकते हैं। स्कंद पुराण के नागर खंड का यह श्लोक सनातन धर्म की गतिशीलता, लचीलेपन और व्यापक समावेशिता की भावना को दर्शाता है। आज भारतीय समाज में जाति ज्वलंत मुद्दा है। भारतवासी हिंदू अनेक जातियों और उपजातियां में बुरी तरह विभाजित है। 1947 का भारत जो लगभग सभी क्षेत्रों में विकास की शैशवावस्था में था, वर्तमान में लगभग सभी क्षेत्रों में परिपक्वता की ओर उन्मुख है, परंतु यह दुर्भाग्य की बात है हम जाति जैसे मुद्दों पर आज भी जड़ बने हुए हैं। तमाम संवैधानिक प्रावधानों व लाभकारी उपबंधो व नियमों के बावजूद शताब्दी वर्ष की और उन्मुख भारतवासियों से जातिगत सद्भाव तथा समरसता की जो उम्मीद की गई थी, वह अभी कोसों दूर है। जाति का कोढ़ व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र को दीमक की भांति खोखला करता जा रहा है।

आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जा रही है। प्रश्न यह है क्या महज संवैधानिक प्रावधानों, कानून, नियमो व आर्थिक लाभ देकर किसी व्यक्ति अथवा जाति की सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। गहराई से विश्लेषण किया जाए तो हम पाएंगे बिना सामाजिक संरचना में बदलाव व गतिशीलता के निम्न जाति की स्थिति को बेहतर नहीं बनाया जा सकता।

आज समय की मांग है प्राचीन वैदिक आख्यानों में वर्णित वर्ण व्यवस्था की और लौटने की। प्राचीन वर्ण व्यवस्था में आई विकृति को दूर करने का उपाय है आगामी जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति के लिए दोहरी जाति व्यवस्था का प्रावधान करना होगा। एक जन्मना जाति जो वर्तमान में प्रचलित है जिसकी गणना की बात की जा रही है और दूसरी होगी अर्जित जाति जो व्यक्ति अपने पेशे, गुण, योग्यता तथा कर्म के आधार पर प्राप्त करता है। दोहरी जाति व्यवस्था से धीरे-धीरे आगे चलकर समाज में क्रांतिकारी सामाजिक बदलाव आएगा। जातिगत व्यवस्था में लचीलापन तथा गतिशीलता स्थापित होगी जो सनातनी वर्ण व्यवस्था का मूल उद्देश्य है। धीरे-धीरे जातियों में निहित पारस्परिक कटुता, वैमनस्यता आदि की भावना दुर्बल हो जाएगी और हम जातिगत सद्भाव तथा समरसता की और उन्मुख होंगे जो हिंदुत्व तथा अखंड भारत के लिए हर दृष्टिकोण से अपरिहार्य है।

वैसे भी सनातन धर्म पुनर्जन्म में विश्वास रखता है। पुनर्जन्म के सिद्धांत के अनुसार हम न्याय के संदर्भ में सदैव प्रारंभिक अवस्था में रहते हैं। पूर्व जन्म में हमारी जाति तथा व्यवसाय क्या था? वह अज्ञात है और आगामी जन्म में भी हमारे लिए यह अज्ञात ही रहेगा। अतः वर्तमान व्यवस्था को ही मानवीय संदर्भ में इस प्रकार निर्मित किया जाए ताकि ईश्वर द्वारा प्रदत्त हर अवस्था में हम मानवीय गरिमा और समान अधिकारों के साथ जीवन निर्वाह करें क्योंकि हमारे कर्म और हमारे द्वारा स्वीकार व्यवस्था ही अंततोगत्वा हमारी नियति का निर्धारण कर रही है। वर्तमान में हिंदू धर्म की सभी जातियों का सनातन में पूर्ण विश्वास व आस्था पुनः जागृत करने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समाज में जो हिंसा, अवसाद क्रोध और वैमनस्य फैल रहा है इसका मुख्य कारण सनातन के संदर्भ में एक कालखंड में कुछ लोगों द्वारा फैलाई गई भ्रामक धारणाएं हैं, जिसने कुछ जातियों तथा वर्गों को सनातन धर्म से काफी हद तक दूर कर दिया। सनातन धर्म की उत्सव प्रियता, इसकी गत्यात्मकता इसका प्राणतत्व और आनंद उस जीवनदायिनी और मोक्षदायिनी गंगा की भांति है जो सबके लिए सर्व सुलभ है। अतः समाज में दोहरी जाति व्यवस्था को प्रावधान उन बुरी शक्तियों को हतोत्साहित करेगा जो आर्थिक रूप से समृद्ध व सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित होने के बावजूद व्यक्तिगत निहितार्थों को पूरा करने के लिए जाति का अवलंबन लेते हैं, देश व समाज को दीमक की तरह खोखला करने में लगे हुए हैं।

भारतीय वैदिक परंपरा में वर्ण गतिशीलता के अनेक उदाहरण है, जहां चारों वर्णों में कर्म के अनुसार ऊर्ध्वाधर या अधोमुखी दोनों ही दिशा में गतिशीलता संभव थी, अर्थात कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से ब्राह्मण से क्षत्रिय वैश्य अथवा शुद्र और शूद्र से ब्राह्मण भी हो सकता था। अतः समाज में हर वह व्यक्ति जो पेशे के अनुरूप जिस वर्ग से संबंध रखता है और संबंधित कर्म करता है उसकी अर्जित जाति में बदलाव आवश्यक है। धीरे-धीरे समय बीतने पर अर्जित जाति मुख्य जाति हो जाएगी और जन्म आधारित जाति गौण हो जाएगी। दोहरी जाति व्यवस्था का प्रावधान प्राचीन वैदिक वर्ण व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के साथ व्यक्ति में आत्मिक संतोष, गरिमा और मानवीय अधिकारों को सुनिश्चित करने के साथ-साथ पारस्परिक सद्भाव, देश की उन्नति तथा विश्व गुरू बनने की दिशा में भी बेहतर प्रयास सिद्ध होगा।

एक नजर

कच्ची शराब के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर : कुंडा पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो लोगों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम बाबरखेड़ा से राजा को 28 पाउच और तुमडिया डैम की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से राजू सिंह निवासी किलावली को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

29 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित दो दबोचे

खटीमा : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शराब के कारोबारियों के खिलाफ चलाए ठेका के तहत कोतवाली पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दो लोगों को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भड़ा भूड़िया निवासी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू को 29 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि सत्रहमील पुलिस ने रघुलिया निवासी कृष्ण सिंह को 30 पाउच कच्ची शराब सहित पकड़ा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस ने पकड़ा सट्टेबाज

खटीमा : कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात्रि इस्लामनगर में हिंदुस्तान मैरिज हाल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जो पुलिस को देखकर छुपने लगा था। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक सट्टा डायरी, बॉल पेन और 1200 की नगदी बरामद की। पूछताछ में उसने स्वयं को वार्ड संख्या पांच इस्लामनगर निवासी शहनवाज बताया। यह भी बताया कि वह सट्टा लगाता रहता है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।

लड़की की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की

खटीमा : नगर पालिका वार्ड संख्या नौ अमाउं निवासी हंसराज ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री 16 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसकी नाते रिश्तेदारों सहित काफी खोज करने के बाद उसका कोई पता नहीं लग सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सास-बहू और भाभी के बीच मारपीट

बाजपुर : पारिवारिक विवाद के चलते सास-बहू और भाभी के बीच मारपीट हो गई। ग्राम जगन्नाथपुर में शुक्रवार की देर रात सास-बहू और भाभी के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान सास हालिमन (55) पत्नी मोहम्मद अली गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।

गदरपुर-बिलासपुर में पुलिस ने की कुर्की की कार्रवाई, पांच-पांच रुपये घोषित है इनाम, ढोल बजाकर आरोपियों को आत्मसमर्पण की हिदायत दी

जाफरपुर गोली कांड के फरार आरोपियों के घर नोटिस चस्पा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना दिनेशपुर इलाके के जाफरपुर में 12 अक्टूबर को हुई अंधाधुंध गोलीबारी प्रकरण में पुलिस ने अब फरार चल रहे पांच-पांच रुपये इनामी बदमाशों के घरों पर कुर्की का नोटिस चस्पा करना शुरू कर दिया है। साथ ही ढोल बजाकर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किए जाने का ऐलान भी किया। इसके अलावा पुलिस संभावित ठिकानों पर भी छापेमार कार्रवाई कर रही है।

12 अक्टूबर की देर रात्रि थाना दिनेशपुर इलाके के जाफरपुर में दो बाहुबलियों में गैंगवार हो गई थी। दोनों तरफ से 50 से अधिक राउंड फायरिंग भी हुई थी। जिसमें अवैध असलहों का खुलकर इस्तेमाल हुआ था और इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया था। गोलीकांड प्रकरण में सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों को चिह्नित कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन कई आरोपी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों पर एसएसपी ने पांच-पांच रुपये का इनाम घोषित भी किया। बावजूद आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं आए।

पुलिस ने अब ग्राम अर्जुन नगर रुद्रपुर निवासी जसवीर सिंह उर्फ जस्सी कचूरा, डिबडिबा बिलासपुर यूपी निवासी हरमन सिंह उर्फ तोतला, ग्राम लखनऊ गदरपुर निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी और हरेंद्र सिंह विर्क के खिलाफ न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद शनिवार को गदरपुर व बिलासपुर के रहने वाले चारों फरार आरोपियों के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया और ढोल बजाकर आरोपियों को जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण किए जाने का ऐलान भी कराया। साथ ही हिदायत दी कि यदि समय अवधि के अंदर आरोपियों ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया तो कुर्की की जाएगी। इसके अलावा पुलिस की कई टीमें भी लगाकर पंजाब, हरियाणा सहित पश्चिमी यूपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

फरार आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा करती पुलिस। ● अमृत विचार

ढोल बजाकर आगाह करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

> 12 अक्टूबर की रात्रि को फिल्मी अंदाज में जिस प्रकार दोनों ओर से 50 से अधिक राउंड गोलीबारी हुई थी। वह दुस्साहसिक घटना थी। जिसमें राहगीर की जान भी जा सकती थी। ऐसे बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस तफ्तीश में पता चला है कि एक पक्ष से 25 व दूसरे पक्ष से 15 लोगों ने अवैध असलहों से फायरिंग की थी। फिलहाल पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही चिह्नित फरार आरोपियों के खिलाफ कुर्की के अलावा विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **-मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

ससुरालियों ने विवाहिता के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : विवाहिता ने सास ससुर समेत ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सास, ससुर समेत चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा थाना क्षेत्र के श्याम नगर निवासी गीता पत्नी हरदीप सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। बीती 20 अक्टूबर की सुबह वह अपने कमरे में अकेली थी। इस दौरान उसका जेठ संदीप सिंह, ससुर चंद्र किशोर जान से मारने की नीयत से उसके कमरे में घुस आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उसके जेठ संदीप ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सास शकुंतला देवी, नंद प्रियंका व अंजलि भी आ गए। उन्होंने भी उसके साथ मारपीट की और घर के बाहर सड़क पर फेंक दिया। इस दौरान उन्होंने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सास, ससुर, जेठ व दोनों ननद के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सब आरोपों की जांच कर रही है।

दीपावली को लेकर सभी निकायों में चलाएं विशेष सफाई अभियान

डीएम ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश, ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों का रखें विशेष ध्यान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने दीपावली त्यौहार को लेकर की गयी बैठक में अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश सभी नगर निकायों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली को लेकर स्वच्छता सुरक्षा अभियान चलाया जाए। साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी शौचालयों को उपयोगी बनाये रखने के लिए विशेष अभियान चलाएं।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग के स्वामित्व में शौचालय है, वह विभाग उन सभी शौचालयों की साफ-सफाई करेगा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनपद के सभी गांवों में अत्यंत गंदे स्थान को चिन्हित कर साफ-स्वच्छ कराएं। साथ ही उस स्थान की पहले एवं सफाई के बाद की फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने जनपद के सभी नगर निगम को 50, नगर पालिका को 25 एवं नगर पंचायत को 10 फोटोग्राफ सफाई अभियान की पहले व बाद के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नगर निकायों में सफाई अभियान के साथ ही सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन में सफाई, अनाधिकृत होर्डिंग्स हटाने, मार्गों में प्रकाश व्यवस्था ठीक करने, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों जहां दिन में भीड़ अधिक होती है, उन स्थानों पर रात्रि के समय सफाई कराने व पर्यावरण मित्रों को मास्क, ग्लब्स व बूट इत्यादि वितरित करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

आतिशबाजी की दुकानें निर्धारित स्थानों पर लगायी जाएं

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली त्योहार का सीजन चल रहा है। इसलिए आतिशबाजी की दुकानें निर्धारित स्थानों पर लगाई जाएं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था व फायर वाहन की व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। चिकित्सालयों में भी सभी व्यवस्थाएं चुस्त रखें, बर्निंग यूनिट सक्रिय रखें, फायर वाहनों को मुख्य बाजारों व पटाखा बिक्री स्थानों में तैनात रखें, यातायात व पार्किंग व्यवस्था की जाए।

ये रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, पीडी हिमांशु जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, डॉ. अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत आदि मौजूद थे। इसके अलावा उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व ईओ वर्चुअल जुड़े थे।

9 नवंबर को रजत जयंती के रूप में मनाया जाएगा स्थापना दिवस

तैयारी

- जनपद स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा आयोजित
- डीएम ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राज्य स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम 9 नवंबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा।

शनिवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान खटीमा गोलीकांड के शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा और राज्य आंदोलनकारियों एवं शहीदों को भी याद किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अधिशासी अधिकारियों को शहीद स्मारकों की सफाई कराने और राज्य स्थापना दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिक्षा, खेल और युवा कल्याण विभाग को निर्धारित विषयों पर पेंटिंग, निबंध, रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, पीडी हिमांशु जोशी, एमएनए नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडे, अमृता शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, मुख्य उद्यान अधिकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, डीओपीआरडी बीएस रावत, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम में यूएसनगर पहले स्थान पर

रुद्रपुर, अमृत विचार : बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर विगत वर्ष से प्रदेश में लगातार पहले पायदान पर बना हुआ है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर जनपद प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है, जबकि देहरादून दूसरे और पौड़ी जनपद तृतीय स्थान पर रहा। शनिवार को जिलाधिकारी ने चालू वित्तीय वर्ष में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए वर्षभर बीस कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम के 44 मदों में जनपद 36 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 3 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 3 कार्यक्रमों में सी व एक कार्यक्रम में डी श्रेणी प्राप्त की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिए।

छूटने के बाद चोर दे रहे धमकी

दुस्साहस

- 11 सितंबर को हुई थी भूरारानी गांव में चोरी
- पुलिस पर मिलीभगत होने का लगाया आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोतवाली हल्का पुलिस पर चोरी का माल बरामद होने के बाद भी चोरों को छोड़ने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि पुलिस चंगुल से छूटने के बाद आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड-32 भूरारानी निवासी रेशमा ने बताया कि 11 सितंबर को वह ग्राम बेतिया पटना गई थी और जब 23 सितंबर की सुबह 5 बजे घर पहुंची तो घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जब पड़ताल की तो पता चला कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, सोने के झुमके, सोने की बाली, सोने की नथनी, सोने की बाली, चांदी की पायल, चांदी की पायल 14 तोला, चांदी की चोटी 200 ग्राम, चांदी का हाथ शंकर, चांदी का झुमका चार जोड़े, छह चांदी की अंगूठियां, चार जोड़ी सोने की लौंग, चार जोड़ी चांदी के छल्ले, किराना स्टोर का सामान सहित सात हजार रुपये की नगदी सहित लैपटॉप चोरी हो गया था। आरोप था कि 23 सितंबर को ही पुलिस ने पड़ोसी पारो, कुसुम, मंजू और रेखा को हिरासत में लेकर पूछताछ की और कुछ चोरी का सामान बरामद भी किया। पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद भी आरोपियों को छोड़ दिया। इसके बाद सभी आरोपी महिलाएं अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पुलिस कार्रवाई किए जाने पर जान से मारने की धमकियां देने लगीं। पीड़िता का आरोप था कि पुलिस द्वारा मिलीभगत के बाद चोरों को छोड़ दिया गया और अब जानमाल का खतरा बना हुआ है। बताया कि मेहनत मजदूरी कर बेटी की शादी का सामान एकत्रित किया था, लेकिन पुलिस ने छोड़ दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुनःतफ्तीश शुरू कर दी है।

चोर समझकर युवक की कर डाली बेरहमी से पिटाई

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके के शांति कॉलोनी में एक युवक को चोर समझकर बेरहमी से पिटाई करने और अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-18 शांति कॉलोनी निवासी शानू अग्निहोत्री ने बताया कि उसका छोटा भाई मोहित कुमार अपनी बुआ के घर आया हुआ था। विगत दिनों खाना खाकर भाई छत पर टहल रहा था। अचानक पैर फिसलने के कारण वह टिनशेड पर गिर गया और चोटिल हो गया। आरोप था कि पड़ोसी टिनशेड स्वामी ने भाई को चोर समझकर पीटना शुरू कर दिया और घायल भाई के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया। भाई को अधमरा कर चोर बताकर सड़क पर फेंक दिया। आनन-फानन में भाई को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल के भाई ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पनीर से भरे पांच ड्रम पकड़े

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: दीपावली पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जारी अभियान के तहत शनिवार की प्रातः सात बजे दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बेलवाल ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ई-रिक्शा में टांडा रामपुर उत्तर-प्रदेश से लाया जा रहा पनीर से भरे पांच ड्रम पकड़ लिए। ड्रमों से करीब ढाई क्विंटल पनीर बरामद हुआ है।

पुलिस की सूचना पर पहुंचे खाद्य निरीक्षक पवन कुमार ने पनीर के आठ सैंपल भरे और एक व्यक्ति को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि जनता को स्वस्थ रखने के लिए मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी पनीर से संबंधित कोई लाइसेंस इत्यादि मौके पर नहीं दिखा पाया। जानकारी करने पर पता चला कि यह पनीर नैनीताल में दुकानों पर बिकने के लिए जा रहा था। वहीं फूड इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया है कि उन्होंने पनीर के आठ सैंपल ले लिए हैं जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। पुलिस टीम में एसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज बिष्ट, कांस्टेबल राजेश नाथ आदि शामिल रहे।

बाजपुर के दोराहा में ई-रिक्शे में जा रहे पनीर की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

बैटरी में शार्ट सर्किट से बस में लगी आग

काशीपुर: क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल की खड़ी बस में अचानक आग लग गई। जिससे बस का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह जल गया। हादसे के दौरान बस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जानमाल का नुकसान होने से बच गया। शनिवार को क्षेत्र के एक स्कूल में संचालित बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार बस चालक ने दोपहर में बच्चों को छोड़कर मानपुर रोड स्थित अपने घर पर बस खड़ी कर दी थी। कुछ घंटे बाद अपने आप बस से धुआं उठना शुरू हुआ और देखते ही देखते बस आग की चपेट में आ गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया बस की बैटरी में शार्ट सर्किट से आग लगना वजह माना जा रहा है।

मामला — सगे चाचा की जमीन को बता डाला अपनी, निर्माण कार्य ठेकेदार ने कराया मुकदमा दर्ज

यूपी में अपनी जमीन बताकर की छह करोड़ की धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आवास विकास के रहने वाले एक ठेकेदार को खुद की जमीन बताकर करोड़ों की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। जब पड़ताल की तो पता चला कि यूपी में स्थित जमीन आरोपी के सगे चाचा की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास निवासी अभय कुमार गोयल ने बताया कि वह निर्माण कार्यों का ठेकेदार है और अपने बेटे पारस गोयल और पार्टनर राजीव सिंघल के साथ मिलकर जमीन की खरीद-फरोख्त भी करते हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात तजिंदर सिंह बाजवा निवासी ग्राम टैमरा फार्म बिलासपुर यूपी और करनाल हरियाणा निवासी पवनिंदर सिंह वासन ने गांव टैमरा में 8.33 एकड़ भूमि बेचने का प्रस्ताव रखा। बातचीत के दौरान सौदा बना तो आरोपियों ने 1.10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सौदा किया और बयाना 10 लाख भी ले लिए। 6 सितंबर से मार्च 2024 तक 6.7 करोड़ की धनराशि का भुगतान कर दिया। आरोप था कि जब तजिंदर सिंह और पवनिंदर सिंह वासन से रजिस्ट्री करने की बात कही। पवनिंदर ने जमीन को चाचा की बेटियों के नाम होना बताया। साथ ही आश्वासन दिया कि वह जमीन खरीद में पार्टनर बन जाएगा और जल्द ही भूखंड की रजिस्ट्री करवा देगा। कई माह बीत जाने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री और धनराशि वापस नहीं कि तो अप्रैल माह में दोनों आरोपियों ने धमकी देनी शुरू कर दी। संदेह होने पर पड़ताल की तो पता चला कि पवनिंदर ने अपने रिश्तेदारों के नाम भूमि कर दी है। शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

साजिश के तहत हड़पे करोड़ों रुपये

रुद्रपुर : हरियाणा करनाल निवासी पवनिंदर सिंह की बिलासपुर में आना जाना था और तजिंदर सिंह बाजवा के माध्यम से ही दोनों ने निर्माण कार्य ठेकेदार से मुलाकात की। खुद ही टैमरा गांव की जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा। आरोपियों को पता था कि ठेकेदार जमीन की खरीद फरोख्त करता है। यही कारण है कि दोनों ने बड़ी सोची समझी साजिश के तहत धोखाधड़ी का खेल रचा।

सगी बहनों की भूमिका पर गहराया संदेह

रुद्रपुर : शिकायतकर्ता अभय कुमार गोयल ने बताया कि बिलासपुर टैमरा में दिखाई गई भूमि के वास्तविक मालिक सुरीना मनचंदा निवासी पंचकूला चंडीगढ़ व निहारिका मग्गू निवासी पश्चिम बिहार दिल्ली है। दोनों सगी बहनों के नाम ही जमीन है। जमीन की खरीद फरोख्त की बात दोनों बहनों की पता थी। बावजूद जमीन की चचेरे भाई ने रजिस्ट्री कर ली, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं की। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि कहीं न कहीं इस साजिश में बहनों की भूमिका भी है।

खालिस्तानी आतंकियों की दी धमकी

रुद्रपुर : शिकायतकर्ता अभय कुमार गोयल का आरोप था कि जब धोखाधड़ी की भनक लगी तो उसने छह करोड़ वापस करने का दबाव बनाया। आरोप था कि आरोपी तजिंदर सिंह बाजवा और पवनिंदर सिंह वासन ने बेटे व पार्टनर को धमकाते हुए कहा कि उसके कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादियों से ताल्लुक हैं और पूरे परिवार की हत्या करवा दूंगा। साथ ही अभद्रता करते हुए रकम वापस नहीं करने की बात कही। पीड़ित ने जानमाल का भी खतरा बताया है।

कच्ची खमरिया में हुई चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

कार्रवाई

- पुलिस ने बरामद किया माल, यूपी का निवासी है आरोपी
- 24 अक्टूबर को हुई थी फुलसुंगी में चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुई लाखों की चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चोरी का माल भी बरामद कर लिया।

थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 25 अक्टूबर को फुलसुंगी स्थित कॉलोनी निवासी पिंटू जोयाल ने बताया था कि 24 अक्टूबर को चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने का हार, सोने के झुमके, बच्ची की सोने की बाली चोरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी। सुरागरसी-पतारसी के बाद पुलिस ने मूल रूप से चंदपुरा बदायूं बीसलपुर पीलीभीत व हाल निवासी कच्ची खमरिया रोड लालपुर निवासी सोमपाल को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

चोरी के आरोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

सीलिंग की भूमि के अधिग्रहण का किया विरोध

किच्छा स्थित गुरुद्वारे में किसानों ने की विशाल सभा, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता कर रखा अपना पक्ष

संवाददाता, किच्छा

किच्छा में एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) संगठन से जुड़े तमाम किसानों ने बैठक करते हुए राज्य सरकार द्वारा सीलिंग की भूमि के अधिग्रहण के निर्णय का विरोध करने का ऐलान करते हुए उपजिलाधिकारी से भेंट कर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस दौरान तमाम किसानों ने उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को जमीन संबंधी कागजात दिखाते हुए विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की।

उपजिलाधिकारी से भेंट वार्ता करने से पूर्व भारतीय किसान यूनियन संगठन के बैनर तले दर्जनों किसानों ने नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में बैठक की और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान किसानों ने कहा कि वे पिछले करीब 60- 70 सालों से भूमि पर भूमिधरी अधिकार लिए हुए हैं और लगातार कृषि कार्य कर रहे हैं, ऐसे में सरकार द्वारा सीलिंग के नाम पर किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह न्याय के लिए न्यायालय की शरण में गए हुए हैं, जहां पर न्यायालय द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि पर किसी भी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप करने पर रोक लगा दी गई है, जब तक सरकार और किसानों के बीच का प्रकरण निष्पादित नहीं हो जाता तब तक तीसरे पक्ष का समावेश संबंधित भूमि पर नहीं किया जा सकेगा। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोख सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में किसानों ने भूमि के विभिन्न मामलों को सामने रखा। बैठक में तय किया गया कि जब तक जमीन संबंधी प्रकरण का न्यायालय द्वारा निस्तारण नहीं किया जाता, तब तक सरकार से भूमि पर उन्हें कृषि कार्य करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे लोग ग्राम चाचर, बखपुर सहित क्षेत्र में पिछले करीब 70 सालों से कृषि कार्य करते आ रहे हैं और सरकार द्वारा उन्हें भूमिधरी अधिकार दिया गया है, किंतु वर्तमान में भूमि को सीलिंग की भूमि बताकर सरकार भूमि को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई कर रही है जो किसी दृष्टि से न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी बात मजबूती से रखने के लिए एकजुट होना होगा और सीलिंग के नाम पर अधिग्रहण की गई भूमि को वापस किए जाने की मांग की जाएगी।

वरिष्ठ किसान नेता देवेंद्र सिंह विर्क एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि किसी कीमत पर भी किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी किसान एकजुट होकर अपनी मांग को सरकार के सामने रखेंगे। एसडीएम कार्यालय में किसानों से वार्ता के बाद उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने कहा कि न्यायालय द्वारा सीलिंग भूमि अधिग्रहण के संबंध में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप पर रोक लगाई गई है, किंतु हमको सरकारी भूमि की देखरेख स्वयं करनी है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा लगाई गई फसल को किसान काट सकते हैं और यदि किसी बिंदु पर किसानों में असमंजस की स्थिति है तो वह उनके कार्यालय में आकर प्रत्येक बिंदु पर वार्ता कर अपनी शंका का समाधान कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार की मंशा किसी कीमत पर भी किसानों का अहित करने की नहीं है। इससे पूर्व जुलूस की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे किसानों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता तरसेम सिंह, देवेंद्र सिंह विर्क, विजय अरोरा, उधम सिंह, बंटी सिंह, सतनाम सिंह, कुलविंदर सिंह, बलबीर सिंह, गुरनाम सिंह, सुखचैन सिंह, बलकार सिंह, बलविंदर सिंह, मिंटू सिंह, सेवा सिंह, भूपेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पति ने पत्नी की जमकर धुनाई की

बाजपुर: परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने की मांग करने पर पति ने अपनी पत्नी की जमकर धुनाई कर दी। पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम हरिपुरा निवासी मीना डोगरा ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसका विवाह करीब ढाई वर्ष पूर्व नितिन डोगरा के साथ हिंदू रीतिरिवाज से हुआ था। वर्तमान में वह तीन माह की गर्भवती है। अभी तक उसका नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज न होने के कारण उसका स्वास्थ्य कार्ड नहीं बन पा रहा है और न ही सरकारी टीके लग पा रहे हैं। आरोप है कि शनिवार की प्रातः करीब सात बजे उसने अपने पति से नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने की बात कही, तो वह आग बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं सास-ससुर ने भी मारपीट की है। वहीं पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता की सूचना पर मायके वाले भी हल्द्वानी से बाजपुर पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक मामला पंजीकृत नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कृषकों को उन्नत प्रजाति के गन्ना बीज की जानकारी दी

गोष्ठी में किसानों को गन्ने की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक दिवसीय गोष्ठी में किसानों को गन्ने की उन्नत खेती करने की जानकारी दी गई।

शनिवार को गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा ग्राम टांडा अमीचंद में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ना की कृषि की जानी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं, अतः जांच करने पर हमें पता चलेगा कि हमारी भूमि में कौन सी तत्व की कमी है और उसकी पूर्ति करने से हमारे जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली तरह-तरह के बीमारियों और उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाइयां व उनको गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करें, जिससे की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़े इसकी जानकारी कृषकों को प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जारी सट्टा नी ति में पूर्व में लगने वाली 5 रुपये की पेनल्टी जो अतिरिक्त सट्टा पर लगाया जाता था को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही छोटे कृषकों को सुविधा देते हुए सप्लाई का लाभ दिए जाने के लिये पखवारो की संख्या को 6 तक सीमित कर दिया गया है। गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां है जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वर्तमान में 0238 रेड रोड की चपेट में आने की संभावना है। वहां पर संजय कुमार, मन्नालाल, महेश राठौर, मोती सिंह, कश्मीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सेना को खुली छूट दे केंद्र सरकार : डॉ. महाजन

संवाददाता, गदरपुर

गदरपुर में आतंकवाद का पुतला जलाते राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सेना के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी कर सेना के तीन जवानों की हत्या किये जाने से भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। आतंकवादियों ने पुतला फूंककर रोष जताया।

शनिवार को हजारीलाल पेट्रोल पंप के निकट भारतीय बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष सचिन बाठला के नेतृत्व में एकत्र हुए। जहां उन्होंने कश्मीर के गुलमर्ग क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा सेना के एक वाहन पर गोलीबारी कर सेना के तीन जवानों व दो रिपोर्टरों की गत दिवस हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जम्मू कश्मीर में सेना पर आतंकवादियों द्वारा लगातार होने वाले हमलों से दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि आखिर हम कब तक अपने वीर जवानों को इस तरह खोते रहेंगे तथा कितनी माताओं की कोख सूनी होती रहेगी। अब समय की मांग है कि केंद्र सरकार भारतीय सेना को खुली छूट दे तभी हम आतंकवाद का सफाया कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार महाजन, सचिन बटला, हरचरण चन्ना, सुभाष वाधवा, अमरीक सिंह, कुंवर सिंह, डॉ. अभिजीत, जयप्रकाश चंद्रा, विपिन कश्यप, गोपाल कश्यप, सोनू मल्लाह, अजय रावत, अजय सैनी पंडित रामकुमार, रमेश कंबोज, जगदीश कंबोज, कपिल सिंह आदि मौजूद रहे।

चोरी ट्रक चौबीस घंटे में बरामद

रुद्रपुर: 25 अक्टूबर को थाना पंतनगर से चोरी हुए ट्रक की बरामदगी करते हुए पुलिस ने भोजीपुरा बरेली के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ ट्रक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 25 अक्टूबर को भूतबंगला निवासी रविंद्र पाल ने तहरीर देते हुए बताया कि औद्योगिक इलाके में खड़ा दस टायरा ट्रक संख्या यूके-06 सीबी-3080 चोरी हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में खोजबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने ग्राम मिर्जापुर जागीर भोजीपुरा बरेली निवासी गोपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी ट्रक भी बरामद कर लिया।

दुकानों से खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल

संवाददाता, खटीमा

खटीमा में दुकानों पर खाद्य सामग्रियों की जांच करती खाद्य विभाग की टीम।

अमृत विचार: दीपावली सहित विभिन्न त्योहारों को देखते हुए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शनिवार को नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने इस दौरान जांच के विभिन्न पदार्थों के आधा दर्जन नमूने लिए। कारोबारी से नियमित रिपोर्ट रखने और बाहर से पंजीकृत कारोबारियों से ही खरीदारी करने को कहा।

जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में टीम ने नगर के कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए संदेह के आधार पर मावा, लॉज, मिल्क केक, बालूशाही और मावे की बर्फी के कुल छह नमूने लिए। उन्होंने कहा कि कोई भी कारोबारी यदि मानकों के विपरीत कारोबार करने का दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कारवाई की जाएगी। उन्होंने कारोबारियों से दैनिक खरीद फरोख्त की रिपोर्ट रखने को कहा। यह भी कहा कि यदि कोई बाहर से खरीद कर बिक्री करता है तो वह उन्हीं कारोबारी से खरीदारी करें जो पंजीकृत हों। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी खाद्य और पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण और उपभोग की तिथि, कारोबारी का लाइसेंस और पंजीकरण अवश्य देखें। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा शाह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्य शामिल थे।

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक बेहड़। ● अमृत विचार

विधायक बेहड़ ने किया निर्माण कार्यों का लोकार्पण

किच्छा : कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान विधायक बेहड़ बताया कि एक करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से तीन सड़कों को मंजूरी मिल गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जन संवाद अभियान के चौथे दिन विधायक बेहड़ ने ग्राम पंतपुरा, अंजनिया, पुरानी एवं नई गिद्धपुरी, वीरू नगला, दोपहरिया आदि क्षेत्रों में बैठक कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए गांव के विकास से संबंधित सुझावों को लेकर चर्चा की। इस मौके पर गुलशन सिंधी, मेजर सिंह, विनोद पंत, ओमप्रकाश गंगवार, प्रतिभा रघुवंशी, धर्मेंद्र सिंधी, गुरदेव सिंह, हीरालाल गंगवार, कृष्ण बजाज, भानु वासवानी, नरेंद्र बागवानी, रीवा चंद, उमेश चंद्र, ज्ञानी गिरी, रजत गंगवार, जसवंत गंगवार, चंद्र प्रकाश, सुखदेव सिंह, परमजीत सिंह पम्मी, प्यारे लाल, साहब सिंह आदि मौजूद रहे।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में भाजपा नेता दीपक बाली को ज्ञापन सौंपते छात्र। ● अमृत विचार

खटीमा में आमरण अनशन की घोषणा कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपता छात्र नेता।

अमृत विचार: राधेहरि महाविद्यालय में चुनाव कराने को लेकर छात्रों ने भाजपा नेता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द चुनाव की तिथि घोषित करवाने की मांग की है।

शनिवार को रामनगर रोड स्थित भाजपा नेता दीपक बाली के आवास पर राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से लिंगदोह कमेटी के उल्लंघन से ही चुनाव हो रहे हैं। इसके अलावा कॉलेज में बहुत सी ऐसी समस्याएं हैं, जो छात्र संघ के द्वारा समय-समय पर दूर की जाती रही है। इसलिए उन्होंने छात्र संघ चुनाव को अनिवार्य बताते हुए जल्द से जल्द तिथि घोषित करने की मांग की है। इस दौरान शिवम पाल, कुलदीप धनगर, अजय रस्तोगी, पंकज कुमार, अंकित कुमार, शिवम समेत आदि मौजूद रहे।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर आमरण अनशन पर बैठा छात्र नेता

खटीमा : वर्ष 2024–25 के छात्र संघ चुनाव को न करने की घोषणा के बाद छात्र नेताओं का हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिन से धरना चल रहा है। इधर छात्र संघ के एक प्रत्याशी ने शनिवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन की घोषणा कर धरना शुरू कर दिया है। वर्तमान सत्र में शासन चुनाव न करने की घोषणा के बाद 3 दिन से धरने पर बैठे छात्रों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हर्षित सिंह ने प्राचार्य गुरिंदर सिंह को ज्ञापन सौंप कर शनिवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन कर दिया है। कहा कि यदि उसके साथ कुछ भी होता है उसका जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन होगा।

कार्रवाई — 4000 लीटर लहन किया नष्ट, तस्करों में मचा हड़कंप, 280 लीटर कच्ची शराब बरामद

एएनटीएफ और आबकारी ने ध्वस्त कीं शराब की भट्टियां

संवाददाता, रुद्रपुर

लहन को नष्ट करती एएनटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और आबकारी विभाग की टीम ने कोतवाली इलाके के जंगलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ दी और कई भट्टियों को ध्वस्त करते हुए हजारों लीटर लहन को नष्ट कर दिया। जिसे देखकर शराब माफियाओं में अफरातफरी मच गई और वह भट्टियां छोड़कर फरार हो गए।

शनिवार को एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने अपनी टीम के साथ सुबह तड़के ही कोतवाली इलाके के गांव बिदुखेड़ा के जंगलों में दबिश दी। टीम को आता देख शराब माफिया फरार हो गए। इसके बाद टीम ने कई भट्टियों को ध्वस्त करते हुए 4000 लीटर लहन नष्ट कर दिया।

कच्ची शराब बनाने की पांच भट्टियां तोड़ीं

सितारगंज : पुलिस ने क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया। कोतवाल प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गोठा, गुरुनानकनगरी क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने की पांच भट्टियों को तोड़ा और करीब तीन हजार लीटर लाहन को नष्ट किया। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो चुके थे। वहीं पुलिस ने 196 अवैध शराब के पाउच के साथ एक महिला समेत चार नशा तस्करी के आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इसमें नानकमत्ता के गांव कच्ची खमरिया निवासी परमजीत सिंह, गांव ध्यानपुर निवासी कुलवंत कौर, गांव डोहरा एंजनिया निवासी मोती सिंह राणा और गांव सिसौना निवासी विक्रम थापा शामिल हैं। पुलिस ने चारों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

उधर, जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान ने बताया कि डीएम के आदेश पर उनके नेतृत्व में ग्राम रायपुर, अमरपुर चार अवैध भट्टियों को ध्वस्त किया। दो अभियोग दर्ज कर 280 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा रंपुरा बस्ती में नौ लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

मौसम बदलते ही बढ़े सर्दी जुकाम के मरीज

स्वास्थ्य

- प्रतिदिन 50 से अधिक मरीज पहुंच रहे अस्पताल
- डॉक्टरों ने ठंडा पानी न पीने व गर्म कपड़े पहनने की दी सलाह

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। काशीपुर के सरकारी अस्पताल में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश, सिर में दर्द के मरीजों की संख्या तक बढ़ गई है। वहीं अस्पताल के डॉ. अमरजीत साहनी ने कहा कि इस तरह के मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। इसमें लापरवाही लोगों की सेहत को बहुत अधिक बिगाड़ सकती है।

विगत 15 दिनों से मौसम में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है, कभी गर्मी और कभी तापमान में गिरावट होने से मौसम ठंडा हो रहा है। मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। उधर काशीपुर के एलडी भट्ट अस्पताल में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश, सिर में दर्द के मरीज रोजाना इलाज के लिए पहले की अपेक्षा अधिक पहुंच रहे हैं। वहीं अस्पताल के डॉ. अमरजीत साहनी का कहना है कि पिछले दस दिनों में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या 10 फीसदी तक बढ़ी है। बताया की रोजाना ओपीडी तीन सौ की ओपीडी होती थी, लेकिन 15 दिनों से ओपीडी 350 से अधिक हो रही है।

स्वस्थ रहने के लिए क्या करें

काशीपुर : अस्पताल के डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन ही खाएं। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के कारण होने वाला यह वायरल फीवर बच्चों और बुजुर्गों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। वहीं कामकाज के सिलसिले में अक्सर अपने घरों से बाहर रहने वाले अन्य लोग भी इस वायरल की चपेट में आ रहे हैं।

उड़द के खराब बीज को लेकर आक्रोश

कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन, जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

लामबंद

- पीड़ित किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन
- दोषी बीज विक्रेताओं के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गदरपुर के किसानों ने दोषी बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने जल्द मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं किसानों ने डीएम उदयराज सिंह को इस आशय का एक ज्ञापन भी सौंपा है।

शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि गदरपुर के किसानों ने पीयू-3 उड़द की फसल लगायी थी, लेकिन बुवाई के 70 दिन बाद भी न तो फल आए और न ही फली। 16 अक्टूबर को किसानों ने मुख्य कृषि अधिकारी को शिकायत कर कहा कि सकैनिका, मझरा, झुन्नी, कनकटा, गोविंदपुरा समेत कई गांवों के किसानों की कई एकड़ उड़द की फसल खराब हो गयी है। दोषी बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसानों का आरोप है कि मुख्य कृषि अधिकारी बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं। इसके अलावा किसानों के नुकसान की भरपाई बीज विक्रेताओं से करायी जाए।

इस अवसर तजिंदर सिंह विर्क, जगदीश सिंह, चरण सिंह, गुरुवचन सिंह, बलविंदर सिंह, कुंवर पाल सिंह, मक्खन सिंह, बहादुर सिंह, सोनू सिंह, जोगेंद्र सिंह समेत कई किसान मौजूद रहे।

विज्ञान क्विज में पायल बिष्ट, संदीप मिथुन रहे प्रथम

बाजपुर, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विभाग में विभागीय परिषद के तत्वावधान में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में टीम-ए (पायल बिष्ट, संदीप, मिथुन विश्वास) प्रथम, टीम-ई (हर्ष कुमार, कृष, पीयूष) द्वितीय एवं टीम-सी (राशि, गुलफिजा, खुशी) तृतीय स्थान पर रही। प्रभारी प्राचार्या डॉ. मनुहार आर्य ने विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने पर विज्ञान विभाग की सराहना की। निर्णायक मंडल में डॉ. नीलम मनोला, डॉ. जय सिंह शामिल रहे। संचालन रसायन विभाग प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह कंबोज, सहयोगी डॉ. ललित कुमार व कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके डॉ. सूरजपाल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. आदर्श चौधरी, नीलम मनोला, जय सिंह, खेमकरण, संजय सिंह बिष्ट, राकेश कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

खटीमा के डायनेस्टी गुरुकुल एकेडमी में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि और शिक्षक। ● अमृत विचार

डायनेस्टी में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित विज्ञान के नए अविष्कारों की प्रदर्शनी लगाई गई।

विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ डॉ. विवेक अग्रवाल, अंजनी विक्रम सिंह, प्रमोद पांडे, अजय मेहता, अजय कुमार पाल, नरेंद्र रौतेला, बीएस मेहता, गोपाल दत्त पाठक, मनोज कन्याल, नरेंद्र आर्या, जगदीश चंद्र पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित सोलर डिश, सोलर वॉटर हीटर, सोलर डिश, बाय यूसिंग बम्बू, वॉटर प्यूरीफायर, बाय यूजिंग प्लांट सीड्स जैसे अविष्कारों की प्रदर्शनी लगाई गई।

अतिथियों ने बाल वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का है। विज्ञान हमें ज्ञानवान बनाता है, लेकिन दर्शन हमें बुद्धिमान बनाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, मनोज शर्मा, अशोक जोशी, योगेश सोरारी, बलवंत ऐरी, योगेश भट्ट, चंदन बोरा, विजय कुमार, वैष्णवी, सरोज, चन्द्रा भंडारी, हेमलता बोरा, लिंसी त्यागी, ऊषा भट्ट, बबीता गहतोड़ी, मनीषा चंद, ऊषा चौसाली, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, चामू दानू, बालकृष्ण थापा, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

कृषि को खाद्य प्रणाली में एकीकृत करने का प्रशिक्षण

- राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद का रहा सहयोग

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि विवि में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के सहयोग से पोषण-संवेदनशील कृषि को खाद्य प्रणाली में एकीकृत करने पर चार-दिनी प्रशिक्षण संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण के दौरान दस विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। जिनमें पोषण के मूल सिद्धांत, कुपोषण की समस्या, कृषि व संबद्ध क्षेत्रों की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में भूमिका, स्थायी विकास के लिए पोषण-संवेदनशील कृषि, लैंगिक समावेशी कृषि और पोषण एवं पोषण-संवेदनशील गतिविधियों की प्रभावी डिजाइनिंग शामिल थे। प्रतिभागियों को अनुसंधान केंद्रों, सेब और ड्रैगन फ्रूट बागानों का भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें प्रशिक्षण के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। डॉ. विनीता कुमारी ने कार्यक्रम डिजाइन की सराहना करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. वीएलवी कामेश्वरी ने पोषण-संवेदनशील कृषि को बढ़ावा देने में संचार के महत्व पर प्रकाश डाला।

अधिष्ठाता कृषि डॉ. एसके कश्यप ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने ज्ञान का उपयोग अपने समुदायों के लाभ के लिए करें। प्रशिक्षण में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, नागपुर आदि से 23 प्रतिभागी शामिल हुए।

धन सिंह कोरंगा जिला सैनिक परिषद के सदस्य मनोनीत

- 2008 से कैप्टन कोरंगा गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर हैं कार्यरत
- बर्फ में दबे 12 सैनिकों को बचाने पर सेना से सेवा प्रमुख प्रशस्ति पत्र दिया गया था

धन सिंह कोरंगा।

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : आनरेरी कैप्टन धन सिंह कोरंगा को जिला सैनिक परिषद का सदस्य जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत किया गया।

मनोनीत पत्र पूर्व कर्नल चंद्र प्रकाश कोठारी पुनर्वास अधिकारी जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, ऊधमसिंह नगर द्वारा दिया गया। आनरेरी कैप्टन धन सिंह कोरंगा 11 नवंबर 1969 में रानीखेत से भारतीय सेना के 17 कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। उन्होंने 1971 का बांग्लादेश से हुए युद्ध लड़ा था। 10 नवंबर 1978 से 1990 तक अरुणाचल प्रदेश में बर्फ में दबे 12 सैनिकों को बचाने पर उन्हें सेना से सेवा प्रमुख प्रशस्ति पत्र दिया गया था। 1976 से 19 86 तक एनएसजी में भी कार्यरत रह कर देश की सेवा की।

1997 में सेवानिवृत होकर ग्राम कूल्हा में आकर बस गए थे। 2008 में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष बने तब से लगातार गौरव सेनानियों, वीरनारी व आश्रितों एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

धन सिंह कोरंगा के जिला सैनिक परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व केएल स्वर्णकार, प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, दान सिंह बड़ती, लोकपाल शाही, दरवान सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, भुपाल सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह पानू, लाल सिंह नयाल, राजेंद्र सिंह मेहरा, दरपान सिंह देऊपा, राजेंद्र सिंह कोरंगा, महेश चंद्र बुधौरी, शंकर कुनियाल, वीरेंद्र सिंह पवार, हरीश देवराड़ी आदि ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी।

चंद्रावती कॉलेज चलाएगा शहर में स्वच्छता अभियान

काशीपुर : चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम इकाई की समिति द्वारा 27 से 30 अक्टूबर 2024 तक दीपावली के अवसर पर स्थानीय बाजार क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान, यातायात पुलिस की सहायता से यातायात प्रबंधन और सेवा से सीखे कार्यक्रमों के संदर्भ में चर्चा की गई। इस दौरान 28 अक्टूबर को सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम और एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में ईएलपी कार्यक्रम कराये जाने का निर्णय लिया गया। वहां डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. रंजना, डॉ. मंगला, डॉ. पुष्पा धामी मौजूद रहे।

बच्चों को जागरूक किया

सितारगंज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समिति के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

- गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी गई

अमृत विचार : बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति द्वारा विशेष कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक किया गया। एसआरएम स्कूल में हुए इस जागरूकता अभियान में बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल के बच्चों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गयी। अभियान में बच्चों को गुड टच, बेड टच के प्रसार प्रचार हेतु पम्पलेट्स भी बांटे गए। जागरूकता अभियान में बाल कल्याण समिति ऊधम सिंह नगर के सदस्य अजय जोशी, पुष्पा पानू, चाइल्ड हेल्पलाइन कोर्डिनेटर चांदनी रावत, रेखा अधिकारी, पुलिस विभाग से एस आई सोनिका जोशी, बबीता, काउंसलर अनीता राणा शामिल रहे।

आयुर्वेदिक शिविर में 35 लोगों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : रुद्रपुर मार्ग स्थित ग्राम लालपुर में आयुष्मान आयुर्विद्या कार्यक्रम के तहत निशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड, पेन ड्राइव तथा औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया।

किच्छा में ग्रामीण को पौधा भेंट करतीं डॉ. सिमरनजीत कौर। ● अमृत विचार

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय किच्छा की प्रभारी डॉ. सिमरनजीत कौर ने बताया कि होम्योपैथी विभाग के निदेशक डॉ. जे एल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. महेश चंद जोशी के दिशा निर्देशन में किच्छा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर जनता को जागरुक तथा निशुल्क दवा वितरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम लालपुर स्थित बाल विकास विद्या मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में डॉ. सिमरनजीत कौर ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए मौसमी बीमारियों की जानकारी दी और बचाव से अवगत कराया। शिविर में बच्चों के अलावा 35 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण की गई।

मौके पर फार्मासिस्ट अशोक लाल सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रतिबंधित मांस के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

सितारगंज : गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम ने ग्राम गौरीखेड़ा में 116 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस व उपकरणों के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इधर, गौरीखेड़ा में गोवंशीय पशु काटे जाने की सूचना पर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। गोवंश संरक्षण स्क्वायड के प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह ने शनिवार तड़के गौरीखेड़ा के एक घर में छापेमारी की। वहां पांच व्यक्ति गोवंशीय पशु का मांस काटते हुए मिले। मौके पर मौजूद दानिश, बिलाल, मो. मोनिस, अनीश निवासी गौरीखेड़ा तथा अनीश बाबू निवासी फरीदपुर, बरेली को हिरासत में लिया। बताया कि घर आरोपी दानिश का है। बेचने के लिए गोवंशीय पशु को काटा था। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर सैम्पल लिए।

प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र व ट्रॉफी

- आईटीआई में तृतीय दीक्षांत समारोह का किया आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र सौंपते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आईटीआई के तृतीय दीक्षांत समारोह में जिले के सभी आईटीआई के एनएसक्यूएफ लेवल-04 और एनएसक्यूएफ लेवल-05 के प्रत्येक व्यवसायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी वितरित की गई। शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काशीपुर में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह की शुरुआत विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और प्रधानाचार्य जगप्रीतम सिंह टम्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह में आईटीआई काशीपुर एवं जनपद के अन्य संस्थानों के विभिन्न एनएसक्यूएफ लेवल-04 और एनएसक्यूएफ लेवल-05 के प्रत्येक व्यवसायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी वितरित की गयी। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को अंक तालिका एवं भारत सरकार से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय व्यवसाय प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जिसमें आईटीआई काशीपुर के 239 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई गदरपुर के 17 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई दिनेशपुर के 100 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई जसपुर के 90 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई बाजपुर के 89 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई पंतनगर के 05 प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई सितारगंज के 14 प्रशिक्षणार्थी एवं आईटीआई खटीमा के 16 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। दीक्षांत समारोह में आईटीआई बाजपुर के प्रधानाचार्य राजीव पुष्पाकर, आनन्द प्रसाद, मनोहर लाल, रामचरन पाल, सीमा कुमार, शिव कुमार, कैलाश चन्द्र, बीएस रावत, उमेश चोपड़ा, रश्मि शर्मा, राजेन्द्र पाल, महेश प्रसाद आर्या, इन्दर मेहरा मौजूद रहे।

आस्था दीपोत्सव से सजी हुई अयोध्या जैसा दिखा द्रोणा सागर का नजारा, राम भक्त हनुमान से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाकर भाव विभोर किया

31 हजार दीपों से जगमगा उठा काशीपुर का तीर्थ द्रोणा सागर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : तीर्थ द्रोणा सागर पर आयोजित चौथा दीपोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हो गया। इस अवसर पर जलाए गए 31 हजार दीपों की विशाल श्रृंखला की रोशनी से पूरा द्रोणा सागर क्षेत्र जगमगा उठा। लोगों ने दीपोत्सव में भाग लेकर आतिशबाजी का भी आनंद लिया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हनुमान धाम के संस्थापक आचार्य विजय जी महाराज ने कलयुग के जीवंत देवता राम भक्त हनुमान से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाकर जन समूह को भाव विभोर कर दिया। आचार्य विजय जी महाराज ने हनुमान चालीसा की विभिन्न चौपाइयों का भाव समझाते हुए बताया कि कलयुग में हनुमान ही ऐसे देवता है जिनकी

काशीपुर में दीपोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

दीपों से जगमगाता तीर्थ द्रोणासागर। ● अमृत विचार

पूजा करने से भगवान राम का भी आशीर्वाद मिलता है और हमारा जीवन संयमित और मर्यादित भी होता है। आचार्य ने कहा कि सुंदरकांड हमें जीवन के भटकावों से तो बचाता ही है साथ ही जीवन के संघर्षों को झेलते हुए उसे परमार्थ के लिये सार्थक और मजबूत भी बनाता है। दीपोत्सव में स्वयंसेवी संगठन के बच्चों ने एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक दीपक बाली ने कहा कि इस कार्यक्रम की सार्थकता तभी है जब 31 हजार सनातनी लोग आकर यहां अपने हाथों से दीपक जलाएं। वहां पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपिका गुड़िया आत्रेय, केके अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज टंडन, तेजवीर सिंह चौहान, योगेश जिंदल, राजीव घई, जितेंद्र जोशी, मनोज कौशिक, मुकेश चावला, अमित सक्सेना, पवित्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के बाद अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

लिटिल स्कॉलर्स के बच्चों ने जीते सात स्वर्ण पदक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप में लिटिल स्कॉलर्स स्कूल की स्विमर्स टीम ने सात स्वर्ण पदक समेत कई पदक जीते हैं।

हल्द्वानी के गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप में लिटिल स्कॉलर्स स्कूल की स्विमर्स टीम के खिलाड़ी आदित्य नेगी ने 4 स्वर्ण, यशवर्धन ने 3 स्वर्ण, करण नेगी ने 1 रजत और 1 कांस्य, अर्णव भंडारी ने 2 रजत और रुद्र प्रताप सिंह भंडारी ने 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रशिक्षकों और छात्रों को बधाई दी है।

त्योहारों के मद्देनजर चाक-चौबंद हो काशीपुर की व्यवस्था

आगामी त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी ने व्यापारियों व नागरिकों के साथ की बैठक, सभी फायर हाइड्रेंटों को दुरुस्त रखने को कहा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आगामी त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी ने व्यापारियों व नागरिकों के साथ बैठक की। जहां उन्होंने आगामी त्योहारों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

शनिवार को नगर निगम हॉल में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने फायर विभाग के एफएसओ गोविंद राम आर्य को क्षेत्र के सभी फायर हाइड्रेंट को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि कहीं पानी की समस्या है, तो जल संस्थान से संपर्क कर उसका निस्तारण कर लें। वहीं उन्होंने आमजन तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। जल निगम के ईई शिवम द्विवेदी ने बताया क्षेत्र में छह योजनाएं चल रही हैं। जिसमें पांच योजनाएं जल संस्थान को स्थानांतरित कर दी गई हैं। एनएच पीडब्ल्यूडी के एई मनोज कुमार से कहा कि आरओबी के नीचे की सड़क काफी खराब है। जहां लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसको शीघ्र सही कराया जाएं। लोनिवि के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने अपना मुख्य द्वार सड़क तक बना लिया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि वह विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और गेट को पीछे बनाने को कहा जाएगा, ताकि ट्रैफिक जाम नहीं हो सके। इसके अलावा नगर निगम के नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया सरकारी विभाग से हाउस टैक्स नहीं मिलता है। इस संबंध में डीएम ने निगम के टैक्स विभाग को निर्देशित किया कि वह 15 दिन के अंदर सभी सरकारी विभागों को असेसमेंट बनाकर भेजे। ताकि वह निगम को हाउस टैक्स जमा कराए। जिससे निगम की आय में बढ़ोत्तरी हो। ऊर्जा निगम को निर्देशित किया कि वह नगर निगम के साथ मिलकर जहां-जहां पोल शिफ्टिंग होना है उसे चिह्नित करें और उसे हटाया जाए। वहां पर एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, नगर आयुक्त विवेक राय, सीओ अनुषा बडोला, लोनिवि के ईई अरुण कुमार, सिंचाई विभाग के ईई दीक्षांत गुप्ता, जल संस्थान के एई नरेंद्र रिखाड़ी व मनोज कुमार गंगवार, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी, एनएच पीडब्ल्यूडी के सुनील कुमार सिंह, यूपीसीएल के दीप चंद्र पांडे, पशुपालन विभाग के डॉ.मुकेश कुमार दुम्का, एफएसओ गोविंद राम आर्य, सिंचाई विभाग के जेई राजू कुमार आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम। ● अमृत विचार

नए ट्रंचिंग ग्राउंड के निर्माण की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी

काशीपुर : दीपावली त्योहार को लेकर शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के मकसद से शनिवार की शाम जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम में एक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर के लिए तैयार हो रहे ट्रंचिंग ग्राउंड की देरी पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें निर्माण कंपनी को नोटिस भेजने के निर्देश दिए। वहीं काशीपुर में मुख्य सड़कों पर विद्युत पोलों व ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के लिए संबंधित विभागों को इस कार्यवाही में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने सीओ अनुषा बडोला से कहा कि अगर आप को बाजार में कहीं हाइड्रेंट की जरूरत है तो तत्काल जगहों को चिन्हित कर उसकी सूची उपलब्ध कराएं। । वहीं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कहा कि काशीपुर के महुआखेड़ागंज में एक फायर स्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है क्योंकि वह आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ इंडस्ट्री क्षेत्र भी है। एनएच व पीडब्लयूडी के अधिकारियों को शहर के आरओबी के नीचे सर्विस रोड को बेहतर बनाने के साथ ही रामनगर रोड व अन्य प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों में सफाई अभियान के साथ ही सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन में सफाई, अनाधिकृत होर्डिंग्स हटाने, मार्गों में प्रकाश व्यवस्था ठीक करने, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों जहां दिन में भीड़ अधिक होती है, उन स्थानों पर रात्रि के समय सफाई कराने तथा पर्यावरण मित्रों को मास्क, ग्लब्स व बूट इत्यादि वितरित करने के निर्देश दिए।

सार-संक्षेप

युगल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते स्टाफ काउंसलर डॉ. विरेंद्र सिंह।

विनोद व राहुल ने जीती टेबल-टेनिस चैंपियनशिप

पंतनगर : शारीरिक शिक्षा अनुभाग में 23 से 26 अक्तूबर तक विवि की टेबल-टेनिस (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. जीएस बोहरा एवं टीटी के स्टाफ काउंसलर डॉ. विरेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। टीटी प्रतियोगिता के एकल वर्ग में शिवालिक भवन के विनोद गर्जौला ने 11-6, 11-7 व 11-6 से चैंपियनशिप जीत ली, जबकि एसजे भवन के वंश मनशाली उप विजेता रहे। वहीं टीटी के युगल वर्ग में शिवालिक भवन के विनोद गर्जौला व शास्त्री भवन के राहुल आनंद की जोड़ी ने 11-4, 11-9 व 11-9 के सेटों में चैंपियनशिप जीती। इस प्रतियोगिता में एसजे भवन के वंश मनशाली व एसजे भवन के ही अमन मेर की जोड़ी उप विजेता रही। विजयी प्रतिभागियों को स्टाफ काउंसलर डॉ. विरेंद्र सिंह ने पुरस्कृत किया। टीटी के एकल वर्ग में 60 और युगल वर्ग में 22 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

नानकमत्ता दीपावली मेले में सजते झूले और दुकानें। ● अमृत विचार

दीपावली मेले के लिए सजने लगीं दुकानें

नानकमत्ता : गुरुद्वारा साहिब में लगने वाले दीपावली मेले की तैयारी पूर्ण हो गई है। गुरुद्वारा साहिब को विद्युत झालरों से सजाना शुरू कर दिया गया है तो वहीं दुकानदारों ने मेले में पहुंचकर अपनी दुकान और सामानों को लगाना शुरू कर दिया है। इधर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मेले की व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के रहने हेतु कमरे और पंडालों की व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम कर लिए हैं।

काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

काशीपुर : महाराणा प्रताप मुख्य चौराहे पर शनिवार को डीडीएम डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा 'धरती बचाओ जीवन बचाओ' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करना एवं जनता को इसके प्रति जागरूक करना था। दीपावली के अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मनीष गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में वातावरण में जहरीली गैसों के कारण सांस लेना दूभर होता जा रहा है। इसलिए पर्यावरण को संरक्षित रखना आवश्यक है।

बगवाड़ा मंडी में क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

एसडीएम ने किया बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण

रुद्रपुर : उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने बगवाड़ा मंडी में पहुंचकर धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी माप कर देखा। उन्होंने केंद्र प्रभारी को क्रय केंद्र पर धान लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्र प्रभारी भगवती बिष्ट आदि मौजूद थे।

पंतनगर के लिए संचालित हवाई सेवाओं का शेड्यूल बदला गया

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: शरद ऋतु के आते ही कोहरे आदि से निपटने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रविवार से पंतनगर आने वाली और यहां से जाने वाली इंडिगो एयर, फ्लाई बिग व अलायंस एयर की फ्लाइटों के शेड्यूल में परिवर्तन किया है। यह शेड्यूल आगामी मार्च 2025 के अंत तक प्रभावी रहेगा।

यह है नया शेड्यूल

कंपनी	फ्लाइट संख्या	कहां से	समय	कहां को	समय	स्थिति
इंडिगो एयर	6ई-7324	दिल्ली	12.00	पंतनगर	13.00	रोजाना
इंडिगो एयर	6ई-7156	दिल्ली	14.45	पंतनगर	15.45	रोजाना
इंडिगो एयर	6ई-7157	पंतनगर	13.20	दिल्ली	14.15	रोजाना
इंडिगो एयर	6ई-7325	पंतनगर	16.05	दिल्ली	17.00	रोजाना
फ्लाई बिग	एफएलजी-302	पिथौरागढ़	13.40	पंतनगर	14.30	रोजाना
फ्लाई बिग	एफएलजी-303	पंतनगर	14.55	पिथौरागढ़	15.50	रोजाना
अलायंस एयर	एलएलआर-845	दिल्ली	07.55	पंतनगर	08.55	मंगल, शनि बृहस्पति
अलायंस एयर	एलएलआर-845	पंतनगर	09.20	देहरादून	10.10	
अलायंस एयर	एलएलआर-846	देहरादून	10.30	पंतनगर	11.25	
अलायंस एयर	एलएलआर-847	पंतनगर	11.50	वाराणसी	13.30	
अलायंस एयर	एलएलआर-848	वाराणसी	13.50	पंतनगर	15.10	
अलायंस एयर	एलएलआर-848	पंतनगर	15.35	दिल्ली	16.35	

नयी पद्धति से बढ़ेगी पशुपालकों की आय

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर दुग्ध संघ समिति की अध्यक्ष प्रभा रावत ने कहा कि पशुपालक अपने जानवरों के पीछे खूब मेहनत करते हैं लेकिन दुग्ध उत्पादन को नहीं बढ़ा पा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की सोच थी कि सभी अधिकारियों और पशुपालकों को एक मंच पर लाया जाए जिससे पशुपालक अपनी समस्या को सीधे अधिकारियों के साथ साझा कर पशुपालन में आने वाली समस्या का हल निकाल दुग्ध उत्पादन को बढ़ा सकें। प्रभा रावत ने कहा कि सरकार पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार पशुपालकों को साईलेज पर 75 फ़ीसदी तक सब्सिडी दे रही है। कहा कि समिति जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए गांव-गांव जाकर संगोष्ठी के माध्यम से पशुपालकों को प्रशिक्षित करने का प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि पशुपालक नई पद्धति का इस्तेमाल कर आसानी से अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। आंचल दुग्ध उत्पादक मेले के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे पशुपालकों को कृषि यंत्र, चारा, बीज, पशु औषधि आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। बैग रेस, मूंछ बनाओ जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय एवं राज्य खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। 20 दुग्ध समिति के 1043 सदस्यों को करीब 9 लाख रुपये की बोनस धनराशि वितरित की गई। मेले में उद्यान विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। वहीं, लोक गायक माया उपाध्याय ने अपने मधुर गीतों से समा बांधा। कार्यक्रम का संचालन प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने किया। इस दौरान पशुपालक योगेंद्र सिंह रावत, महेश मित्तल, संजय बाछाड़, उद्यान प्रभारी गूंजीता जोशी, रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी, विपिन डालमिया, मोहित तिवारी, मुकेश रावत, साहेब सिंह, किशोर राय, रिपुसूदन मंडल, विक्रम सिंह भंडारी, अंकित दास आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-234

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। (मु.) -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली -233 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना		
	ण			3 धा	
	सा		4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	
	र		6 च	क	ई
		7 ब	ल		
8 पां	व			9 झूँ	क

सुडोकू -147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9				2		6
	5			8		7		9
3			7		9			1
	2	3			5			8
		4				9		
5			1			3	7	
2			9		6			7
6		7		2			4	
8		1				6		

सुडोकू - 146 का हल

2	3	4	5	1	8	7	9	6
9	6	1	2	4	7	8	5	3
8	5	7	3	9	6	1	4	2
7	9	3	1	6	2	5	8	4
4	2	5	8	3	9	6	7	1
1	8	6	4	7	5	3	2	9
3	1	8	7	2	4	9	6	5
6	7	2	9	5	3	4	1	8
5	4	9	6	8	1	2	3	7

आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात द्वादशी।

मेष: आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। गृहस्थ जीवन में सावधानी रखें। बेवजह दूसरे लोगों से सलाह न लें। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। मनोरंजन में आप काफी धन खर्च करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में आप बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

वृष: आज साझेदारी वाले व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। अनावश्यक खर्चों से आपको बचना चाहिए। गुस्से में आने के बजाय शान्तिपूर्ण तरीके से काम करें। कन्सल्टेन्सी से जुड़े कार्यों में लाभ होगा। आज पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है।

मिथुन: आज पूरा दिन आपके लिए काफी बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

कर्क: आज निजी कम्पनियों जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। आज आपको पर्याप्त आराम अवश्य करना चाहिए। साझेदारी वाले व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। इन्टरनेट का सावधानी पूर्वक प्रयोग करेंगे। कमीशन से जुड़े कारोबार में लाभ होगा।

सिंह: आज दिन का प्रारम्भिक भाव बहुत अच्छा रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन हो सकता है।

कन्या: आज अपनी गलत आदतों को सुधारने का प्रयास करें। ज्यादा मेहनत के कारण मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या होगी। जिद्दी स्वभाव के कारण आपके नजदीकी लोग नाराज हो सकते हैं। अपशब्दों का प्रयोग कम से कम करें। कारोबार में कठिनाई होगी।

तुला: आज व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होने की सम्भावना है। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार और सहयोग अच्छा रखें। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक: आज जो युवा जॉब ढूंढ रहे हैं, उनको कहीं से जॉब के ऑफर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी। अपने विरोधियों पर ज्यादा विश्वास न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

धनु: आज आप भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय करने का विचार बनायेंगे। कारोबार में बड़े ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। प्रतिष्ठित लोगों से आपके सम्पर्क मजबूत होंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। आज आप घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने वाले हैं।

मकर: आज आपकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। दूसरों के सामने अपनी छवि को लेकर चिन्ता रहेगी। विरोधी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल लापरवाह न रहें। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

कुंभ: आज धन के मामलों को लेकर आपको समस्या हो सकती है। पारिवारिक सुख का भरपूर आनन्द लेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। भाग्य आपके पक्ष में रहेंगे।

मीन: आज कार्यक्षेत्र में मनमानी भरे रवैये के कारण नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद स्थितियां आपके अनुकूल होंगी। अपने काम के अलावा दूसरे कार्यों में ज्यादा फोकस कर सकते हैं। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। व्यापारियों को धन उधार देने से बचना चाहिए।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 12.24 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जीवन युद्ध — सुबह : 10.46
- खून भरी मांग — रात : 07.00

&pictures
- जवानी जानेमन — सुबह : 07.03
- समय 2 — रात : 08.00

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 10.15
- स्पाइडर मैन 2 — शाम : 06.59

ZEE CINEMA
- चमेली की शादी — सुबह : 11.30
- सुरक्षा — शाम : 06.05

ZEE ACTION
- बदला नाग का — सुबह : 11.01
- हॉलीडे — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिताजी- बेटा, मेरे लिए 1 गिलास पानी लाना,
पहला लड़का- नहीं लाऊंगा,
दूसरा लड़का- रहने दो पापा, ये तो है ही बद्द्तमीज़
आप खुद ले लो, और मेरे लिए भी 1 गिलास ले आना।

सुरेश-तेरे घर से हमेशा हंसने की आवाज़ आती है,
इतनी खुशी का राज़ क्या है?
रमेश-मेरी बीवी मुझे जूते मारती है,
लग जाए तो वो हंसती है,
नहीं लगे तो मै...

छात्र हितों का दमन किसी कीमत पर नहीं होगा बर्दाश्त

विभिन्न छात्र संगठनों ने प्रेस वार्ता कर छात्र संघ चुनाव न कराने की निंदा की, उच्च शिक्षा मंत्री और विवि प्रशासन को बताया जिम्मेदार

आक्रोश

- छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन
- शीघ्र चुनाव तिथि घोषित न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को छात्र संगठनों ने प्रेस वार्ता कर छात्र संघ चुनाव रद होने की रोष निंदा की। वहीं, सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री, कुलपति और कुलसचिव को चुनाव रद होने का जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई। इस दौरान छात्रों ने प्रदर्शन भी किया।

विवि के प्रशासनिक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में छात्र नेताओं ने कहा कि छात्र राजनीति को कुचलने का छात्र-छात्राओं के अधिकारों का दमन करने का यह शिक्षा मंत्री के द्वारा गंदा षड्यंत्र रचा गया है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, छात्रों ने निर्णय लिया गया कि छात्र संघ चुनाव को लेकर सभी विचारधारा के नेताओं से मुलाकात करेंगे। जिसमें कि जिलाध्यक्ष और विधायक भी सम्मिलित होंगे और उनके माध्यम से एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। शीघ्र छात्रसंघ चुनाव न होने पर आंदोलन तेज होगा। यहां दीपक लोहनी, आशीष जोशी, रितेश आर्या, विशाल बिष्ट, अंकुश भोज, अभिनव बुधौरी, संजय पांडे, पंकज कनवाल, दर्शन कुमार अमन लटवाल, लोकेश सुप्याल, भूपेंद्र सिंह कोरंगा, संतोष जीना, राजकमल जोशी, निखिल मेहरा, ज्योति जोशी, दीपिका कोरंगा, हर्षिता राणा कविता लोहनी, आरती तिवारी, शिवानी तिवारी, गौरव भंडारी, पुनीत प्रभात आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा एसएसजे विवि के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन करते छात्र नेता। ● अमृत विचार

दूसरे दिन भी जारी रहा छात्रों का धरना प्रदर्शन

रानीखेत : छात्र संघ चुनाव पर रोक लगे के बाद छात्रों का आक्रोश शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में शनिवार को दूसरे दिन भी गुस्साए छात्रों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। छात्र नेताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दूसरे दिन भी छात्रों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन व महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जानबूझकर छात्र संघ के चुनाव पर रोक लगाई गई है। यह सीधे छात्रों के साथ अन्याय है। कहा कि छात्र संघ के माध्यम से महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ छात्रों के हितों के लिए पहल की जाती है। इस अवसर पर छात्र नेताओं द्वारा जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी भी की गई। महाविद्यालय परिसर में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। वक्ताओं ने कहा कि छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

रानीखेत में उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकते छात्र। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा स्टेडियम में पुरस्कारों के साथ विजेता खिलाड़ी।

600 मीटर दौड़ में ललित और दिया ने मारी बाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा स्टेडियम में हवालबाग का ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू

अमृत विचार : हवालबाग ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। शनिवार को अलग-अलग आयु वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जिसमें ललित, हर्षित, करन, दिया ने बाजी मारी। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम अल्मोड़ा में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्रतियोगिता के अंडर-14, 17 और 20 आयु वर्ग की बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर-14 आयु वर्ग के 600 मीटर दौड़ में ललित टम्टा, बालिका वर्ग में दिया बिष्ट ने बाजी मारी। जबकि हर्षित टम्टा ने तृतीय और करन बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बालिका वर्ग में प्रिया रावत और प्रीति आर्या ने क्रमश द्वितीय और तृतीय स्थान बनाया। सभी अव्वल खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यहां खेल समन्वयक पंकज टम्टा, सह समन्वयक भूपाल सिंह चिलवाल, प्रधानाचार्य उमेश पांडे, विजया पंत, सोबन सिंह कनवाल, हिमांशु तिवारी, सुरेश, बंसती रावत रहे।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे साढ़े आठ लाख रुपये

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मुकदमा
- आरोपी पर झूठे मुकदमे में फंसाने और धमकाने का भी आरोप

अमृत विचार : सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख 85 हजार रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस अब जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट थाना क्षेत्र निवासी युवक मनीष कुमार ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग से डिप्लोमा किया है। बताया कि नवंबर 2023 उनका परिचय एक जानने वाले व्यक्ति के माध्यम से गिरीश चंद्र मिश्रा, जिला नैनीताल से हुई। जिसके बाद आरोपी ने उनसे जान पहचान बढ़ाई, फोन पर लगातार वार्ता की। आरोप है कि इस बीच आरोपित ने बताया कि उत्तराखंड सचिवालय में कार्यरत है, और कई लोगों की नौकरी लगा चुका है। इसके बाद आरोपी ने वीडियो कॉल के माध्यम से कई घंटे वार्ता की और उसे अपने जाल में फंसा लिया। बताया कि इस बीच आरोपी ने बताया कि उनका आइएएस से अच्छे संबंध है, वह उनकी नौकरी कनिष्ठ अभियंता (जेई) के पद पर लगा देगा। फोन पर पैसों की डिमांड करने लगा। बताया कि झांसे में आकर उन्होंने अपनी बहन के खाते से आरोपी के खाते में 8 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए। बताया कि इसके बाद फरवरी में जेई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। लेकिन इसमें उनका चयन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस मांगे। जिसके बाद आरोपी ने उन्हें एक सप्ताह का समय मांगा। लेकिन आज तक उन्हें उनकी धनराशि वापस नहीं दी। जबकि अब पैसे मांगने पर आरोपी उन्हें धमका रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले में आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। देघाट थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जनता के हितों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे: कुंजवाल

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जूस पिलाकर पूर्व विस अध्यक्ष का उपवास तुड़वाया
- जैंती महाविद्यालय में विज्ञान संकाय हटाने के विरोध में किया था उपवास

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने शनिवार को 24 घंटे का उपवास समाप्त कर दिया है। जैंती में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने जूस पिलाकर उन्हें उपवास से उठाया। यहां कुंजवाल ने कहा कि जैंती समेत जागेश्वर विधान सभा के विकास के लिए लगातार संघर्ष जारी रखा जाएगा।

जैंती क्षेत्र के श्री राम सिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय से विज्ञान संकाय हटा दिए जाने के सरकार के फैसले के विरोध में कुंजवाल 24 घंटे उपवास पर थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार के ऐसे पहाड़ विरोधी फैसलों के हर संभव विरोध किया जाएगा। शहीदों की भूमि जैंती क्षेत्र की महान जनता के हितों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि सरकार को अपनी पहाड़ विरोधी सोच को छोड़ना ही होगा। जैंती क्षेत्र से लगातार उनके कार्यकाल में स्थापित संस्थानों को कमजोर करने की सरकार की मंशा की वह सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जागेश्वर विस क्षेत्र के विकास को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा।

पूरन बिष्ट, चंदन बिष्ट, रमेश बिष्ट, पान सिंह बर्गली, निर्मल रावत, भुवन गहरवाल, गोपाल महरा, प्रताप राम आर्य, प्रदीप बिष्ट, हर सिंह गहतोड़ी, योगेश गुरुरानी, दीवान करायत, नवीन कोहली, प्रकाश गुरुरानी, भीम सिंह, हरीश सिंह, प्रेम सिंह नेगी, मनोहर सिंह, अजय गोस्वामी, गंगा सिंह धानक, कुंवर नेगी, शंकर सिंह भंडारी, बिशन कुंजवाल, किशोर कुंजवाल, हरीश भट्ट, पुष्कर रजवार, त्रिलोक सिंह बिष्ट, मोहन जोशी, गिरीश जोशी, देवेंद्र धौनी, राम सिंह रजवार, प्रेम बल्लभ कांडपाल, नारायण रजवार, जगदीश धौनी, किशन सिंह बिष्ट, धन सिंह, यशपाल आर्य, सूर्या राजवार, कमल सतवाल, दीवान सतवाल, विक्रम सतवाल, सतीश चन्द्र पंत, जीत सिंह, रणजीत सिंह, कुंदन कुंजवाल, मोहन कुंजवाल, पान सिंह गौरा, पूरन सिंह, अर्जुन नाथ आदि मौजूद रहे।

जैंती में शनिवार को गोविन्द सिंह कुंजवाल को जूस पिलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज। ● अमृत विचार

क्षतिग्रस्त योजनाओं की शीघ्र करें मरम्मत

- राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत जिले के दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने शनिवार को चम्पावत जिला सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आपदा प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने मानसून काल में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त विभागीय, सार्वजनिक और निजी परिसम्पत्तियों को हुए नुकसान की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा में क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनः निर्माण के कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी मौके पर जाएं और समस्याओं का निराकरण करें। कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री की आदर्श चंपावत जिले की परिकल्पना को चरितार्थ करें। डीएम नवनीत पांडेय ने आपदा से हुए नुकसान तथा राहत बचाव व पुनर्निर्माण के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत माह में अतिवृष्टि से जिले में लगभग 163 करोड़ की परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ। उपाध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों में अब तक किए गए सुधारीकरण के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी के कार्यों के मद्देनजर कार्य कराए जाएं। उन्होंने अन्य विभाग से भी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बाद में उपाध्यक्ष द्वारा नगर पालिका सभागार में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, ब्लॉक प्रमुख बाराकोट विनीता फर्त्याल, पाटी सुमन लता, एसपी अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार सिंह,एसडीएम सौरभ असवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, सीएमओ देवेश चौहान, प्रभागीय वनाधिकारी नेहा चौधरी, नगर पालिका के ईओ अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला।

रेलवे अब दिवाली बाद हटाएगी अतिक्रमण

टनकपुर : दीपावली पर्व को देखते हुए और स्थानीय फोर्स उपलब्ध न होने के कारण रेलवे द्वारा रेलवे की भूमि पर शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया जा सका। अब रेलवे द्वारा यह अभियान दीपावली पर्व के बाद चलाया जाएगा। इज्जत नगर रेलवे मंडल द्वारा रेलवे की भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण कर रह रहे लोगों को उनकी भूमि खाली करने के लिए दो दिन पूर्व ही उन्हें नोटिस दिए गए थे। साथ ही उन्होंने रेलवे की भूमि पर बने मकान और दुकानों पर इस संबंध में नोटिस भी चस्पा भी कर दिए गए थे,जिसमें रेलवे ने कहा था कि वह शनिवार 26 अक्टूबर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगी।

मिलावटी खोया व मिठाई पकड़ी

- विभाग और पुलिस टीम ने लोधिया से बरामद किया मिलावटी खोया और मिठाई
- पकड़ी गई खाद्य सामग्री को किया नष्ट

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा में पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान पांच कुंतल खोया और दो कुंतल मिलावटी मिठाई की खेप पकड़ी है। मामले में पकड़ी गई खाद्य सामग्री को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दी है।

दरअसल, इन दिनों त्योहारी सीजन नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर विभाग ने भी चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा और पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर के लोधिया बैरियर के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो टैक्सी वाहनों से करीब 5 कुंतल खोया व 2 कुंतल संदिग्ध मिठाई बरामद की गई। अभिहित अधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि वाहन चालकों ने बताया कि खोया और मिठाई को बरेली से लाया जा रहा है। जिसे सील कर नष्ट कर दिया गया है। जबकि कुछ जांच के लिए सैंपल रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजी गई है। यहां टीम में एसओजी प्रभारी भुवन जोशी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर, कांस्टेबल राजेश भट्ट, विरेंद्र सिंह, हरीश चंद्र भट्ट रहे।

अल्मोड़ा में चेकिंग के दौरान पूछताछ करते खाद्य विभाग के अधिकारी।

आस्था रावण वध के साथ रामलीला मंचन का हुआ समापन, अंतिम दिवस मुख्य अतिथि डीएम और एसएसपी ने किया रामलीला का शुभारंभ

धौलछीना में हनुमान-मकरध्वज संवाद का किया शानदार मंचन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : धौलछीना में आयोजित रामलीला का समापन हो गया है। शुक्रवार को रामलीला के दसवें दिवस मेघनाथ वध, सुलोचना सती, अहिरावण रावण संवाद, हनुमान मकरध्वज संवाद, राम रावण युद्ध, रावण वध आदि प्रसंगों का शानदार मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में स्थानीय लोग देर रात तक डटे रहे।

अंतिम दिवस की रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम आलोक कुमार पांडे और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने संयुक्त रूप से श्री राम के चित्र पर दीप जलाकर किया। उन्होंने रामलीला मंचन में कलाकारों की भूमिका की जमकर सराहना की। कहा कि धौलछीना क्षेत्र को पर्यटन से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। रामलीला में अंतिम दिन विभिन्न पात्रों की भूमिका निभा रहे कलाकारों को दर्शकों ने खूब सराहा।

इसके अलावा रावण मंदोदरी संवाद, कुंभकरण व मेघनाथ वध, सुलोचना सती के साथ ही रावण वध के मंचन का प्रदर्शन किया गया।

कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह जीना, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, डॉ. बृजेश डसीला, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, प्रकाश रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरीश बनोला, मंडल अध्यक्ष भाजपा मंगल रावत, राजू बोरा, केवल चम्याल, हितेश मेहरा, सूरज मेहरा, रेनू नेगी, रंजना मेहरा, प्रशांत रावत, दिनेश बोरा, जयदीप बोरा, उमेश मनराल, कुंदन मेहरा आदि लोग मौजूद रहे।

धौलछीना में शुक्रवार को रामलीला मंचन देखने पहुंचे डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

फागपुर की रामलीला में अंगद-रावण संवाद का दृश्य। ● अमृत विचार

फागपुर में हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका

बनबसा : सांस्कृतिक रामलीला कमेटी फागपुर के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में आठवें दिन हनुमान द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने से लेकर राम सेना का लंका चढ़ाई तक की लीला का मंचन हुआ। मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा व्यापारी संजय ठाकुर के दीप प्रज्वलित कर किया। लीला मंचन में कमेटी अध्यक्ष मनोज कालाकोटी, उपाध्यक्ष कैप्टन गोविन्द मेहरा, सूबेदार लक्ष्मण राम, कल्याण राम, हेमन्त प्रसाद, ग्राम प्रधान हर्ष बहादुर चन्द, सुनीता मुरारी रहे।

रिटायर्ड सूबेदार मानी चन्द का निधन, शोक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : नगर से लगे गांव आमबाग के समाजसेवी और अवकाश प्राप्त बंगाल इंजीनियर रेजीमेंट के अवकाश प्राप्त सूबेदार मानी चन्द का निधन हो गया। 81 वर्षीय मानी चन्द कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

वह अपने पीछे तीन पुत्रियां और दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उन्होंने वर्ष 1965 और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार टनकपुर के शारदा नदी किनारे किया गया। उनके बड़े पुत्र बनबसा सीएसडी कैंटीन में सेवारत हवलदार विनोद चन्द और छोटे पुत्र भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक प्रमोद चन्द ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान सूबेदार मानी चन्द को श्रद्धांजलि देते हुए लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। उनके निधन पर पूर्व सैनिक सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन टनकपुर बनबसा के अध्यक्ष कैप्टन भानी चन्द, सूबेदार राजेंद्र चन्द, नरपत सिंह धामी, जनक चन्द, हरीश चिलकोटी, नारायण दत्त चिलकोटी, हरीश राजा, गिरीश जोशी, गोविंद चन्द, रमेश चन्द, प्रकाश भट्ट, हरिओम सेठी, दशरथ चन्द, प्रेम चन्द, दिनेश चन्द आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

सूबेदार मानी चन्द।

एक नजर

मप्र में दो सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत

बड़वानी/छिंदवाड़ा (मप्र)। मध्यप्रदेश के बड़वानी और छिंदवाड़ा जिलों में दो सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बड़वानी में पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छिंदवाड़ा जिले में दो की मौत हो गई। बड़वानी जिले के सेंधवा कस्बे में ट्रक गाय से टकराने के बाद पैदल चल रहे लोगों पर पलट गया, जिससे चार लोग कुचल गए। छिंदवाड़ा में अमरवाड़ा कस्बे के पास तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में दोपहिया वाहन पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

राजस्थान : दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित 3 की मौत

जयपुर। राजस्थान के अनूपगढ़ कस्बे के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा एनएच 911 पर 15ए गांव के बस अड्डे के पास कार व पिकअप वाहन की टक्कर से हुआ। सहायक उपनिरीक्षक ग्यारसी लाल ने बताया कि कार में सवार चालक प्रभु, उसके पिता ओमप्रकाश व एक अन्य रिश्तेदार बलबीर की मौत हो गई। उनके साथ सफर कर रहा किशोर प्रशांत घायल हो गया। वहीं, पिकअप चालक करणी सिंह भी घायल हो गया है।

मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद

इम्फाल। मणिपुर के बिष्णुपुर और इम्फाल पश्चिम में सुरक्षाबलों ने हथियार एवं विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बिष्णुपुर के उयुंगमाखोंग में तलाशी अभियान के दौरान एक मैगजीन के साथ 7.62 एमएम की एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, छह हथगोले, चार ग्रेनेड आर्म रिंग, आंसू गैस के दो गोले, तीन स्टिंगर ग्रेनेड और 2.3 किलो का एकआईईडी बरामद किया गया है। पश्चिम जिले के शांतिपुर माखा लेईकाई में एक सिंगल बैरल बंदूक, 9 एमएम की दो पिस्तौल, दो मैगजीन, एक 7.62 एलएमजी मैगजीन और डेटोनेटर के साथ तीन हथगोले (एस-67) बरामद किए गए हैं।

नक्सलियों के इलाकों में ड्रोन से की गई बमबारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिले की सरहद पर और तेलंगाना सीमा के पास नक्सलियों के इलाकों में ड्रोन से बमबारी हुई है। ग्रामीणों ने शुक्रवार देर रात ड्रोन से बम बारी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की भेजी तस्वीरों के अनुसार सुकमा के सीआरपीएफ बेस कैंप के पास के गांवों में ड्रोन बम के टुकड़े मिले।

भाजपा की दूसरी सूची में 22 नाम शामिल

महाराष्ट्र विस चुनाव : छह मौजूदा विधायकों के नाम शामिल, दो को नहीं दिया गया टिकट

- महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा अब तक 121 उम्मीदवारों के नामों की कर चुकी है घोषणा

मुंबई, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें छह मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं जबकि दो को टिकट नहीं दिया गया है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा अब तक 121 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है।

दूसरी सूची के अनुसार पार्टी ने वाशिम और गढ़चिरौली के मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया है जबकि अकोट, नासिक सेंट्रल, पेन, खड़कवासला, पुणे छावनी और उल्हासनगर के छह मौजूदा विधानसभा सदस्यों को इस बार भी उम्मीदवार बनाया गया है। विधान परिषद के दो सदस्यों गोपीचंद पाडलकर और रमेश कराड को भी टिकट दिया गया है। पाडलकर को जाट जबकि कराड को लातूर ग्रामीण से टिकट दिया गया है। यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई श्री कराड और श्री देशमुख के बीच देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

महायुति के सहयोगी 8 सीटों पर कर रहे बात : बावनकुले

मुंबई। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि अगले महीने होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए महायुति के तीन घटक दलों के बीच सात से आठ सीटों पर बातचीत अब भी जारी है। महायुति के तीन सहयोगियों में से दो भाजपा और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने अलग-अलग अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जबकि तीसरे सहयोगी, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने अब तक उम्मीदवारों की दो सूची जारी की हैं। उन्होंने कहा कि सात से आठ सीटों पर अब भी चर्चा चल रही है। हम एक परिवार की तरह लड़ रहे हैं - बड़े भाई और छोटे भाई सहित सभी को साथ लेकर। भाजपा की दूसरी सूची कल जारी की जाएगी और हम एक संयुक्त घोषणापत्र भी जारी करेंगे। बावनकुले ने विपक्षी महा विकास आघाडी के कथित फॉर्मूले का मज़ाक उड़ाया, जिसमें तीनों सहयोगी 90-90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि हमने सुना है कि राहुल गांधी ने सीट बंटवारे की बातचीत को ठीक से न संभालने से राज्य के नेताओं को निकाल दिया। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन के विपरीत एमवीए के पास कोई विकास एजेंडा नहीं है।

कांग्रेस ने जारी की 23 प्रत्याशियों की सूची

- कांग्रेस की सीईसी की बैठक के एक दिन बाद जारी किए गए नाम
- जालना विधायक व सुनील केदार की पत्नी अनुजा के नाम प्रमुख

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें जालना से मौजूदा विधायक कैलाश गोरंट्याल और पार्टी नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा के नाम प्रमुख हैं। कांग्रेस ने पहली सूची में 48 नामों की घोषणा के साथ कांग्रेस 71 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

कांग्रेस नेता सुनील केदार को नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक घोटाले में दोषी ठहराने के बाद चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर देने पर उनकी पत्नी अनुजा नागपुर की सावनेर से चुनाव लड़ेंगी। विपक्षी दल ने जालना से विधायक कैलाश गोरंट्याल को बरकरार रखा है। वरिष्ठ नेता और विस के पूर्व उपाध्यक्ष वसंत पुरके को रालेगांव से फिर उतारा गया है। मुंबई में कांदिवली पूर्व सीट से कालू बधेलिया, सायन कोलीवाड़ा से गणेश यादव, चारकोप से यशवंत सिंह मैदान में हैं। कैम्पटी में सुरेश भोयर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले से मुकाबला करेंगे, वर्धा में पार्टी ने पूर्व विस अध्यक्ष दिवंगत प्रमोद शेंडे के बेटे शेखर शेंडे को उतारा है। वसई से विजय गोविंद पाटिल और श्रीरामपुर से हेमंत ओगले उम्मीदवार है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के एक दिन बाद उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई।

एमवीए को सबका साथ सबका विकास की जरूरत

मुंबई। एमवीए में कुछ सीट को लेकर गतिरोध जारी रहने के बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि यदि किसी को सबका साथ, सबका विकास की जरूरत है तो वह विपक्षी गठबंधन है। राउत ने कुछ दलों के कुछ सीट पर उम्मीदवार घोषित करने पर नाराजगी जताई।

आप नहीं लड़ेगी चुनाव केजरीवाल करेंगे प्रचार

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी और उनके नेता अरविंद केजरीवाल महाविकास आघाडी (एमवीए) के लिए प्रचार करेंगे। राज्यसभा सदस्य सिंह ने एक्स पर कहा, महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एमवीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ेगी। शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केजरीवाल के महाराष्ट्र में प्रचार करने के संबंध में पार्टी से संपर्क किया है।

केजरीवाल की हत्या की साजिश रची कुछ हुआ तो भाजपा जिम्मेदार : आप

- आप नेता संजय सिंह ने किया दावा- हमलावर भाजपा की युवा शाखा के, भाजपा नेता हमलावरों का कर रहे समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

आप ने शनिवार को अपने संयोजक अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर उन्हें कुछ भी हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। आप नेताओं ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि घटना में पुलिस की मिलीभगत साफ तौर पर केजरीवाल की हत्या की गहरी साजिश को दर्शाती है। भाजपा उनकी जान की दुश्मन बन गई है। सिंह के आरोपों पर पुलिस या भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। सिंह ने कहा कि अगर पुलिस निष्पक्ष होती और उसके अधिकारी हमलावरों को रोकने के लिए कुछ करते। उन्होंने दावा किया कि हमलावर भाजपा की युवा शाखा के थे। भाजपा नेता हमलावरों का समर्थन कर रहे हैं।

गुरुग्राम : घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

गुरुग्राम (हरियाणा)। गुरुग्राम में एक घर में आग लगने से 17 वर्षीय किशोर समेत परिवार के चार लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना के समय वे घर में सो रहे थे। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के मूल निवासी मुश्ताक, नूर आलम, साहिल और अमन के रूप में हुई है। ये सभी सेक्टर-10 स्थित सरस्वती एन्क्लेव कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को आधी रात के करीब 12:15 बजे हुई।

जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली यात्रा जन सेनानी के रूप में नहीं : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि वायनाड से निर्वाचित होने पर एक जन प्रतिनिधि के रूप में उनकी यह पहली यात्रा जरूर होगी, लेकिन जन सेनानी के तौर पर नहीं क्योंकि लोकतंत्र, न्याय और संविधान में निहित मूल्यों के लिए लड़ना उनके जीवन की बुनियाद रही है। प्रियंका ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर गत 23 अक्टूबर को वायनाड से नामांकन किया था। उन्होंने शनिवार को वायनाड के लोगों को लिखे खुले पत्र में कहा कि वह उनके साथ मिलकर काम करेंगी और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेंगी।

प्रियंका के हलफनामे में संपत्ति का पूरा विवरण न देने का आरोप

नई दिल्ली। भाजपा ने प्रियंका गांधी पर वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ने के लिए हलफनामे में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्तियों की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि प्रियंका गांधी सुप्रीम कोर्ट निर्देश का उल्लंघन कर रही हैं, जिसमें उम्मीदवारों को अपनी, जीवनसाथी की संपत्ति का पूर्ण विवरण देने को कहा गया है।

मप्र के स्कूलों की खराब स्थिति पर एनजीओ की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों की स्थिति पर एनजीओ की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीओ सोशल ज्यूरिस्ट से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र है। याचिका को स्वतंत्रता प्रदान करते हुए रद्द किया जाता है।

कोल्डप्ले, दिलजीत के कॉन्सर्ट की टिकट बिक्री के घोटाले में केस दर्ज

- ईडी ने दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान कर्नाटक और पंजाब में 13 स्थानों की धी छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले और गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट के टिकटों की कालाबाजारी संबंधी धन शोधन मामले की जांच में छापेमारी के बाद कथित अनियमितताओं का पता लगाया है। निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने धन शोधन के तहत मामला दर्ज करने के बाद पांच राज्यों - दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), राजस्थान (जयपुर), कर्नाटक (बेंगलुरु) और पंजाब (चंडीगढ़) में 13 स्थानों पर छापे मारे। दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट राष्ट्रीय राजधानी के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में 26-27 अक्टूबर को होना है, जबकि कोल्डप्ले' का कॉन्सर्ट म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर जनवरी 2025 में नवी मुंबई में होगा।

ओडिशा: मंदिर से लौट रही महिला से सामूहिक दुष्कर्म में तीन लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के नयागढ़ जिले में 21 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना 20 को हुई जब महिला और उसका मंगेतर फतेगढ़ राम मंदिर से लौट रहे थे। 24 अक्टूबर को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पुरुषों के समूह ने पिथाखई जंगल के पास उन्हें रोका और उन्हें जंगल में लेकर गए। वहां उन्होंने उसके मंगेतर को चाकू के बल पर बंधक बनाया और महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने घटना की वीडियो बनायी और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। पुलिस ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध इकाई की महानिरीक्षक एस. शाइनी मामले पर नजर रख रही हैं।

आदिवासी समुदाय के बिना विकास संभव नहीं : मुर्मु

भिलाई, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आदिवासी समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की सीख लेने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि आदिवासी भाई-बहनों की सक्रिय भागीदारी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-भिलाई) के तीसरे और चौथे संयुक्त दीक्षांत समारोह में उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से आदिवासी समुदाय के मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष कृष्णमूर्ति वेंकटरमन और आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश मौजूद थे।

- आईआईटी-भिलाई के तीसरे और चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने रखे विचार

राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है। जनजातीय समाज के लोग सदियों से पर्यावरण के साथ समन्वय बनाकर जीवन-यापन कर रहे हैं। आदिवासी भाई-बहन, प्राकृतिक जीवन-शैली से संचित किए हुए ज्ञान का भंडार हैं। इनको समझकर और उनकी जीवन-शैली से सीख लेकर, हम भारत के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश का संपूर्ण विकास तभी संभव है जब हमारे जनजातीय भाई-बहनों की उसमें सक्रिय भागीदारी हो। आईआईटी भिलाई आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में विशेष प्रयास कर रहा है।

कारोबार/कृषि

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन- तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2265, रविन्द्रा 2355, फॉर्चुन ली. 2085, जय जवान 1990, सचिन 2060, सूरज 2015, अवसर 2085, राग गोल्ड 2200, गृहणी ली 2065, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2230, ब्लू 2235, आशीर्वाद मस्टर्ड 2235, स्वास्तिक 2430 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायन 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल- (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5 किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11200, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी- डालमियां 4090, पीलीभीत 4070, नवाबगंज 4060, बहेड़ी 4070 ।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	81000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	80000
सिल्वर (पक्की)	980 (अनुमानित)

वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना: वित्तमंत्री

सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के ग्लोबल थिंक टैंक को किया संबोधित

- केंद्रीय मंत्री ने चेताया- अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रही

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कई साल से मुश्किल दौर का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था में साफ्ट लैंडिंग का तात्पर्य आर्थिक विकास के दौरान आने वाली ऐसी एक चक्रीय मंदी है जो पूर्ण मंदी की स्थिति आए बिना समाप्त हो जाती है।

वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों और बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने से अच्छे दिन आने वाले हैं, लेकिन उन्होंने चेताया कि अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रहीं हैं। सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के ग्लोबल थिंक टैंक से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में दो दिवसीय वार्ता के दौरान यही संभावना नजर आई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग होगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, केंद्रीय बैंकों और सभी संस्थानों एवं सरकारों के प्रयासों ने मुद्रास्फीति को कम बनाए रखा है इसलिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ रही है। वहीं सीतारमण ने विश्व बैंक को व्यापक भागीदारी को बढ़ाने, मध्यम आय वाले देशों को उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करने और विकास प्रभाव को गहरा करने के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल के साथ अधिक किफायती बनाने की मांग की है।

आईएमएफ सहित प्रमुख संस्थाओं में सुधार की जरूरत

सीतारमण ने 80 वर्षों में बहुपक्षीय संस्था के रूप में आईएमएफ के विकास पर कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की जरुरत है। सीतारमण ने बैठक के दौरान आईएफएफ में एमडी के वैश्विक नीति एजेंडा पर आईएमएफसी प्लेनरी सत्र में भाग लिया और गुटो में बटे विश्व के लिए एक सेतु का काम करने के लिए आईएमएफ की सराहना की।

डेब्ट फंड्स : आपके पोर्टफोलियो का मजबूत साथी

डेब्ट फंड्स म्यूचुअल फंड की प्रमुख श्रेणी हैं, जो मुख्यत: ऋण उपकरणों में निवेश करती हैं। ये सरकारी बॉण्ड, कॉर्पोरेट बॉण्ड और अन्य वित्तीय साधनों का समावेश करते हैं, जिससे निवेशकों को स्थिर आय का लाभ मिलता है। इन फंड्स में निवेश करना आसान है और ये आमतौर पर शेयर बाजार की तुलना में कम जोखिम प्रदान करते हैं। हालांकि, ब्याज दर और क्रेडिट जोखिम का ध्यान रखना जरूरी है। डेब्ट फंड्स वित्तीय स्थिरता की तलाश करने वालों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं। आईए इसके बारे में जानें...

डेब्ट फंड्स क्या है?

डेब्ट फंड्स, जिसे ऋण फंड भी कहा जाता है, म्यूचुअल फंड की श्रेणी है जो मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरणों में निवेश करती है। इनमें सरकारी व कॉर्पोरेट बॉण्ड, डिपॉजिट और अन्य ऋण साधन हैं। ये फंड बाजार के ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते हैं और आमतौर पर स्थिर आय प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

निवेश कैसे करें?

- **निवेश प्लेटफॉर्म चुनें :** आप म्यूचुअल फंड कंपनी की वेबसाइट, बैंक या वित्तीय सलाहकार के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।
- **फंड का चयन करें :** विभिन्न डेब्ट फंड्स की तुलना करें, उनकी परफॉर्मेंस, प्रबंधन शुल्क और जोखिम प्रोफ़ाइल देखें।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** सभी आवश्यक दस्तावेज़ (जैसे पहचान पत्र, पते का प्रमाण) को तैयार करें और केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें।
- **निवेश राशि निर्धारित करें :** आपको तय करना होगा कि आप कितना निवेश करना चाहते हैं, एकमुश्त या एसआईपी से।
- **फंड में निवेश करें :** आवश्यक विवरण भरकर अपने निवेश को अंतिम रूप दें और राशि जमा करें

निवेशकों को लाभ

- **स्थिर आय :** डेब्ट फंड नियमित आय का स्रोत प्रदान करते हैं।
- **कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में जोखिम कम होता है।
- **लिक्विडिटी :** आप संपत्ति को अपेक्षाकृत जल्दी नकद में बदल सकते हैं।
- **टैक्स लाभ :** कुछ डेब्ट फंड, विशेषकर दीर्घकालिक निवेश के लिए, टैक्स लाभ भी देते हैं।

जोखिम

- **ब्याज दर :** ब्याज दरों में वृद्धि होने पर इस फंड की वैल्यू गिर सकती है।
- **क्रेडिट :** यदि निवेशित कंपनी या सरकार भुगतान में असफल होती है तो नुकसान हो सकता है।
- **तरलता :** कुछ डेब्ट फंडों में निकासी की प्रक्रिया में काफ समय लग सकता है, जिससे आपको नुकसान हो सकता है।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, आपको अपनी वित्तीय स्थिति और निवेश के लक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। साथ ही आपको निवेश को जोखिम को भी ध्यान में रखकर निवेश करना चाहिए।

आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 18.5% बढ़कर 12,948 करोड़ पर

मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.8% की वृद्धि के साथ सितंबर में 12,948 करोड़ रुपये हो गया, जो गत वर्ष की समान तिमाही में 10,896 करोड़ थी। बैंक का एकल आधार पर मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 14.5% की वृद्धि के साथ 11,746 करोड़ रहा है। बीते वित्त वर्ष बैंक का लाभ 10,261 करोड़ था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर तिमाही में बढ़कर 47,714 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वर्ष में 40,697 करोड़ थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 40,537 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 34,920 करोड़ थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 9.5% बढ़कर 20,048 करोड़ हो गई, जो गत वर्ष 18,308 करोड़ थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां सितंबर के अंत तक घटकर सकल कर्ज का 1.97% रह गई।

अफ्रीका में व्यापार वित्तपोषण को पूरा कर रहे एसबीआई, एक्जिम

जोहान्सबर्ग। भारतीय स्टेट बैंक और इंडिया एक्जिम बैंक अफ्रीकी देशों में व्यापार वित्तपोषण में कमी को पूरा करने में व्यवसायों की मदद कर रहे हैं। दोनों संगठनों के दक्षिण अफ्रीकी प्रमुखों ने भारत उद्यमी मंच (आईईएफ) को यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि हमने भारत के साथ व्यापार या किसी अन्य तरह का व्यवसाय करने वाली सभी कंपनियों को उनकी क्षमता निर्माण में सहायता करने के लिए ऐसा किया।

कॉर्पोरेट्स आयकर रिटर्न 15 नवंबर तक कर सकेंगे दाखिल

- सीबीडीटी ने 15 दिन बढ़ाई समयसीमा, गत वर्ष बढ़ाकर की थी 31 अक्टूबर

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने शनिवार को मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परिपत्र में कहा कि पिछले 31 अक्टूबर की समयसीमा बढ़ाई जाएगी। 2024-25 (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नयी समयसीमा अब 15 नवंबर है। नांगिया एंडरसन एलएलपी टैक्स पार्टनर के संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि कर रिटर्न दाखिल करने की यह विस्तारित समयसीमा ऑडिट रिपोर्ट पर लागू नहीं होगी। इससे पहले सितंबर में, सीबीडीटी ने कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम समयसीमा सात दिन तक बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी।

क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम

वाशिंगटन, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- इससे ऐसी स्थिति पैदा होगी, जिससे केंद्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए जोखिम है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा।

दास ने कहा कि मेरा मानना है कि यह ऐसी चीज है, जिसे वित्तीय प्रणाली पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसमें वित्तीय स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। इसमें मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। उन्होंने प्रमुख थिंक-टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में कहा कि यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा। दास ने कहा कि यदि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा है, तो प्रणाली में उपलब्ध नकदी की जांच कैसे होगी। उन्होंने कहा कि संकट के समय मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित कर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है। इसलिए, हम क्रिप्टो को जोखिम के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस पर अंतर्राष्ट्रीय समझ बननी चाहिए, क्योंकि इसका सीमापार लेनदेन होता है। गवर्नर ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े जोखिमों के बारे में सचेत रहना चाहिए। मुझे लगता है कि इसे प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। यह राय बहुत लोकप्रिय नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में यह दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। दास ने कहा कि सरकारें क्रिप्टोकरेंसी के संभावित जोखिमों पर जागरूक हो रही हैं।

अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफिकेशन से एक जीत दूर भारत, थाईलैंड से सामना

चोनबरी (थाईलैंड), एजेंसी

- दो मैचों में लगातार दो जीत हासिल कर चुकी है भारतीय टीम अहम होगा ये मुकाबला

भारत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से एक कदम दूर है और उसे रविवार को यहां ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में मेजबान थाईलैंड पर बस जीत की दरकार है। दो मैच में दो जीत से इश्फाक अहमद की कोचिंग वाली भारतीय टीम अभी अंकों में थाईलैंड की बराबरी पर है लेकिन गोल अंतर से उससे पिछड़ रही है।

इससे उसे रविवार को मुकाबले में किसी भी हालत में जीत दर्ज करनी होगी ताकि वह शीर्ष स्थान हासिल कर टूर्नामेंट के लिए स्वतः क्वालीफाई कर ले। शुक्रवार को तुर्कमेनिस्तान पर 1-0 की जीत से भारत ने अपनी उम्मीद जीवंत रखी। इस मैच में उसके लिए निंगथोखोंगजाम ऋषि सिंह ने गोल दागा पर थाईलैंड ने ब्रुनेई दारूस्सलाम पर 19-0 की जीत से शानदार गोल अंतर से ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत ने इससे पहले ब्रुनेई को 13-0 से हराया था जबकि थाईलैंड ने तुर्कमेनिस्तान पर 2-0 की जीत से अपना अभियान शुरू किया था। थाईलैंड अगर इस मैच को ड्रॉ कराने में सफल रहता है तो वह ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करके क्वालीफाई कर लेगा जबकि भारत जीत से ही सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर सकता है, लेकिन भारत को सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर काबिज पांच टीम में रहने की स्थिति से भी प्रवेश करने का मौका मिल सकता है।

सीनियर महिला टी-20 प्रतियोगिता

रेलवे का अजेय क्रम बरकरार केरल और हिमाचल प्रदेश भी जीता

लखनऊ, अमृत विचार : सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप डी मुकाबलों में शनिवार को हिमाचल प्रदेश, अजेय रेलवे और केरल ने अपने मुकाबले जीत कर हुए पूरे अंक बटोरे। रेलवे ने चंडीगढ़ को 58 रन, हिमाचल प्रदेश ने त्रिपुरा को चार विकेट और केरल ने हरियाणा को 20 रन से हराया।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में फ्लड लाइट में खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम ने दो विकेट खोकर 103 रन बनाए। टीम की शुरुआत बेहद धीमी रही। ऐसे में टीम सौ रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज एम देबरथ ने 51 गेंदों पर तीन चौकों की सहायता से नाबाद 38 रन की पारी खेली। आर साहा ने 33 रन बनाये। जवाब में हिमाचल प्रदेश ने आसानी से निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया। मोनिका देवी ने 36 और हरलीन देओल ने 20 रन बनाए। त्रिपुरा की ओर से प्रियंका और रेशमा को दो-दो विकेट मिले।

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता कांस्य

सुल्तान जोहोर कप

जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी

गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई।

पेनल्टी शूटआउट में गोल दागने के बाद जश्न मनाता भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मनमीत ने 20वें मिनट में अनमोल एक्का और मुकेश के शानदार स्टिकवर्क की मदद से मैदानी गोल किया। इसके बाद भारत ने लगातार हमले किए लेकिन वह अपनी बढ़त और मजबूत नहीं कर पाया। तीसरे क्वार्टर में किसी भी टीम में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर में दो महत्वपूर्ण गोल करके वापसी की, जिससे भारत की कांस्य जीतने की उम्मीदें अधर में लटक गईं। खेल के 51वें मिनट में ब्राउन ने ब्रैडली रोथवेल के क्रॉस पर बड़ी खूबसूरती से मैदानी गोल किया। इसके छह मिनट बाद एल्म्स ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। एल्म्स ने भारत के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी।

खेल डायरी

डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं मनिका

नई दिल्ली। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रोमानिया की 14वीं रैंकिंग वाली बर्नाडेट एस को हराकर फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने 29 मिनट में 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से जीत दर्ज की। उन्होंने पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अब बत्रा का सामना चीन की कियान तियांयी से होगा। कियान ने अपनी

हमवतन वांग यिडि को 11-7, 11-9, 13-11 से हराया। भारत की श्रीजा अकुला को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज ने पहले दौर में हरा दिया था।

इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक में संयुक्त दूसरे स्थान पर रेहान

बैंकॉक। भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने दूसरे दौर (63) के बाद तीसरे दौर में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां छह अंडर 64 का कार्ड खेला और इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक गोल्फ टूर्नामेंट में खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा। संयुक्त अरब अमीरात में बसे इस भारतीय खिलाड़ी का तीन दौर के बाद कुल स्कोर 14 अंडर है और वह पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। थॉमस इस टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों में से एक थे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर (65-66-68) 11 अंडर के साथ संयुक्त 17वें जबकि करणदीप कोचर (66-69-65) 10 अंडर के साथ संयुक्त 24वें स्थान पर हैं। अमेरिका के पीटर उइहलेन (64-62-67) ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

जेनेसिस चैंपियनशिप में 51वें स्थान पर खिसके शुभंकर

इंचियोन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने डीपी विश्व टूर पर जेनेसिस चैंपियनशिप के तीसरे दौर में चार ओवर 76 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 51वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर (71, 68, 76) दूसरे दौर जैसा मजबूत कार्ड नहीं खेल सके जिसने उन्हें कट में जगह बनाने में मदद की थी। वह तीन दौर में एक अंडर पर बने हुए हैं। बेयोंग हुन एन ने चुनौतीपूर्ण दिन से उबरते हुए एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर पार से दक्षिण कोरिया के साथी टॉम किम के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया ओपन पूर्व चैंपियन केनिन फाइनल में

तोक्यो। पूर्व ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने नौवी वरीयता प्राप्त केटी बूल्टर को 6-4, 6-4 से हराकर पेन पेसीफिक ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ओपन 2020 चैंपियन और फ्रेंच ओपन उपविजेता केनिन ने ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दूसरे सेट के सातवें गेम में तोड़ी और अपनी सर्विस बरकरार रखकर मैच जीत लिया। अब उनका सामना पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन और डायना स्नाइडेर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

महाराष्ट्र ने लहरों पर दिखाया दम, बना ओवऑल चैंपियन

गोरखपुर। महाराष्ट्र के युवा चप्पू चालकों ने शनिवार को 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप-2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बालक वर्ग में महाराष्ट्र और बालिका वर्ग में पंजाब की टीम चैंपियन बने। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेता टीमों को ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को पदक पहनाकर भी पुरस्कृत किया। उन्होंने बालिका डबल स्कल्स और बालक कॉक्सलेस फोर के फाइनल को भी देखा। फाइनल में बालक अंडर-13 डबल स्कल में हरियाणा के अंशु व अक्षय की जोड़ी ने 01:46.2 के समय के साथ स्वर्ण जीता। उनसे पिछड़े आरएफआईडी के जतिन कुमार व अनुराग ने 01:48.3 के समय के साथ रजत पदक जीता। ओडिशा के यश बेदवाल व विजय को 1:50.2 के समय के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा। बालक कॉक्सलेस पेयर्स में महाराष्ट्र के लवीश व हर्ष विजेता बने।

दूसरे टेस्ट का तीसरा दिन: 18 टेस्ट श्रृंखलाओं में भारत को मिली पहली हार, सेंटनेर के आगे नहीं टिके भारतीय बल्लेबाज

69 साल में पहली बार जीता न्यूजीलैंड

यशस्वी जायसवाल

77 रन

65 गेंद

9/3 चौके छक्के

पुणे, एजेंसी

भारत को 12 साल में घरेलू टेस्ट श्रृंखला में पहली पराजय झेलनी पड़ी जब मिचेल सेंटनेर की बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने उसे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 113 रन से हराया और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भी शीर्ष स्थान से हटाने का खतरा पैदा कर दिया।

भारत की लगातार 18 टेस्ट श्रृंखलाओं में यह पहली हार थी। न्यूजीलैंड ने करीब 70 साल में पहली बार भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती है। न्यूजीलैंड टीम 1955 से यहां दौरा कर रही है लेकिन इतने साल में भारत के किले में सेंध नहीं लगा सकी। स्पिन को खेलने में महारथी माने जाने वाले भारतीय बल्लेबाज सेंटनेर का सामना नहीं कर पाये जिन्होंने 13 विकेट लिए। जीत के लिए 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 245 रन पर आउट हो गई। यशस्वी ने 77 और रविंद्र जडेजा ने 42 रन बनाए लेकिन उनके अलावा कोई कीवी गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सका। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम की 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद यह श्रृंखला की पहली हार है। कीवी टीम ने भारत का अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखला जीतने का सिलसिला तोड़ा। भारत ने इस शताब्दी में अपनी धरती पर टेस्ट श्रृंखला में यह चौथी हार है।

1955 से न्यूजीलैंड कर रही है भारत का दौरा पर नहीं जीत सकी थी श्रृंखला

2012 में इंग्लैंड ने भारत को घर में हराई थी सीरीज

तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी में विराट कोहली का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

यशस्वी 1000 रन के विशिष्ट क्लब में

पुणे। यशस्वी जयसवाल एक कैलेंडर वर्ष के भीतर घरेलू टेस्ट मैचों में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले नए बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में यशस्वी ने यह उपलब्धि हासिल की है। युवा भारतीय बल्लेबाज ने क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ियों के क्लब में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। जायसवाल ने 2024 के लिए घरेलू टेस्ट में कुल एक हजार रन बनाए हैं। इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट में एक हजार से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में गुंडप्पा विश्वनाथ, सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं।

किसी की क्षमता पर संदेह नहीं : रोहित

पुणे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में हार के बाद अपने बल्लेबाजों को दोष देना उचित नहीं समझा लेकिन उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि किसी मजबूत प्रतिद्वंदी के खिलाफ उन्हें अपनी रणनीति पर भरोसा करना होगा। रोहित ने कहा मुझे किसी की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। मैं इसका किसी तरह से पोस्टमार्टम नहीं करूंगा लेकिन बल्लेबाजों को अपनी रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा और उस पर भरोसा रखना होगा जैसे कि न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने किया। यह निराशाजनक है। हमने ऐसी उम्मीद नहीं की थी।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड (पहली पारी) 259 रन

भारत (पहली पारी) 156 रन

न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 255/10 (69.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
टॉम लाथम पगबाधा बो सुंदर	86	133	10/0
डेवोन कोंवे पगबाधा बो सुंदर	17	25	2/0
विल यंग पगबाधा बो अश्विन	23	28	2/0
रचिन रविंद्र बो सुंदर	9	13	1/0
डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सुंदर	18	23	2/0
टॉम ब्लंडेल बो जडेजा	41	83	3/0
ग्लेन फिलिप्स नाबाद	48	82	4/2
मिचेल सेंटनेर का बुमराह बो जडेजा	4	16	0/0
टिम साउदी का शर्मा बो अश्विन	0	3	0/0
ऐजाज पटेल का सुंदर बो जडेजा	1	12	0/0
विलियम ओ रोउर्के रन आउट	0	3	0/0

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अश्विन 25-2-97-2, सुंदर 19-0-56-4, जडेजा 19.4-3-72-3, बुमराह 6-1-25-0

भारत (दूसरी पारी) 245/10 (60.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का मिचेल बो सेंटनेर	77	65	9/3
रोहित शर्मा का यंग बो सेंटनेर	8	16	1/0
शुभमन गिल का मिचेल बो सेंटनेर	23	31	4/0
विराट कोहली पगबाधा बो सेंटनेर	17	40	2/0
ऋषभ पंत रन आउट	0	3	0/0
वॉशिंगटन सुंदर का यंग बो फिलिप्स	21	47	2/0
सरफराज खान बो सेंटनेर	9	15	1/0
रविंद्र जडेजा का साउदी बो पटेल	42	84	2/0
अश्विन का मिचेल बो सेंटनेर	18	34	2/0
आकाश दीप का रविंद्र बो पटेल	1	24	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	10	4	1/1

अतिरिक्त : 19, गेंदबाजी : साउदी 2-0-15-0, ओ रोउर्के 1-0-5-0, सेंटनेर 29-2-104-6, पटेल 12.2-0.43-2, फिलिप्स 16.0-60.1

भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर बरकरार, पाकिस्तान सातवें स्थान पर

दुबई, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ हारने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भारत के अंक प्रतिशत में आई गिरावट

भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है लेकिन शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली 113 रन से हार के बाद उसके अंक प्रतिशत (पीसीटी) में गिरावट आई है।

भारत को 12 साल में पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में यह भारत की चौथी हार है जिससे उसका पीसीटी 68.06 से गिरकर 62.82 हो गया। इसके परिणामस्वरूप रोहित शर्मा की टीम अब दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया (62.50) से सिर्फ 0.32 अंक आगे है। इससे ऑस्ट्रेलिया के अलावा श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमों को अगले साल डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत ने न्यूजीलैंड को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। श्रीलंका तीसरे स्थान पर है जबकि रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट की जीत ने पाकिस्तान को सातवें स्थान पर पहुंचने में मदद की है।

अली-खान की फिरकी ने जिताई श्रृंखला

रावलपिंडी, एजेंसी

स्पिनर नोमान अली और साजिद खान ने शनिवार को यहां इंग्लैंड की दूसरी पारी तीन दिन के अंदर समेटकर तीसरे और अंतिम टेस्ट में नौ विकेट की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। बायें हाथ के 38 वर्षीय स्पिनर अली और 31 वर्षीय ऑफ स्पिनर खान ने मिलकर पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में मिलकर 20 विकेट झटके थे और तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी।

शनिवार को फिर दोनों ने कमाल किया। दोनों ने मिलकर 19 विकेट झटके और इंग्लैंड की दूसरी पारी तीसरे दिन 112 रन पर सिमट गई। यह इंग्लैंड का पाकिस्तान में सबसे कम पारी का स्कोर रहा। इससे पहले 1987 में लाहौर में इंग्लैंड की टीम 130 रन पर सिमटी थी। पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर 77 रन की बढ़त हासिल की थी, उसे जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य मिला जो उसने लंच से पहले एक विकेट पर 37 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह 2021 के बाद पाकिस्तान ने पहली घरेलू श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने 2021 में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया था। कप्तान शान मसूद (नाबाद 23 रन) ने शोएब बशीर पर लांग ऑफ में छक्का जड़कर जीत सुनिश्चित की। लीच ने पाकिस्तान का एकमात्र विकेट सईम अयूब के रूप में झटका। इस जीत से घरेलू टीम ने दो साल पहले बेन स्टोक्स की अगुआई में दौरा करने वाली इंग्लैंड से मिली 0-3 की हार का बदला चुकता किया। इंग्लैंड की टीम दूसरी बार पाकिस्तान के दोनों स्पिनरों के सामने पस्त कर हो गई।

- तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया, 2-1 से कब्जाई ट्रॉफी

« विजयी शाट लाकर जश्न मनाते शान मसूद

बॉलीवुड हलचल

जिंदगी के हर अहम मोड़ पर साथ रहा डिओर : सोनम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर का कहना है कि जिंदगी के हर अहम मोड़ पर डिओर हमेशा उनके साथ रहा है। प्रतिष्ठित फ्रांसीसी लक्जरी ब्रांड डिओर ने सोनम कपूर को अपने एम्बेसडर के रूप में घोषित किया, जिससे वह इस ब्रांड की पहली दक्षिण एशियाई वैश्विक एम्बेसडर बन गईं। इस घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर सोनम कपूर की 2010 में प्रदर्शित फिल्म आयशा की तस्वीरों की भरमार है, जिसमें वह डिओर के हैंडबैग के साथ शॉपिंग करती नजर आ रही हैं। सोनम ने कहा, डिओर और मैं हमेशा से साथ आने के लिए बने थे, और मुझे लगता है कि आयशा हमारी साझेदारी की शुरुआत के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। मैंने जब फैशन को गंभीरता से देखना शुरू किया, तभी से मैं डिओर की बड़ी प्रशंसक रही हूं।

50 वर्ष की हुईं मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन

मुबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री रवीना टंडन आज 50 वर्ष की हो गईं। रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1974 को मुंबई में हुआ। पिता रवि और मां वीणा टंडन के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना टंडन रखा गया। रवीना को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जाने-माने फिल्म निर्माता थे। रवीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के जमनाबाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के मशहूर मिठ्ठीभाई कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक शांतनु शोरी से हुई। उन्होंने रवीना को फिल्मों में काम करने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर रवीना फिल्मों में अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखने लगी। रवीना ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म पत्थर के फूल से की। जी.पी. सिप्पी निर्मित इस फिल्म में नायक की भूमिका सलमान खान ने निभाई थी। यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सफल नहीं हो सकी लेकिन रवीना टंडन के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। इसके साथ ही वह नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1994 रवीना के सिने करियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी मोहरा, लाडला, दिलवाले और अंदाज अपना-अपना जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुईं। लाडला में दमदार अभिनय के लिए रवीना अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म मोहरा रवीना टंडन के करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुई। रवीना पर फिल्माया यह गीत तू चीज बड़ी है मस्त मस्त उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था। इसके बाद रवीना फिल्म इंडस्ट्री में मस्त-मस्त गर्ल के नाम से मशहूर हो गईं। 1995 में प्रदर्शित फिल्म रक्षक रवीना की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई।

भूल भुलैया 3 का गाना आमी जे तोमार 3.0 रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का नया आमी जे तोमार 3.0 रिलीज कर दिया गया है। हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।फिल्म की रिलीज से कुछ ही दिन पहले मेकर्स ने नया गाना आमी जे तोमार 3.0 रिलीज कर दिया है। इस गाने में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन नजर आ रही हैं। दोनों काफी शानदार डांस कर रही हैं। गाने में दोनों अभिनेत्री एक-दूसरे को टक्कर देती नजर आ रही हैं। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है, वहीं श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है। गीत के बोल समीर और अमाल मलिक ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है।

रणजी ट्राफी : एलीट ग्रुप सी

यूपी की गेंदबाजी ने पंजाब को 210 रनों पर समेटा

मुल्लांपुर। शिवम मावी (29 रन पर चार विकेट) के अलावा सौरभ और शिवम की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया।

महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय उत्तर प्रदेश ने बगैर नुकसान के आठ रन बना लिये थे। माधव कौशिक (7) और आर्यन जुयाल एक रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश ने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। गेंदबाजों ने कप्तान आर्यन जुयाल के फैसले को सही ठहराते हुये पंजाब की सलामी जोड़ी को मात्र दस रनों में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि अनमोलप्रीत सिंह (38) और पुखराज मान (61) ने बीच के ओवरों में धैर्यता दिखाते हुये स्कोरबार्ड को आगे बढ़ाया। अनमोल सौरभ कुमार के शिकार बने जबकि अनमोल का विकेट सौरभ के खाते में गया। मध्यक्रम के सनवीर सिंह (50) पंजाब की ओर से अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हालांकि दूसरे छोर पर लगातार विकेटों के पतन से उनकी पंजाब को 300 के ऊपर ले जाने की हसरत पूरी नहीं हुई।

भारतीय महिलाओं की नजरें श्रृंखला जीतने पर

अहमदाबाद, एजेंसी

- न्यूजीलैंड की एमेली केर दूसरे वनडे से बाहर, भारत ने बना रखी है 1-0 की बढ़त

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की नजरें अपने बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर श्रृंखला जीतने पर लगी होंगी। भारत ने पहला मैच 59 रन से जीता लेकिन बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। मेजबान टीम अब इसमें बदलाव करना चाहेगी और कप्तान स्मृति मंधाना को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी।

पिछले मैच में पदार्पण करने वाली तेजल हसाबनिस ने वही किया था। स्मृति पहले मैच में आठ रन पर आउट हो गई थी और उनका खराब फॉर्म पिछले एक महीने से चला आ रहा है। जुलाई में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाए थे। भारतीय टीम की नजरें नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थीं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने उम्दा प्रदर्शन किया जबकि बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव ने विकेट चटकाए। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की श्रृंखला में बराबरी की उम्मीदों को करारा झटका लगा जब करिश्माई हरफनमौला एमेली केर चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गई । केर रविवार को स्वदेश लौट गई और उन्हें उबरने में तीन सप्ताह लगेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

श्रद्धांजलि

सूरत के एक स्कूल में विद्यार्थियों ने दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए रंगोली बनाई।

ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमानों की टक्कर तीन लोगों की मौत

सिडनी। सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को दो हल्के विमान बीच हवा में टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर वन क्षेत्र में गिर गए जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस दल सिडनी से लगभग 55 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में दो मलबा स्थलों पर पहुंचे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के कार्यवाहक अधीक्षक टिमोथी कैलमैन ने पुष्टि की कि दो लोगों को ले जा रहा सेसना 182 विमान एक अत्यंत हल्के विमान से टकरा गया जिसमें एक व्यक्ति सवार था। पीड़ितों के बारे में और जानकारी नहीं दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने आसमान से मलबा आते देखा और मदद करने की कोशिश की लेकिन हताहतों को नहीं बचाया जा सका।

क्रांतिकारी बदलाव से बनेगी विकसित अर्थव्यवस्था

इसरो प्रमुख सोमनाथन ने भारत की प्रौद्योगिकीय उन्नति और उत्पाद विकास के महत्व पर दिया बल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथन ने कहा है कि भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए क्रांतिकारी बदलाव से गुजरना होगा। उन्होंने आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नति और उत्पाद विकास के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में अभिनव कार्य करने के लिए अरबपति कारोबारी एलन मस्क की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मस्क की उपलब्धियों ने इसरो समेत वैश्विक प्रयासों को प्रेरित किया है। सोमनाथन ने शनिवार को दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के 13वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यदि भारत तीसरी, दूसरी या पहली सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, तो क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। विकास केवल व्यापार और संसाधनों से नहीं होगा। हमें प्रौद्योगिकी में मूल्य सृजित करने की आवश्यकता है जो उत्पाद विकास को ताकत प्रदान करे। मस्क के बारे में इसरो प्रमुख ने कहा, एलन मस्क अपने रॉकेट से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यूरोप से लेकर रूस और चीन तक हर कोई देख रहा है कि वह क्या कर रहे हैं। वह एक महान व्यक्ति हैं और शानदार काम कर रहे हैं और हम सभी उनकी उपलब्धियों से प्रेरित हैं। इसरो प्रमुख ने अंतरिक्ष में भारत की हालिया प्रगति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें देश के सफल चंद्र अभियानों का उल्लेख किया गया। उन्होंने हालांकि बताया कि गति बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास और नवाचार आवश्यक हैं।

भौतिकी में विशेषज्ञता के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत

इसरो प्रमुख ने कहा, हम एक ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं जहां हम पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आगे बढ़ने के लिए हमें अपनी प्रौद्योगिकी का निर्माण और सुधार करना होगा। हमें प्रणोदन और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता विकसित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। सोमनाथन ने कहा सरकार ने अंतरिक्ष में निजी निवेश और भागीदारी के महत्व को पहचाना है। इससे विकास की गति में तेजी आएगी, लागत कम होगी और हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। उन्होंने युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को नवाचार करने और ऐसी प्रौद्योगिकियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जो देश को आगे बढ़ा सकें।

एक नजर

नेपाल में भारत की सहायता से निर्मित अस्पताल शुरू

काठमांडू। भारत द्वारा दी गई 2.50 करोड़ रुपये की सहायता से नेपाल के गलयांग सिटी में स्थापित अस्पताल का उद्घाटन किया गया। यह अस्पताल राजधानी काठमांडू से करीब 250 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। स्यांग्जा जिले के गलयांग शहर में निर्मित अस्पताल भवन का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य जिला समन्वयक प्रसाद गौतम और भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव अविनाश कुमार ने किया। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नेपाल भारत विकास सहयोग के तहत 4.013 करोड़ नेपाली रुपये (लगभग 2.5 करोड़ रुपये) की लागत से अस्पताल भवन का निर्माण किया गया है।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में आठ लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस चौकी को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती हमले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के छह कर्मियों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मीर अली तहसील में असलम जांच चौकी पर हुआ।

सूडान में हमला, 50 की मौत, 200 घायल

खार्तूम। मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में शुक्रवार को 50 से अधिक लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। गैर-सरकारी समूहों ने यह जानकारी दी। गीजिरा राज्य की राजधानी वाड मदनी में एक स्वयंसेवी समूह, प्रतिरोध समिति ने कहा, शुक्रवार की सुबह, आरएसएफ मिलिशिया ने अल कामलिन इलाके के अलसेरिहा गांव पर भारी गोलाबारी और बमबारी की। इसमें कहा गया, अलसेरिहा गांव के 53 से अधिक नागरिक मारे गए और 200 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

रूस का यूक्रेन पर ड्रोन हमला, कई लोग हताहत

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी ड्रोन हमले में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि मध्य यूक्रेन में मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई तथा कम से कम 20 लोग घायल हो गए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, शुक्रवार रात शहर के पश्चिम में 25 मंजिला एक रिहायशी इमारत पर ड्रोन गिरा, जिससे 15 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए।

उत्तर गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

यरूशलम। उत्तरी गाजा पट्टी में शुक्रवार को तीन इजराइली सैनिक मारे गए। आईडीएफ ने एक बयान में यह जानकारी दी। इन तीनों में आईडीएफ के बख्तरबंद कोर प्रशिक्षण प्रभाग में टैंक कमांडर कोर्स के एक अधिकारी और दो प्रशिक्षु शामिल है। इजराइल के राज्य के स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ ने बताया कि, बेत लाहिया शहर में कमल अदवान अस्पताल की घेराबंदी के हिस्से के रूप में, एक इजराइली टैंक को चलते समय, स्पष्ट रूप से एक विस्फोटक उपकरण द्वारा नष्ट हो गया।

एलएसी पर काम आई भारत की कूटनीति

जयशंकर ने भारत और चीन के बीच एलएसी गश्त समझौते के लिए सेना की सराहना की

पुणे, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ हुए सफल समझौते का श्रेय सेना को दिया, जिसने बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में और कुशल कूटनीति से काम किया। जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि संबंधों को सामान्य बनाने में अभी भी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि भरोसे को फिर से कायम करने और साथ मिलकर काम करने में स्वाभाविक रूप से समय लगेगा।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस के कजान में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी, तो यह निर्णय लिया गया था कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिलेंगे और देखेंगे कि आगे कैसे बढ़ा जाए। जयशंकर ने कहा, यदि आज हम यहां तक पहुंचे हैं, तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी बात पर अड़े रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया है। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में वहां (एलएसी पर) मौजूद थी और सेना ने अपना काम किया तथा कूटनीति ने भी अपना काम किया।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि एक समस्या यह भी रही कि पहले के वर्षों में सीमा पर बुनियादी ढांचे की वास्तव में उपेक्षा की गई थी। उन्होंने कहा, आज हम एक दशक पहले की तुलना में प्रतिवर्ष पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहे हैं, जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं और सेना को वास्तव में प्रभावी ढंग से तैनात करने में सक्षम बना रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर समझौता हुआ था, जो चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था।

दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था

यह पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। उन्होंने कहा कि सितंबर 2020 से भारत चीन के साथ समाधान निकालने के लिए बातचीत कर रहा था। विदेश मंत्री ने कहा कि इस समाधान के विभिन्न पहलू हैं। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी बात यह है कि सैनिकों को पीछे हटना होगा, क्योंकि वे एक दूसरे के बहुत करीब हैं और कुछ घटित होने की आशंका थी।

एलएसी पर सबसे बड़ा मुद्दा सीमा प्रबंधन

विदेश मंत्री ने कहा कि इसके बाद एक बड़ा मुद्दा यह है कि आप सीमा का प्रबंधन कैसे करते हैं और सीमा समझौते को लेकर बातचीत कैसे करते हैं। अभी जो कुछ भी हो रहा है, वह पहले चरण से संबंधित है, जो कि सैनिकों की वापसी है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन 2020 के बाद कुछ स्थानों पर इस बात पर सहमत हुए कि कैसे सैनिक अपने ठिकानों पर लौटेंगे, लेकिन एक महत्वपूर्ण बात गश्त से संबंधित थी। जयशंकर ने कहा, गश्त पर रोक लगाई जा रही थी और हम पिछले दो वर्षों से इसी पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए 21 अक्टूबर को जो हुआ, वह यह था कि उन विशेष क्षेत्रों डेमचोक और डेपसांग में हम इस समझ पर पहुंचें कि गश्त फिर से उसी तरह शुरू होगी, जैसी पहले हुआ करती थी।

पूर्वी लद्दाख में सुचारू रूप से सैनिकों की वापसी हो रही : चीन

बीजिंग। चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी सुचारू रूप से हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में पत्रकारों को बताया, सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्टूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधान तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नयी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। भारतीय सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए बातचीत अब भी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे।

ईरान में अशांत क्षेत्र में पुलिस काफिले पर हमला 10 अधिकारियों की मौत

दुबई, एजेंसी

- देश के आंतरिक मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिए

ईरान के अशांत दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को पुलिस के काफिले पर हुए हमले में कम से कम 10 पुलिस अधिकारी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हमला ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित गौहर कुह में हुआ। हालांकि, इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

शुरुआती खबरों में केवल यह कहा गया था कि 'उपद्रवी तत्वों' द्वारा हमला किया गया है लेकिन कुछ ही देर बाद, ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि 10 अधिकारी मारे गए हैं। अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान में रहने वाले बलूच लोगों के लिए काम करने वाले समूह 'हालवाश' ने एक ऐसे ट्रक की तस्वीर और वीडियो साझा किया जिस पर ईरानी पुलिस वाहनों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हरी पट्टी लगी हुई है। 'हालवाश' ने कहा कि हमला सुरक्षा बलों के दो वाहनों को निशाना बनाकर किया गया और उनमें सवार सभी लोग मारे गए। ट्रक को केवल गोलियों से नुकसान पहुंचा है, न कि किसी विस्फोटक के इस्तेमाल से। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि देश के आंतरिक मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मारे गए पुलिस कर्मियों की मौत को 'शहादत' करार दिया है।

किसी समूह ने नहीं ली जिम्मेदारी

अधिकारियों ने हमले के लिए किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं की है, न ही किसी समूह ने इसकी जिम्मेदारी ली है। यह हमला शनिवार की सुबह इजराइल द्वारा ईरान में बड़े हमले के बाद हुआ। अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान में फैले बलूच क्षेत्र में गत दो दशक से अधिक समय से बलूच राष्ट्रवादियों द्वारा निम्न स्तर के विद्रोह का सामना कर रहे हैं।

अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा

अमेरिका ने भारत को भरोसे में लेकर की कार्रवाई, कहा-अवैध प्रवेश बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने देश में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को किराये पर लिए गए एक विशेष विमान के जरिये भारत सरकार के सहयोग से उनके देश वापस भेजा। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यह विमान 22 अक्टूबर को भारत भेजा गया था। कार्यवाहक गृह सुरक्षा उप मंत्री क्रिस्टी ए. कैनेगैलो ने कहा जिन भारतीय नागरिकों के पास अमेरिका में रहने का कोई कानूनी आधार नहीं है, उन्हें तुरंत वापस भेजा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अमेरिकी आव्रजन कानूनों को लागू करना जारी रखेगा तथा अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा तथा वैध मार्गों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। इसमें कहा गया है कि डीएचएस ने वित्त वर्ष 2024 में 1,60,000 से अधिक व्यक्तियों को वापस भेजा तथा भारत सहित 145 से अधिक देशों के लिए 495 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रत्यर्पण उड़ानें संचालित कीं। डीएचएस ने पिछले वर्ष दुनिया भर के कई देशों से लोगों को निकाला है जिनमें कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू, मिस्र, मॉरिटानिया, सेनेगल, उज्बेकिस्तान, चीन और भारत शामिल हैं।



सेना खून की हर बूंद का बदला लेगी: सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति तैयार की गयी है और कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लिया जाएगा। सिन्हा ने एसटीसी हुमहामा में 629 बीएसएफ रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति बनाई गई है। सुरक्षा बल कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लेंगे। हाल ही में गंदेरबल में हुए हमले, जिसमें निर्दोष मजदूरों की हत्या की गई और बारामुल्ला में एक और हमला, जिसमें सैनिक मारे गए, अत्यधिक निंदनीय है।

भारत ने संरा सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के राजनीतिक दुष्प्रचार की आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा- भ्रामक सूचनाएं फैलाई गईं

भारत ने महिला, शांति और सुरक्षा (डब्ल्यूपीएस) एजेंडे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक के दौरान पाकिस्तान के शरारती उकसावे और राजनीतिक दुष्प्रचार की आलोचना करते हुए कहा कि देश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने शुक्रवार को यूएनएससी में कहा, यह निंदनीय है, लेकिन पूरी तरह से अनुमान के अनुरूप है कि एक प्रतिनिधिमंडल ने गलत और भ्रामक सूचनाएं फैलाने की अपनी आजमाई हुई रणनीति के आधार पर शरारती उकसावे को हवा देने का विकल्प चुना है। हरीश ने बदलते परिवेश में शांति स्थापित करने वाली महिलाएं विषय पर यूएनएससी में आयोजित खुली बहस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

पाकिस्तान में महिलाओं का हो रहा जबरन धर्म परिवर्तन

हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इन अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित एक हजार महिलाएं हर साल अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन विवाह का शिकार होती हैं। खैर, मैं और भी बातें कर सकता हूं, लेकिन मैं यहीं समाप्त करूंगा। इस दौरान भारत ने महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

अमेरिकी गायिका बियॉन्से ने हैरिस के लिए किया प्रचार

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री एवं गायिका बियॉन्से ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस के लिए शुक्रवार रात को प्रचार करते हुए यहां एक रैली में कहा कि मैं यहां किसी सेलिब्रिटी के तौर पर, किसी नेता के तौर पर नहीं आई हूं, बल्कि मैं यहां एक मां के रूप में आयी हूं।

उन्होंने कहा ऐसी मां, जो अपने बच्चों की दुनिया की बहुत परवाह करती है और हमारे सभी बच्चे ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां हमें अपने शरीर पर नियंत्रण की आजादी है, ऐसी दुनिया, जहां हम विभाजित नहीं हैं। बियॉन्से ने कहा कल्पना कीजिए कि हमारी बेटियां यह देखते हुए बड़े हो रही हैं कि बिना किसी बंधनों के क्या कुछ संभव है। हमें वोट करना चाहिए और हमें आपकी आवश्यकता है। बियॉन्से ने मंच पर हैरिस का परिचय देते हुए कहा देवियो और सज्जनो, कृपया अमेरिका की अगली राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का टेक्सास में जोरदार स्वागत करें। अमेरिकी अभिनेत्री ने इस बार प्रचार करते हुए प्रस्तुति नहीं दी, जबकि 2016 में उन्होंने क्लीवलैंड में हिलेरी क्लिंटन के लिए राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए प्रचार करते हुए प्रस्तुति दी थी।

ज्ञान-विज्ञान

इस सोलर साइकिल का सर्वाधिक बड़ा सन स्पॉट हो सकता है ये

1.5 लाख किमी आकार में फैला सूर्य की सतह पर कलंक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : इस सोलर साइकिल का सबसे बड़ा सन स्पॉट ग्रुप सूर्य की सतह पर उभरने लगा है, जो 1.5 लाख किमी आकार में फैला हुआ है। यह सन स्पॉट ग्रुप भयानक विस्फोट उत्पन्न कर सकता है। विस्फोट से उत्पन्न भूचुम्बकीय तूफान का असर पृथ्वी तक पहुचने की आशंका वैज्ञानिक जता रहे हैं।

नासा के अनुसार यह बड़ा सनस्पॉट सूर्य के दक्षिण-पूर्वी छोर पर एक श्रृंखला के साथ उभरा हुआ है। इस ग्रुप का प्रत्येक सनस्पॉट का आकार पृथ्वी के आकार का लगभग दोगुना है। यह सनस्पॉट संख्या एआर 3869 है। इससे पूर्व 24 अक्टूबर को एक अन्य सन स्पॉट एक्स 3.3 श्रेणी की सौर ज्वाला छोड़ चुका है। माना जा रहा है कि इसके पीछे की ओर से आ रहे विशाल सौर कलंक अत्यधिक खतरनाक हो सकता हैं। जिसका कुछ दिन बाद चलेगा।

वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के सामने की ओर को आ रहा सौर कलंक इस सोलर साइकिल का सबसे बड़ी ज्वाला का स्रोत बन सकता है। इधर एक्स 3.3 सौर ज्वाला से उत्पन्न भूचुम्बकीय तूफान 610 किमी प्रति सेकंड के वेग के साथ आगे बढ़ रहा है। जिसका असर रेडियो ब्लैक आउट के रूप में देखा जा सकता है। साथ ही रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे प्रभाव डाल सकता है। वैज्ञानिको का कहना है कि इस विस्फोट से तेज़ पूरे आभामंडल में सीएमई उत्पन्न हुई है। इस भूचुम्बकीय तूफान का एक हिस्सा धरती की ओर आगे बढ़ रहा है।



सूर्य पर उभरे सन स्पॉट, साथ में नजर आ रही पृथ्वी।

कई रिकार्ड तोड़ सकता है यह सौरचक्र

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन निरंतर सूर्य पर नजर बनाए हुए हैं। उनका कहना है कि सूर्य बेहद सक्रिय हो चला है, जो अधिकतम चरमता की ओर अग्रसर है। अभी कई रिकार्ड तोड़ चुका है और आने वाले दिनों में भी रिकार्ड तोड़े जाने की संभावना बनी हुई है।